बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 10, वर्ष 12, अंक 66, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, शनिवार, 15 अप्रैल, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट पर रहेगा शुभमन गिल का दबदबा



अन्दर : पाठ्य पुस्तकों के 'रेशनेलाईजेशन' के मायने

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# अप्रासंगिक हो चुके 2000 कानून खत्म किए

## गुवाहाटी हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में कहा कि हमारे यहां के कई कानूनी प्रावधान ब्रिटिश काल से चले आ रहे हैं। कई ऐसे कानून हैं, जो अप्रसंगिक हो गए हैं। सरकार के स्तर पर हम इनकी निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। हमने ऐसे दो हजार केंद्रीय कानूनों की पहचान कर उनको खत्म कर दिया है। ऐसे 40 हजार से ज्यादा कंप्लांसिस को भी समाप्त कर दिया है। व्यापार के दौरान आने वाली दिक्कतों को भी दूर किया। सरकार ने केसों को करने में भी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने कहा, टेक्नोलॉजी आज एक पॉवर टूल बनकर उभरी है। सरकार हर क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का हर संभव उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गुवाहाटी हाई कोर्ट ऐसे समय में समय में 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, जब देश की आजादी के भी 75 वर्ष पूरे होना का जश्न मना रहा है। हमारे लिए यह अभी तक के अनुभवों को सहेजना का भी समय है और नये



लक्ष्यों के लिए जवाबदेही और जरूरी बदलावों का भी महत्वपूर्ण पड़ाव है। गुवाहाटी हाई कोर्ट की एक अलग विरासत और अपनी एक पहचान रही है। एक ऐसा हाई कोर्ट जिसका दायरा सबसे बड़ा है। असम के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, मिजोराम और नगालैंड यानी तीन अन्य राज्यों की भी सेवा करते हैं। 2013 तक तो सात राज्यों पूर्वोत्तर के साथ राज्य आते थे। इसलिए इन 75 वर्षों के उत्सव में पूरे

### बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती है। हमारे संविधान के निर्माण में बाबा साहेब की मुख्य भूमिका रही है। संविधान में समाए समानता और समरसता के मूल्य ही आधुनिक भारत की नींव है। मैं इस पुण्य अवसर पर बाबा साहेब के चरणों में भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आज 21वीं सदी में हर भारतवासी के सपने और उसकी आकांक्षाएं असीम हैं। इनकी पूर्ति में लोकतंत्र के एक स्तम्भ के तौर पर हमारी सशक्त और संवेदनशील न्यायतंत्र की भूमिका भी उतनी ही अहम है।

पूर्वोत्तर की विरासत जुड़ी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा, 21वीं सदी में हर भारतवासियों के सपने और आकाक्षाएं असीम हैं। इनकी पूर्ति में लोकतंत्र के एक स्तंभ के रूप में हमारी सशक्त और संवेदनशील न्यायपालिका भी भूमिका भी उतनी ही अहम है। हम अपने समाज के लिए वाइब्रेंट, सशक्त और आधुनिक न्याय सिस्टम बनाएं। सपनों को पूरा करने के लिए तीनों अंगों की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही पुराने और अनुपयोगी कानूनों को निरस्त करने की भी जिम्मेदारी है।

## श्रेय के भूखे लोगों ने देश का अहित किया

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में एम्स का उद्घाटन किया। उन्होंने पूर्वोत्तर के पहले एम्स को देश को समर्पित किया। इसके अलावा उन्होंने तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन किया। इसमें गुवाहाटी स्थित कोकराझार, नलवारी और नगांव महाविद्यालय और चिकित्सालय शामिल हैं। एम्स गुवाहाटी की आधारशिला मई 2017 में पीएम मोदी ने ही रखी थी। इसे 1120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसके अलावा पीएम ने असम को 14300 करोड़ रुपये की सौगात दी। इसके अलावा उन्होंने असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट

**साधा निशाना**

**असम को दी 14,300 करोड़ की सौगात**

(एएएचआईआई) का शिलान्यास किया और पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड वितरित करके आपके द्वार आयुष्मान अभियान की शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि आज कल नई बिमारी देखने को मिल रही है। मैं देश में कहीं भी जाता हूं और 9 वर्षों में हुए विकास की चर्चा करता हूं तो उससे कुछ लोगों को परेशानी हो जाती है। वह शिकायत करते हैं कि दशकों तक उन्होंने भी देश पर राज किया, उन्हें श्रेय क्यों नहीं मिलता। श्रेय के भूखे लोगों और जनता की राज करने की भावना ने देश का बहुत अहित किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकारों में नीति, नीयत और निष्ठा किसी स्वार्थ से नहीं बल्कि 'राष्ट्र प्रथम, देशवासी प्रथम' इसी भावना से हमारी नीतियां तय होती हैं। इसलिए हमने वोटबैंक की बजाए देश की मुश्किलों को कम करने पर ध्यान दिया। हमने लक्ष्य बनाया कि हमारी बहनों को इलाज के लिए दूर ना जाना पड़े। हमने तय किया कि किसी गरीब को पैसे के अभाव में अपना इलाज न टालना पड़े। हमने प्रयास किया कि हमारे गरीब परिवारों को भी घर के पास ही बेहतर इलाज मिले।

## जम्मू-कश्मीर में फुटब्रिज गिरा, 80-85 घायल

**हादसा**

**25 लोगों की हालत गंभीर, बैसाखी उत्सव के दौरान हादसा हुआ**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में शुक्रवार को बैसाखी उत्सव के दौरान एक फुटब्रिज गिर गया। हादसे में 80-85 लोग घायल हुए हैं, जिसमें से 20-25 की हालत गंभीर है। पुलिस और अन्य टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। घटना चेनानी ब्लॉक के बैन गांव की है। उधमपुर के चेनानी नगर पालिका के अध्यक्ष माणिक गुप्ता ने बताया कि इस दुर्घटना में 80-85 लोगों को चोटें आई हैं। जबकि 20-25 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। 6-7 लोगों को हमने जिला अस्पताल रेफर किया है। उधमपुर के एसएसपी डॉ. विनोद ने हादसे के बारे में जानकारी दी है। हादसे के वीडियो भी सामने आ रहे हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि फुटब्रिज पर बड़ी संख्या में लोग चढ़े हैं। वहीं, पुलिस की टीम भी मौके पर नजर आ रही है।रिपोर्ट्स के मुताबिक उधमपुर के बैन गांव में बैसाखी पर मेले का आयोजन होता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस बार



भी मेले में काफी भीड़ उमड़ी। इस दौरान ब्रिज पर ज्यादा लोगों के चढ़ने से हादसा हो गया। दावा किया जा रहा है कि फुटब्रिज को इलाके के लोगों ने ही पैसे जमा कर बनवाया था। गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को शाम करीब 6.30 बजे केबल सस्पेंशन ब्रिज टूटने से करीब 400 लोग मच्छु नदी में गिर गए थे। हादसे में करीब 91 लोगों की मौत हुई। मरने वालों में 50 से ज्यादा महिलाएं और बच्चे थे। जबकि 70 से ज्यादा लोग घायल हुए।

## बाबा साहेब का सपना पूरा कर रही सरकार

**बोले सीएम योगी**

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा संविधान बनाकर उन्होंने एक नये युग का सूत्रपात किया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर न केवल भारत बल्कि दुनिया के सभी दमितों, शोषितों और वंचितों की आवाज हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए दुनिया का सबसे बड़ा संविधान बनाकर उन्होंने



एक नये युग का सूत्रपात किया। एक बयान के मुताबिक योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आंबेडकर महासभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान ये बातें कही। इससे पूर्व उन्होंने हजरतगंज स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें राज्य सरकार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब ने दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा की डिग्री हासिल की, उसके बावजूद उन्हें उन विकृतियों और सामाजिक कुरीतियों का सामना करना पड़ा, जो भारतीय समाज को सदैव कमजोर करती रहीं। उन्होंने कहा कि मगर उनकी परवाह न करते हुए वंचितों की आवाज बनकर तथा उन्हें अपनी आवाज की धार देकर आंबेडकर ने उनकी लड़ाई को लड़ने का कार्य किया जिसका प्रभाव है कि पूरा देश सदैव कृतज्ञ भाव से उन्हें नमन करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब के नाम पर इस देश में राजनीति तो बहुत से लोगों ने की, मगर उनके सपनों को साकार करने का कार्य केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।

## यूपी में लोकतंत्र की उड़ रही धज्जी : डिंपल

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी पहुंची सपा सांसद डिंपल यादव ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने असद के एनकाउंटर पर कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सरकार मनमानी पर उतारू है। कहा कि जनता ये सब देख रही है। जल्द ही इसका माकूल जवाब देगी। सांसद डिंपल यादव शहर के मोहल्ला छपट्टी में आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार फेक एनकाउंटर किए जा रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है। कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र कुछ नियमों और कानूनों से चलता है। लेकिन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नियम और कानून को किनारे करके सरकार मनमानी पर उतारू हो गई है।

## बघेल ही होंगे छत्तीसगढ़ सीएम चेहरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उलझन खत्म हो गई है। आगामी चुनाव में पार्टी ने उनपर अपना पूरा भरोसा जता दिया है और ये संकेत दे दिया है कि अगला विधानसभा चुनाव भी उनके ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा। प्रियंका गांधी ने बस्तर के मंच से बघेल सरकार की न केवल जमकर तारीफ की बल्कि इशारों ही इशारों में ये बता दिया कि बघेल ही फिर से मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। प्रियंका गांधी ने बघेल के धुर विरोधी माने जाने वाले मंत्री टीएस सिंहदेव की मौजूदगी में कहा, 'मुख्यमंत्री कभी इधर-उधर की बात नहीं करते। वे कभी नकारात्मक बात या किसी की चुगली नहीं करते'। प्रियंका के इस इशारे पर सियासी गलियारों में कई मतलब निकाले जा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि आगामी चुनाव में बघेल ही सीएम का चेहरा होंगे। क्योंकि हाईकमान को उन पर

**कांग्रेस का दांव**

**बस्तर की रैली में प्रियंका का इशारा**

**पूरी आदिवासी बेल्ट पर नजर आएगा प्रियंका का प्रभाव**

**प्रियंका के साथ दो राज्यों में काम चुके हैं सीएम बघेल**

भरोसा है। वहीं सीएम का भी राहुल-प्रियंका के साथ अच्छा तालमेल है। गुरुवार को एक दिवसीय प्रवास पर बस्तर पहुंचीं प्रियंका गांधी सीएम बघेल के साथ दंतेश्वरी मंदिर पहुंची। यहां माता के दर्शन के बाद लालबाग में मौजूद नेहरू मंच का अवलोकन करने के साथ झीरम घाटी स्मारक में शहीद कांग्रेसियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आंबेडकर चौक में आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण



किया। कांग्रेस महासचिव ने सभा स्थल पर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रियंका गांधी ने आदिवासी ग्रामीण महिलाओं से बातचीत की और बस्तर में वनोपज से तैयार किए जाने वाले प्रोडक्ट देखने के साथ स्वाद चखा और उसकी तारीफ भी की। उन्होंने बस्तर काफी का स्वाद भी चखा, भरोसे का सम्मेलन सभा स्थल में अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने कहा कि साढ़े चार साल में बस्तर बदल चुका है। यह कांग्रेस सरकार बनने के बाद ही मुमकिन हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बेहतर काम कर रहे हैं। प्रदेश के राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बस्तर के आदिवासियों के लिए प्रियंका गांधी केवल एक कांग्रेस नेता नहीं, बल्कि इंदिरा की पोती भी हैं। लिहाजा आदिवासियों का भावनात्मक लगाव भी प्रियंका गांधी से जुड़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ में इस वक्त बस्तर लोकसभा समेत विधानसभा की सभी 12 सीटों में कांग्रेस के विधायक हैं और पार्टी इस बात को बखूबी जानती है कि सत्ता तक जाने की राह आदिवासी बाहुल्य बस्तर से होकर ही गुजरती है। इससे पहले गांधी परिवार से इंदिरा, राजीव, सोनिया और राहुल गांधी भी बस्तर आ चुके हैं।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा.लि.)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुन्दन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2367700, 8318850580
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9450084195
SUNDAY OPEN

## पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण संगप्पा कांग्रेस में शामिल

**बंगलुरू।** कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण संगप्पा सावदी कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने हाल ही में भाजपा से किनारा किया था। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने इस बात का दावा किया है। इस बीच खबर है कि कर्नाटक के पूर्व एमएलसी और कांग्रेस नेता रघु आचार ने जनता दल (सेक्यूलर) का दामन थाम लिया है। उन्होंने एचडी कुमारस्वामी की मौजूदगी में जेडीएस से हाथ मिलाया।



जानकारी के मुताबिक, लक्ष्मण संगप्पा बेलगाम से बेंगलुरु पहुंचे। उनके लिए एक विमान बुक किया गया था। यह बुकिंग कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष के नाम पर की गई थी। बेंगलुरु पहुंचते ही उन्होंने डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात की। कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी के साथ बैठक पर कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि मेरी लक्ष्मण सावदी के साथ बहुत लंबी बैठक हुई। वह इखढ से इस्तीफा देकर कांग्रेस पार्टी में आ गए हैं। कोई शर्त नहीं है, वह बहुत वरिष्ठ नेता हैं, उन्हें लगता है कि उन्हें इखढ में अपमानित किया गया है और ऐसे नेता को कांग्रेस पार्टी में लेना हमारा कर्तव्य है।

C.U.E.T Selection 1218 in CUET
BHU / DU / AU
B.Sc, B.Com, B.A, LL.B
www.sankalptutorials.com
संकल्प ट्यूटोरियल्स
JOIN NEW BATCH 10 & 12 APRIL, 2023
1. बादशाह बाग 2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन
3. नेवादा 4. गिलट बाजार, वाराणसी
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं
9335418689, 9335720660

## शराब घोटाले की आंच केजरीवाल तक पहुंची

दिल्ली शराब घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल से भी होगी पूछताछ
सीबीआई ने 16 अप्रैल को बुलाया

दिल्ली सीएम को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया, संजय सिंह बोले- पता था अगला नंबर केजरीवाल का है

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने 16 अप्रैल सुबह 11 बजे बुलाया है। जानकारी सामने आ रही है कि केजरीवाल से भी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले को लेकर सवाल जवाब करेगी। अब यह बात भी सामने आ रही है कि केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में शामिल होंगे। सीबीआई द्वारा केजरीवाल को पूछताछ के नोटिस भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी की ओर से पहली



प्रतिक्रिया देते हुए सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर लिखा, अत्याचार का अंत जरूर होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मैंने अरविंद केजरीवाल से पहले ही कह दिया था कि जेल जाने का अगला नंबर आपका है। ये लोग (बीजेपी) मोदी जी का भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कुछ भी करेंगे और आज सीबीआई का समन आ गया। संजय सिंह ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि आपने देश का पैसा अपने दोस्त (अडानी) के बिजनेस को बढ़ाने के लिए लगाया है। केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गई। लेकिन इस साजिश के खिलाफ केजरीवाल की लड़ाई रुकेगी नहीं। आपने जो लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला किया है उसके बारे में देश के हर कोने में जाकर बताना जरूरी है।

जिस केजरीवाल ने दिल्ली को स्वच्छ पानी, मुफ्त बिजली और बेहतर शिक्षा दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम थमने वाली नहीं है। आपने अपने दोस्त के साथ मिलकर लाखों करोड़ों का घोटाला किया। उसे दबाने के लिए ये गिरफ्तारी की साजिश रच रहे हैं। केजरीवाल पहले भी आपसे लड़ते रहे हैं और आगे भी आपसे लड़ते रहेंगे। आगे भी भ्रष्टाचार के खिलाफ ये मुहिम जारी रहेगी। ये तमाम लड़ाइयां आगे भी जारी रहेंगी। इससे ने दिल्ली वालों का काम रूका न और न वो झुके।

## राहुल गांधी ने खाली किया सरकारी बंगला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सांसद के तौर पर मिले 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी आवास को खाली कर दिया है। केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसदी जाने के बाद उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस मिला था। इसके लिए उन्हें 22 अप्रैल तक की तारीख दी गई थी, लेकिन राहुल गांधी ने पहले ही उसे छोड़ दिया। राहुल गांधी के घर का सामान यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी के आवास पर शिफ्ट किया गया है। शुक्रवार शाम को कई ट्रक 12 तुगलक लेन स्थित राहुल गांधी के आवास पहुंचे और वहां से उनके सामान को लादकर सोनिया गांधी के घर पर छोड़ा गया। मोदी सरनेम पर 2019 में आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को बीते महीने ही सूरत की अदालत ने दोषी ठहराते हुए

**नोटिस का पालन**

**मां सोनिया के घर में रहेंगे सामान शिफ्ट किया**



दो साल की सजा सुनाई थी। इस सजा के बाद राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता चली गई थी और इसके बाद उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस मिला था। राहुल गांधी ने इस सजा को सूरत की ही सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर गुरुवार को सुनवाई हुई, लेकिन अब भी इस पर बहस जारी है।

## ट्रेन में लोअर बर्थ पाना होगा मुश्किल

**नई दिल्ली।** कई बार ट्रेन में सफर लंबा होने के कारण काफी तकलीफों भरा होता है, इसलिए ट्रेन का सफर आरामदायक बनाने के लिए लोग लोअर बर्थ प्रेफर करते है। किसी भी विकलांगता वाले यात्रियों के लिए लंबी यात्राएं अधिक कठिन हो सकती हैं। अब भारतीय रेलवे दिव्यांगों के लिए नया कदम उठाने जा रहा। भारतीय रेल दिव्यांगों की यात्रा आरामदायक बनाने के लिए ट्रेनों में लोअर बर्थ को उनके लिए रिजर्व कर दिया। हालांकि यह नई शुरूआत देश भर में चलने वाली सभी तरह की ट्रेनों के लिए नहीं है। कुछ खास ट्रेनों में यात्रा के दौरान विकलांग यात्रियों और उनकी देखरेख करने वालों को लोअर बर्थ चुनने में प्राथमिकता दी जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रेलवे ने इन यात्रियों के लिए

**रेलवे का फैसला**

**अब चुनिंदा यात्रियों के लिए होगी रिजर्व**

**यह सुविधा देश भर में चलने वाली सब ट्रेनों के लिए नहीं**

लोअर बर्थ में चार सीटें अलॉट की हैं। नए बदलाव के अनुसार अब स्लीपर क्लास में चार बर्थ- दो लोवर और दो मिडिल दिव्यांगों और उनके साथ आने वाले अटेंडेंट के लिए रिजर्व होंगी। वहीं एसी 3 टियर में 2 बर्थ 1 लोअर बर्थ और 1 मिडिल बर्थ रिजर्व रहेगी। भारतीय रेलवे के इस नए फैसले से दिव्यांग यात्री अधिक आराम और आसानी के साथ ट्रेन यात्रा का आनंद ले पाएंगे।

## डॉग ने आंध्र के सीएम का पोस्टर फाड़ा, रपट

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में एक डॉग के खिलाफ मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी का पोस्टर फाड़ने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसकी शिकायत तेलुगु देशम समर्थक दसारी उदयश्री नाम की महिला ने विजयवाड़ा पुलिस स्टेशन में की है।

उदयश्री ने अपनी शिकायत में कहा कि यह मुख्यमंत्री का अपमान है। डॉग और उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, जिन लोगों ने उसे उकसाया और अब वीडियो वायरल कर रहे हैं। इस वाकये का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि डॉग ने दीवार पर लगे रेड्डी के पोस्टर को पहले निकाला और फिर ले जाकर फाड़ दिया। वहीं शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि जगन मोहन रेड्डी के लिए उनके मन में सम्मान है, लेकिन आंध्र प्रदेश में एक कुत्ता उनका अपमान कर रहा है।

## असद के मददगारों को एसटीएफ ने उठाया

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के बेटे असद का शव कल दफनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि असद का शव देर रात प्रयागराज पहुंचेगा। उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे पांच लाख के इनामी अतीक के बेटे असद अहमद और शूटर गुलाम को गुरुवार को एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया। असद के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है और अभी तक उसका शव लेने कोई नहीं पहुंचा। बताया जा रहा है कि एनकाउंटर में मारे गए असद का शव उसके दादा की कब्र के पास दफनाया जाएगा। एनकाउंटर की सूचना के बाद पुश्तैनी आवास पर लोगों की भीड़ जुट गई। सगे संबंधियों के आने का क्रम देर रात तक चलता रहा। इस बीच मौके पर पुलिस भी पहुंची, थोड़ी देर पूछताछ के बाद पुलिस लौट गई। वहीं वहीं एसटीएफ ने झांसी के बड़ागांव से दो

**कार्रवाई**

**असद की प्रयागराज में खुदी कब्र पुलिस की निगरानी में आज सुपुर्दे-खाक किये जायेंगे शव**

**बड़ागांव इलाके से एसटीएफ ने असद को छिपने में मदद करने वालों को दबोचा, गाड़ी भी दी थी**

लोगों को हिरासत में लिया है । कई मीडिया रिपोर्ट्स में अतीक की रिमांड कॉपी में लिखी बातें सामने आ रही हैं। इसमें बताया जा रहा है कि अतीक ने कबूल कर लिया है कि उसी ने जेल में बैठकर हत्या की साजिश रची थी। उसने शाइस्ता को भी नया मोबाइल और सिम लेने को कहा था। इसके साथ ही दावा किया जा रहा है कि अतीक ने कहा है



कि उमेश पाल के अंगरक्षकों पर जो हमला हुआ उसकी पहले से तैयारी कर ली गई थी। यह पहले से तय था कि पहले गनर को गोली मारी जाएगी फिर उमेश पाल को। मुठभेड़ में मार गिराया गए पांच लाख के इनामी बदमाश असद और शूटर गुलाम के मददगार के तौर पर एसटीएफ ने बड़ागांव इलाके से दो लोगों को उठाया है। पूछताछ के लिए एसटीएफ पहले उनको बड़ागांव थाने ले आई। यहां से उनको फिर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। पुलिस का कहना है असद यहां पिछले दो दिन से छिपा हुआ था। उसको यहां छिपने में इन लोगों ने मदद की थी। इन लोगों ने उसको छिपने की जगह दिलाने के साथी एक गाड़ी भी उपलब्ध कराई थी। एसटीएफ उनसे अतीक और उमेश पाल हत्याकांड में फरार अन्य लोगों के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

### शूटर गुलाम का शव लेने से परिवार ने किया मना

असद के साथ एनकाउंटर में मारा गया गुलाम हसन भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष राहिल हसन का भाई है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद राहिल हसन को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था और करीब 14 दिन तक पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया था। गुलाम की मुठभेड़ में मौत के बाद उसके भाई राहिल हसन ने कहा कि वह गुलाम हसन का शव नहीं लेंगे। वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। उसने हमारे परिवार की छवि को मिट्टी में मिलाने का कार्य किया है। इसलिए हम उसके शव को नहीं लेंगे।

# बाबा साहेब अंबेडकर का ऋणी रहेगा देश

**जयंती**

**कचहरी अंबेडकर चौराहे पर बाबा साहब के चित्र पर किया माल्यार्पण**

**सामाजिक गैर बराबरी के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प**





**वाराणसी।** भारत के संविधान शिल्पी भारतरत्न बाबा साहब के 132वीं जयंती के अवसर पर डॉ अम्बेडकर जन जागरण एवं उत्थान समिति सुसुवाही, के तत्वाधान में सुबह प्रभात फेरी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष प्रो एस. के. भारतीय ने कहा कि बाबा साहेब जीवन पर्यंत दबे -कुचले एवं पिछड़ो के उत्थान की लड़ाई लड़ते रहे। कार्यक्रम में आकाशवाणी के पूर्व निदेशक श्रीराम ने कहा कि संविधान निर्माण के कारण पूरा देश बाबा साहेब का ऋणी रहेगा।

कार्यक्रम में माता रामाबाई अम्बेडकर महिला क्लब की पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव आर. के. निगम ने किया। इस अवसर पर कचहरी स्थित अंबेडकर चौराहे पर शहर की कई संगठनों तथा अनुयायियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया।

काशी हिन्दू विश्व विद्यालय नर्सिंग आफिसर्स एसोसिएशन एवं गैर शिक्षण कर्मचारी संगठन ने कृषि विज्ञान संस्थान के शताब्दी भवन में संगोष्ठी का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। उधर, दुर्गाकुंड दलित बस्ती स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संगठनों के नेताओं ने माल्यार्पण किया। साथ ही भारत के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा और आर्थिक व सामाजिक गैर बराबरी के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में डॉ हीरालाल यादव राज्य सचिव सीपीएम, अरविंद सिंह पूर्व एमएलसी, नंदलाल पटेल जिला सचिव सीपीआईएम, कुंवर सुरेश सिंह समाजवादी विचारक, जयशंकर पांडेय, सह सचिव सीपीआई, मिठाई लाल भाकपा माले, सुरेंद्र यादव राजद, अनिल कुमार सिंह जिला सचिव किसान सभा, राजनाथ पांडेय आदि मुख्य थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में अम्बेडकर जयंती पर निकले जुलूस

**कार्यक्रम आयोजित**

**कई जगहों पर निकले जुलूस**



**पिंडरा।** ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। रामपुर में डॉ भीमराव आंबेडकर संघर्ष समिति के बैनर तले उनके प्रतिमा पर आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग पहुंचे और पुष्प अर्पित करने के बाद नमन किया और उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राय के पुत्र शांतनु राय ने करखियांव गांव पहुंचकर अंबेडकर की प्रतिमा के ऊपर माल्यार्पण किया। वहीं रामपुर,देवराई सरैया, हिवरनपुर, थाना, भरावर, दबेथुवा , मलहथ से जुलूस के रूप में सैकड़ों की संख्या में लोग बैंडबाजे के धुन पर गाते बजाते हुए पहुचे।

उधर, सेवापुरी संवाददाता के अनुसार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर परमनंदापुर अंबेडकर पार्क व बनवासी बस्ती दिनदासपुर, हरसोस, कुरौना, पांडेपुर में धूमधाम से मनाया गया। अंबेडकर जयंती पर सभी जगह पर हर घर संविधान व अपने मौलिक अधिकार पर विजय कुमार समाजसेवी ने विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में अर्जुन, दिलीप, सुजीत, तथा भीम आर्मी टीम अभिषेक गेल जयदेव गौतम चंदू भारती खन्ना भारती ,सब्भल भारती व भीम आर्मी के युवा साथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

रोहनिया संवाददाता के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में भीमराव अंबेडकर जयंती पर शुक्रवार को रोहनिया गांधी चौराहे से गंगापुर बाइक रैली निकाल कर नगर पंचायत स्थित रविदास मंदिर के पास पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपचंद चौधरी मंडल जोन समन्वयक व विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण राम मुंशीराम सुमन शामिल थे। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कनेरी स्थित अपना दल एस के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय पर शुक्रवार को दोपहर में रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल तथा जिलाध्यक्ष डॉ नरेंद्र पटेल ने पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकताओं के साथ भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

रामनगर संवाददाता के अनुसार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर पुराने रामनगर में स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्मृति भवन संग्रहालय शुक्रवार को डॉ अम्बेडकर की याद में डूबा रहा। क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई वाराणसी तथा क्षेत्रीय अभिलेखागार वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में यहां पुष्पांजलि,अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी के साथ₹आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ भीम राव अंबेडकर का योगदान विषयक₹ संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उद्घाटन प्रो महेश प्रसाद अहिरवार ने किया। स्वागत क्षेत्रीय पुरातत्त्व अधिकारी वाराणसी क्षेत्र डा सुभाष चन्द्र यादव व धन्यवाद ज्ञापन डा हरेंद्र नारायण सिंह ने किया । दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर द्वारा नई बस्ती गोलाघाट एवं भीटी में स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# महान समाज सुधारक थे डॉ. अंबेडकर

**जयंती**

**भाजपा, कांग्रेस और सपा ने आयोजन कर अर्पित किये श्रद्धासुमन**

**वाराणसी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर भाजपा और सपा ने जयंती कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया। कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के उन्नायक और महान समाज सुधारक थे।

कचहरी चौराहा स्थित डॉ. अंबेडकर प्रतिमा पर भाजपा के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था, जिसके कारण इन्हें भारत का संविधान निर्माता भी कहा जाता है। इस दौरान नवीन कपूर, अशोक कुमार, अभिषेक मिश्रा, इं. अशोक यादव, मीडिया प्रभारी किशोर सेठ, नीरज जायसवाल, किशन कन्नौजिया, डॉ अर्चना अग्रवाल, योगेंद्र सोनकर आदि थे।

समाजवादी पार्टी जिला व महानगर इकाई ने अर्दली बाजार स्थित कार्यालय पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान डॉ. अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कयिा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिला महासचिव आनंद मौर्या ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन अछूतों, महिलाओं और मजदूरों की भलाई के लिए न्यौछावर कर दिया। संचालन करते हुए नि. जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को समानता और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वह एक महान सामाजिक कार्यकर्ता थे। इस दौरान रामसिंह यादव, ओमप्रकाश अंबेडकर, पुत्तुल यादव, कारीमुल्लाह अंसारी, गणेशदत्त यादव, रामकुमार यादव, मोतीलाल यादव, गोपाल पांडेय, दुर्गा यादव, बृजेश यादव आदि थे।

खजुरी में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद किया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि जिस तरीके से केंद्र सरकार की ओर से संविधान को कुचला जा रहा है, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए खतरा है। अगर बाबा साहेब जीवित होते तो उन्हें अपार पीड़ा होती। युवक कॉंग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज चौबे ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि एक बार फिर बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचा कर लोंगो को जागरूक किया जाए। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय शंकर मेहता, अशोक पाण्डेय, रामधीन सिंह, अजय सिंह शिवजी, आशीष विक्की, शोभनाथ पाण्डेय, राजू मिश्रा आदि मौजूद थे।

## संक्षेप

### विद्युत कनेक्शन काटने पर की थी मारपीट, मुकदमा

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के कुड़ी गांव में स्थित विद्युत उपकेंद्र कर्मियों के साथ बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काटते समय कनियर गांव के दो लोगों द्वारा उन्हें मारा पीटा गया। मामले में अवर अभियंता ने दोनों के विरुद्ध गुरुवार की देर शाम स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता सर्वेश कुमार ने दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गुरुवार की शाम उपकेंद्र के दो कर्मचारी नरेंद्र सिंह, राहुल राजभर बिजली बिल बकायेदारों का कनियर गांव में कनेक्शन काट रहे थे इस दौरान उस गांव के निवासी अजय पांडेय और शिवम पांडेय ने विद्युत कर्मियों को मारपीट कर घायल कर दिया।

### युवती ने गंगा में लगाई छलांग, पीएससी जवानों ने बचाया

**वाराणसी।** लंका सामने घाट स्थित जज गेस्ट हाउस के पास शुक्रवार की सुबह एक युवती ने गंगा में छलांग लगा दी। युवती को छलांग लगाते देख मौके पर मौजूद पीएसी के जवानों ने उसे डूबने से बचा लिया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि मिर्जापुर के नारायनपुर की रहने वाली युवती का मुगलसराय के संजय कुमार नामक युवक से प्रेम प्रपंच चल रहा था। युवती घर से भागकर मुगलसराय लड़के के साथ रहने लगी। किसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया। जिसके बाद युवती गंगा में कूद गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवारजनों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया। बगल में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों ने बताया कि गुरुवार को भी यह लड़की गंगा में कूद गई थी। जिसे लोगों ने बचा लिया था।

### बिहार निवासी की बोलेरो चोरी, मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** बिहार के रोहतास जिले के दिनारा के रहने वाले भीम साह अपनी बोलेरो गाड़ी लेकर बीएचयू में मरीज दिखाने के लिए आए थे। वाहन को अस्पताल परिसर के किनारे खड़ा कर मरीज दिखाने के लिए भीतर चले गए। लौटने के बाद खड़ा किया गया वाहन मौके से गायब मिला। उन्होंने वाहन चोरी होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन करने में जुट गई। भीम साह की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इधर बीच बीएचयू परिसर में वाहन चोर सक्रिय हो गए हैं। आए दिन चोरी के मामले सामने आ रहे हैं।

### गोंड़ समाज का प्रांतीय सम्मेलन 16 को

**पिंडरा।** अखिल भारतीय गोंड़ महासभा के जिला इकाई की आवश्यक बैठक शुक्रवार को शाखा कार्यालय बाबतपुर में हुई। जिसमें 16 अप्रैल को होने वाले प्रान्तीय सम्मेलन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गोंड़ जाति/अनुसूचित जनजाति के समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रातीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि व्यासजी गोंड़ होंगे । संचालन एडवोकेट श्रीनाथ गोंड़ ने किया। बैठक में लोलारख, डा. विनोद भास्कर, कैलाश, शोभनाथ, जनार्दन शंकर, अगनू गोड,अनिता आदि मौजूद थे।

### भाई ने देवर पर लगाया बहन की हत्या का आरोप

**बड़ागांव।** थानाक्षेत्र के कनियर नरायनपुर गांव में बीती नौ मार्च को एक विवाहिता का शव मिर्च के खेत में मिला था। मामले में मृतका के भाई ने गुरुवार की देर शाम देवर के विरुद्ध गला दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश में जुटी है। विवाहिता अनीता वर्मा पत्नी अजय कुमार सिंह पटेल घटना के दिन खेत में मिर्च तोड़ रही थी देर शाम तक घर वापस न लौटने पर घर वालों ने तलाश की। जिसके बाद उसका शव खेत में मिला। आशंका जताई गई कि उसने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उस समय मायके वाले असमंजस की स्थिति में थे। जिसके बाद हत्या की आशंका होने पर रविंद्र कुमार निवासी कृष्णा नगर (दरेखू) थाना रोहनिया ने बहन के देवर संजय कुमार पटेल के विरुद्ध हत्या किये जाने का आरोप लगाया है।

### समर ने खुद को बताया बेकसूर

**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे सुसाइड केस की गुत्थी अब भी सुलझती नहीं लग रही है। क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी गायक समर सिंह रिमांड में लेकर पूछताछ की। सूत्रों से पता चला है कि 8 घंटे की पूछताछ में टीम ने करीब 20 सवाल पूछे। रिमांड के दौरान समर सिंह रोता गिड़गिड़ाता रहा। उसने खुद को बेकसूर बताया। छोड़ देने की गुहार लगाई। पूछताछ में सामने आया है कि सुसाइड वाली रात समर और आकांक्षा के बीच फोन पर बात हुई थी। वह कॉल 10 सेकेंड की थी। उसमें शोरगुल सुनाई दे रहा था। इससे न तो आकांक्षा कुछ कह सकी और न समर उसका जवाब दे पाया। फिर कॉल कट गई। समर ने बताया आकांक्षा को मैंने नहीं मारा। उसकी मौत के पीछे मेरा कोई हाथ नहीं है।

# डंपर चालक की इलाज के दौरान मौत

**ट्रक से हुई थी टक्कर**

**केबिन में फंस गया था चालक, दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया**



**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के रिंग रोड पर कोईराजपुर गांव में गुरुवार की मध्य रात्रि में ट्रक और डंपर में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद डंपर चालक केबिन में फंस गया। कड़ी मशक्कत कर किसी तरह उसे केबिन से बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार दोपहर बाद उसकी मौत हो गई।

हरहुआ डीह निवासी रामदुलार गौड़ के पांच बेटों में दूसरा बेटा गौतम गौड़ (32) डंपर चलाता है। गुरुवार की रात्रि में वह विपरीत लेन से डंपर लेकर हरहुआ से राजातालाब की तरफ जा रहा था और रिंग रोड फेज दो पर कोईराजपुर गांव में पहुंचा था, तभी सामने से राजातालाब की ओर से आ रहे गिट्टी लदे ट्रक से डंपर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गौतम केबिन में फस गया।

घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर घटनास्थल से भाग निकला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, उसके बाद जेसीबी मंगवाई गई। दो जेसीबी की मदद से करीब दो घंटे कड़ी मशक्कत करने के बाद मध्य रात्रि में किसी तरह केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला गया। घायल चालक को रात में शहर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

बीएचयू ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान शुक्रवार की दोपहर बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बताया कि गौतम की अभी शादी नहीं हुई थी।

### हाइवे पेट्रोलिंग ने नहीं की कोई मदद

घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने कहा कि रिंग रोड पर पेट्रोलिंग करने वाले लोगों को कई बार फोन करके सूचना दी गई। बावजूद इसके करीब एक से डेढ़ घंटे बाद भी पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची। इस दौरान वहां स्थानीय लोगों और हाईवे पेट्रोलिंग टीम के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाया गया कि हाईवे पेट्रोलिंग के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है। मामला तूल पकड़ता देख मौजूद पुलिसकर्मियों और अन्य स्थानीय नागरिकों ने किसी तरह ग्रामीणों को शांत कराया।

### अंधेरे के चलते होती है घटना

रिंग रोड पर अधिकतर जगहों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी हुई है। स्ट्रीट लाइट ना होने के चलते वाहन चालकों को वाहन दिखाई नहीं देते हैं जिसके चलते अक्सर दुर्घटना हो जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रिंग रोड पर स्ट्रीट लाइट सभी जगह लगवाई जाय। केवल ओवरब्रिज और चुनिंदा स्थानों पर ही स्ट्रीट लाइट लगवाई गई है। जबकि हाईवे पर सभी जगह स्ट्रीट लाइट लगी होनी चाहिए जिससे प्रकाश की व्यवस्था बनी रहे।

# कंटेनर की चपेट में आने से कार चालक की मौत

**मिजार्मुराद।** डंगहरिया गांव के एक पेट्रोल पंप के सामने हाईवे पर शुक्रवार तड़के चार बजे वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही क्रेटा कार का पिछला टायर खराब हो जाने के कारण चालक कार साइड कर के पिछला टायर बदल रहा था तभी अज्ञात कंटेनर के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए उसे बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वाराणसी से प्रयागराज जा रही कार में चालक के साथ मालिक अनमोल महाजन समेत चार अन्य लोग सवार थे। हाईवे के किनारे एक पेट्रोल पंप के आमने कार साइड कर के उसमें से उतरे कार चालक पंजाब के अमृतसर जिले के इंदिरा कालोनी मुस्तफाबाद बटालारोड निवासी बलदेव सिंह व एक अन्य विजय कुमार टायर बदलने लगे तभी वाराणसी की तरफ से आ रही अज्ञात तेज रफ्तार कंटेनर ने धक्का मार दिया। जिसमें चालक बलदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि विजय मामलू रूप से घायल हो गए। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से कार चालक बलदेव को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं विजय का इलाज खजुरी स्थित सूर्यांश हॉस्पिटल में चल रहा है। कार मालिक की तहरीर पर अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# बच्चों के लिए आईआईटी मद्रास चलाएगा ऑनलाइन क्लास

**अच्छी पहल**

**सीडीओ ने कक्षा 6, 7 एवं 8 के बच्चों के लिए जनपद में लॉन्च किया प्रोजेक्ट विद्याशक्ति**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने जनपद में प्रोजेक्ट विद्याशक्ति लॉन्च की। इस अवसर पर उन्होंने आराजी लाइन विकास खंड के लोहरापुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में डॉ. अंबेडकर की जयंती भी मनायी। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के बच्चों को भारतीय संविधान के बारे में बताया। साथ ही बच्चों को मूल अधिकार और कर्तव्य आदि के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि संविधान की रचना बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने की। समानता का अधिकार व समता का अधिकार आदि के माध्यम से समाज में प्रत्येक को एक समान दर्जा दिया गया है। भारत में एक समान मताधिकार का अधिकार भी नागरिकों को मिला। प्रोजेक्ट विद्याशक्ति के तहत कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 6, 7, 8 के बच्चों को अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषयों में सहायता उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन कक्षा संचालन की व्यवस्था की गई है। उसमें आईआईटी मद्रास की ओर से स्कूल टाइम के बाद ऑनलाइन क्लासेज चलेंगी। उनमें प्रतिदिन 45-45 मिनट की तीन कक्षाएं क्रमशः 6. 7 एवं 8 के लिए संचालित की जाएंगी। संस्था ने वर्चुअल लर्निंग और वर्चुअल रियलिटी के जरिये अध्ययन में सहायता के उद्देश्य से विद्यालय में तीन ऑपरेटर दिए हैं।



मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट विद्याशक्ति लॉन्च कर बच्चों से बातचीत भी की

# प्रगतिशील धर्म निरपेक्षता खतरे में : डॉ. प्रमोद कुमार बागडे

**आयोजन**

**काशी विद्यापीठ में डॉ. बीआर अंबेडकर व ज्योतिबा फुले पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन**



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समिति कक्ष में शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'डॉ. बीआर अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले का अवदान' का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी के संरक्षक कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीत कुमार न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्रयागराज को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। आयोजक प्रो. अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि आज बाबा साहब अंबेडकर न्याय के एवं महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा के सबसे बड़े प्रतीक हैं। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता बीएचयू धर्म एवं दर्शन विभाग के डॉ. प्रमोद कुमार बागडे ने बताया की भारत की संकल्पना प्रगतिशील धर्म निरपेक्षता कही ना कही खतरे में प्रतीत हो रही है।

बताया की परिस्थितियां विचारों को गढ़ती हैं। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज अजीत कुमार ने महात्मा ज्योतिबा फुले को महान समाज सुधारक बताया एवं समाज में समदृष्टि, समभाव पर बल दिया। बताया की दो तिहाई जनसंख्या ऐसी है जिनके पास अपर्याप्त संसाधन है। आपने सामाजिक जुड़ाव पर भी बल दिया। महिला एवं पुरुष भेदभाव को खत्म करने एवम समाज में जाति, धर्म, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को खत्म करने पर बल दिया। हमे अंबेडकर की शिक्षा को अपने बच्चों को भी परिवार संस्कार में सीखना होगा तभी उनका योगदान अगली पीढ़ी तक पहुंचेगा। अध्यक्षता कर रहे प्रो. कुलपति प्रो. त्यागी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा की ज्ञान का उद्देश्य मानवतावादी एवं जनकल्याणवादी होना चाहिए। संचालन भारती कुरील व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. संजय ने किया। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अध्यापक, छात्र उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-दुल्लहपुर वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0/पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें:-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-सन्तोष चौधरी
ग्राम पंचायत-दुल्लहपुर
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-सरोज सिंह
ग्राम पंचायत-दुल्लहपुर
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर



**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 2702981 व इण्टर वर्ष 2011 अनुक्रमांक 2755897 का अंकपत्र व सहप्रमाणपत्र खो गया है। रोहित यादव पुत्र शिवबली यादव, भोज छपरा, बलिया।

मेरा एमए प्रथम वर्ष 2002 अनुक्रमांक 44061 का अंकपत्र (वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) खो गया है। सोहनलाल गुप्ता पुत्र राम बली गुप्ता ग्राम लाहीडीह बाजार, पोस्ट तोवा, थाना कोतवाली फूलपुर, तहसील निजामाबाद, जिला आजमगढ़।

श्रीमती इंद्रावती देवी (INDRAVATI DEVI) जन्म तिथि 25 जुलाई 1971 पत्नी आर्मी नंबर 14593430M सेवानिवृत्त नायक स्व0 छोटेलाल का आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार सही एवं सत्य नाम तथा जन्म तिथि श्रीमती इंद्रावती (INDRAWATI) जन्म तिथि 1 जनवरी 1974 है अब से इन्हें श्रीमती इंद्रावती (INDRAWATI) जन्म तिथि 1 जनवरी 1974 जाना जाए तथा आर्मी एवं अन्य सभी दस्तावेजों में भी दर्ज किया जाए।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**- मां गायत्री रामनरेश महिला महाविद्यालय डिहियां जौनपुर (संबद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय) मे स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत स्नातक स्तर कलासंकाय में हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान विषय में प्रवक्ताओं की व प्राचार्य (एक पद)। योग्यता, वेतनमान / यूजीसी विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन भेजे। **प्रबंधक-9324873148**

**आवश्यकता है**- श्री रामचंद्र बदामी महिला महाविद्यालय विद्यापारा चौकिया, गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एक पद स्नातक स्तर पर कला संकाय गृह विज्ञान हेतु प्रवक्ता एक पद तथा स्नातकोत्तर स्तर पर समाज शास्त्र दो पद तथा भूगोल एवं शिक्षा शास्त्र विषयों में तीन-तीन प्रवक्ता पद हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो 21दिनों के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक /दूरभाष से दी जाएगी।
**प्रबंधक, 9838416101, 6394521431**

**आवश्यकता है**

जे.डी.एस. महाविद्यालय दुधौड़ा पतरहीं, जौनपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी, समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान विषयों में प्रवक्ताओं एवं आचार्य पद की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतन यूजीसी, एनसीटीई, उ.प्र. शासन, विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज चार फोटो एवं आधार कार्ड के साथ-साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
**प्रबन्धक-मो0-7379517379**

**माँ खण्डवारी महिला महाविद्यालय चहनियाँ-चन्दौली**

**आवश्यकता है**-माँ खण्डवारी महिला महाविद्यालय चहनियां, चन्दौली में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0 एड0 विभागाध्यक्ष, बी0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत मध्यकालीन इतिहास, भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र विषय में प्रवक्ताओं की। चयन एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 / एन0 सी0 टी0 / विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा। अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।
**प्रबन्धक-(राजेन्द्र प्रताप सिंह) मो0-8960373747, 9450242458**

**माँ खण्डवारी पी0 जी0 कालेज चहनियाँ-चन्दौली**


**आवश्यकता है**-माँ खण्डवारी पी0 जी0 कालेज चहनियां, चन्दौली में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0 एड0 विभागाध्यक्ष, बी0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा संकाय के अन्तर्गत एम0 एड0 प्रवक्ताओं एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नॉलाजी एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसाय विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित एवं स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत बी0 काम0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं की। चयन एवं वेतनमान यू0जी0सी0 /एन0सी0 टी0ई0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा। अभ्यर्थी अपना आवेदन विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित करें।
**प्रबन्धक (राजेन्द्र प्रताप सिंह) मो0-8960373747, 9450242458**



# वाराणसी भास्कर



# मेयर पद पर पहला पर्चा किन्नर ने भरा



**मेयर चुनाव**

## उम्मीदवारों ने खरीदे 139 नामांकन पत्र

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर निगम सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद शुक्रवार को चौथे दिन कुल 139 नामांकन पत्र खरीदे गए। इसमें महापौर पद के लिए कुल 10 नामांकन पत्र शामिल हैं। चौथे दिन इंग्लिशिया लाइन की रहने वाली किन्नर शमसेर खान ने महापौर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें अनारक्षित, आरक्षित व अन्य के लिए नामांकन पत्र की बिक्री हुई। आदमपुर जोन में 24, भेलुपूर जोन में 31, दशाश्वमेध जोन में 27, कोतवाली जोन में नौ और वरुणापार जोन में कुल 38 नामांकन पत्रों की खरीद हुई। उम्मीदवारों की ओर से कुल नामांकन पत्रों में 18 अनारक्षित फार्म और 111 आरक्षित फार्मों की खरीद की गई। जबकि महापौर पद पर चौथे दिन 10 नामांकन पत्रों की खरीद हुई।

### एक अध्यक्ष और चार सदस्य के लिए खरीदे पर्चे

नगर पंचायत गंगापुर में नामांकन के चौथे दिन एक अध्यक्ष पद के लिए और चार उम्मीदवारों ने सदस्य के लिए पर्चा खरीदा। जबकि चौथे दिन अध्यक्ष के लिए संगीता देवी व सदस्य के लिए बाबूलाल राजभर, बेबी देवी, चमेला देवी व खुशबू कनौजिया ने नामांकन किया।

## जनता को है मुझ पर भरोसा : शमशेर खान



वाराणसी। जनपद में निकाय चुनाव का नामांकन बीते 11 अप्रैल से जारी है लेकिन महापौर पद के लिए पहला पर्चा दाखिला शुक्रवार को हुआ। इस सीट पर इंडियन नेशनल समाज पार्टी की उम्मीदवार के तौर पर शमशेर खान उर्फ शहनाज किन्नर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। एक बातचीत में उन्होंने कहा कि इस इलेक्शन में मेरी टक्कर किसी अन्य दलों से नहीं बल्कि खुद से है। जनता मुझ पर भरोसा करती है और हमें उनका पूरा समर्थन मिलेगा। जीत भी मेरी ही होगी। अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए उन्होंने कहा कि सीवर-बिजली-पानी के लिए कई वार्डों में समस्या है। और तो और तमाम भवनों पर अवैध कब्जे हैं। इस समस्या से जूझ रहे लोग आये दिन सरकारी दफ्तरों और थानों के चक्कर काटते हुए अपना मकान अवैध कब्जे के मुक्त कराने के लिए परेशान हैं। शमशेर ने आरोप लगाया कि नगर निगम पूरी तरह से भ्रष्ट विभाग है। हाल यह है कि यहां के तमाम कर्मचारियों को महीनों वेतन नहीं मिलता और वेतन वितरण में भी धांधली की जाती है। समाजसेवा से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब सब लोग घरों में कैद थे उस दौरान मैं अपने घर से बाहर निकलकर जरूरतमंदों को मदद पहुंचा रही थी।

## अपर मुख्य सचिव ने सिगरा स्टेडियम का पुनर्विकास कार्य देखा



**वाराणसी।** अपर मुख्य सचिव (खेल) नवनीत सहगल ने शुक्रवार को स्मार्ट सिटी अंतर्गत किए जा रहे सिगरा स्टेडियम पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही फेस-1, फेस-2 एवं फेस-3 में प्रगतिशील कार्यों को समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव (खेल) द्वारा परियोजना कार्य को मशीन तथा कार्मिकों की संख्या बढ़ा कर युद्ध स्तर पर कार्य किए जाने के लिए कहा गया जिससे सिगरा स्टेडियम के साथ प्रदेश में भी एक आधुनिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सिद्ध होगा। उक्त निरीक्षण में नगर आयुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिपु गिरी, मुख्य महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी डॉ. डी. वासुदेवन समेत अन्य अधिकारिगण उपस्थित रहे।

# संगठन और कार्यकर्ता हैं मेरी ताकत : शारदा टंडन

जनसंदेश न्यूज

**बोलीं शारदा**

### गिनाईं अपनी प्राथमिकताएं कहा-हम जीते तो बदलेंगे तरीका



**वाराणसी।** आम आदमी पार्टी यानि 'आप' से वाराणसी नगर निगम में मपाहौर पद की प्रत्याशी शारदा टंडन ने कहा है कि जनता और मतदाता ही मेरा भगवान है। हमारा संगठन और कार्यकर्ता मेरी ताकत है। शुक्रवार को एक बातचीत के दौरान उन्होंने यह कहा। एक प्रश्न के उत्तर में बोलीं, नगर निगम के मिनी सदन के लिए स्थायी भवन आवश्यक है। अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए उन्होंने कहा कि पब्लिक से जुड़े मुद्दों को लेकर आगे बढ़ूंगी। शहरी इलाके में ऐसे मुहल्लों की कमी नहीं जहां गलियां ध्वस्त हैं। सीवर जाम होने के कारण अत्यधिक दुर्गंध के चलते वहां लोगों का आवागमन मुश्किल है। गलियों में साफ-सफाई नहीं होती। अधिकांश पार्कों का रख-रखाव नहीं किया जाता। मुख्य सड़कों पर ही छुट्टा पशुओं की धर-पकड़ होती है लेकिन हकीकत यह है कि गलियों वाले इस शहर में गलियों में डेरा जमाए और घूम रहे छुट्टा पशुओं की ओर नगर निगम का ध्यान है ही नहीं। तमाम मुहल्लों में नियमित रूप से कूड़ा उठान नहीं होता। मैं बेहद दमदारी के साथ यह इलेक्शन लड़ुंगी और मेयर सीट पर जीत हासिल होने के बाद ऐसी ही समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता में रहेगा।

# कंट्रोल रूम में ऑनलाइन भी कर सकते हैं शिकायत

**अच्छी पहल**

### नगर निकाय निर्वाचन के लिए विकास भवन में खुला नियंत्रण कक्ष, प्रभारी अफसरों के फोन नंबर भी जारी

**वाराणसी।** नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए जनपद में इलेक्शन कंट्रोल रूम खोला गया है। साथ ही नियंत्रण कक्ष के प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी के फोन नंबर भी जारी किये गये हैं। इसके अलावा ई-मेल आईडी भी मुहैया करायी गयी है। ताकि कोई व्यक्ति यदि निर्वाचन संबंधी कोई सूचना या शिकायत ऑनलाइन देना चाहे तो दे सके।जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन में यह चुनाव नियंत्रण कक्ष संचालित हो रहा है। इस कंट्रोल रूम का लैंडलाइन टेलीफोन नंबर 0542-2990588 है। इसके अतिरिक्त ई-मेल आईडी controlroomvns2023@gmail.com है। इस नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी एडीएम नागरिक आपूर्ति को बनाया गया है। उनका मोबाइल फोन नंबर 9454417031 है। वहीं, कंट्रोल रूम के सहायक प्रभारी अधिकारी का दायित्व उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को सौंपी गयी है। उनका मोबाइन फोन नंबर 9918559922 है। एडीएम नागरिक आपूर्ति ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत विकास भवन स्थित कक्ष संख्या-112 में यह कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस इलेक्शन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी जारी किये गये फोन नंबरों पर दी जा सकती है।

## संक्षेप

### नगर आयुक्त और वीडीए वीसी ने किया निरीक्षण



वाराणसी। जी 20 सम्मेलन के मद्देनजर शुक्रवार को नगर आयुक्त शीपू गिरि और विकास प्राधिकरण (वीडीए) के वीसी अभिषेक गोयल ने संयुक्त रूप से शहर में चल रहे निर्माण कार्यों और मुख्य स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जिसमें जोनल ऑफिस आदमपुर पास स्थित बसअड्डा में जगह-जगह प्लास्टर टूटे हुए पाये गये जिसे सही कराने के लिए जोनल अधिकारी आदमपुर को निर्देशित किया गया। वहीं पुलिस लाईन चौराहे से आगे पांडयपुर कि ओर जाने पर बायीं ओर स्थित यूरिनल का फलेक्स फटा हुआ पाया गया, पुराने आरटीओ से सारनाथ वाले मार्ग पर जगह-जगह नालियां खुली पायी गयी, सारनाथ स्थित म्युजियम तिराहा से आगे बुद्धा थीम पार्क कि ओर जाने पर बायीं ओर स्थित यूरिनल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया, जिन्हें जल्द से जल्द ठीक कराने के लिए संबंधितों को निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय, मुख्य अभियंता मोईनुद्दीन, अधिशाषी अभियंता विद्युत यांत्रिक अजय कुमार राम आदि आधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने पार्षद पद के 21 नामों का किया ऐलान

वाराणसी। नगरीय निकाय निर्वाचन में वाराणसी से कांग्रेस ने नगर निगम के पार्षद पदों के लिए शुक्रवार को पहली लिस्ट जारी करते हुए 21 वार्डों के उम्मीदवारों का ऐलान किया है। उनमें आठ महिला प्रत्याशी हैं। इस सूची में पार्टी के कई निवर्तमान पार्षदों को दोबारा कैंडीडेट बनाया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने इस प्रत्याशियों की घोषणा की है। उन्होंने जिन 21 वार्डों के प्रत्याशियों की प्रथम सूची जारी की है उनमें गोलादीनानाथ, लल्लापुरा, डिठोरी महाल, खजुरी, तरना, पितृकुंड, पिशाचमोचन, सारनाथ, मध्यमेश्वर, रामापुरा, नई बस्ती और हुकुलगंज वार्ड में पुरुष उम्मीदवार हैं। वहीं, जिन आठ वार्डों में पार्टी ने महिला कैंडीडेट्स को अवसर दिया है उनमें जोल्हा दक्षिणी, ओंकालेश्वर, बिंदूमाधव, जलालीपुरा, कमलगढ़हा, मदनपुरा, ककरमत्ता, राजघाट और लल्लापुरा कलां हैं। इन आठ वार्डों में से छह वार्डों के पार्षद पद के लिए मुस्लिम महिलाओं को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे में यह जानकारी दी।


### 'आप' ने पार्षद सीट के लिए 27 नाम किये तय

वाराणसी। आम आदमी पार्टी यानि 'आप' ने शुक्रवार को वाराणसी नगर निगम के पार्षद सीट के लिए 27 वार्डों के प्रत्याशियों के नाम घोषित किये। उनमें से संगठन ने आठ वार्डों में महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। लिस्ट के अनुसार जिन महिलाओं को इलेक्शन लड़ने मौका दिया गया है उनके वार्ड जलालीपुरा, राजघाट, बजरडीहा, सूजाबाद डोमरी, भेलूपुर, पुराना रामनगर, फुलवरिया और कंदवा हैं। इसी प्रकार पुरुष उम्मीदवारों से जुड़े वार्ड अकथा, हुकुलगंज, शिवपुर, सारनाथ, दानियालपुर, कोनिया, प्रह्लादघाट, सूर्यकुंड, रामपुर रामनगर, जोल्हा दक्षिणी, भगवानपुर, शिवदासपुर, रानीपुर, गडेशपुर, डिठोरी महाल, करौंदी, रमरेपुर एवं राजाबाजार हैं। जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पांडेय ने यह जानकारी दी।


पुण्य स्मरण

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

हम आपके चरणों में नमन करते हैं,
ईश्वर आपकी दिव्य आत्मा को शान्ति प्रदान करें.



अवतरण 12 नवम्बर 1942 — प्रयाण 15 अप्रैल 2021

स्मृतिशेष अशोक कुमार सिंह

पूर्व प्रबंधक, तिलकधारी सिंह महाविद्यालय, जौनपुर

द्वितीय पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन

आपकी पावन स्मृति, मधुर व्यवहार एवं आदर्श
व्यक्तित्व सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे.

श्रद्धानवत

डा. कृष्ण प्रताप सिंह (के.पी.)
पूर्व सांसद, जौनपुर

देवेन्द्र प्रताप सिंह
शिवेन्द्र प्रताप सिंह
धर्मेन्द्र प्रताप सिंह

राघवेन्द्र प्रताप सिंह
प्रबंधक
तिलकधारी सिंह महाविद्यालय, जौनपुर

अशोक सिंह फार्मेसी कॉलेज
शंकरगंज, महरुपुर, जौनपुर - 222180 यू. पी.

## संक्षेप

### विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बाबा का किया दर्शन



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को काशी के कोतवाल और बाबा विश्वनाथ के दरबार में मत्था टेका। बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन कर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। दर्शन के बाद उन्होंने धाम की भव्यता भी निहारी। उन्होंने कहा कि श्रीकाशी विश्वनाथ धाम देश ही नहीं दुनिया भर के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को इतना भव्य और दिव्य रूप देने का काम किया है। कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। मंदिर प्रशासन की ओर से उन्हें रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्र भेंट किया गया। इसके बाद महाना संकटमोचन मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पवन पुत्र हनुमान के दर्शन किए।

### पंचायती अटल अखाड़ा के गणेशपुरी श्रीमहंत नियुक्त



**वाराणसी।** पंचायती अखाड़ा के चाक हनुमान विशेश्वरगंज कतुआपुरा के नये श्रीमहंत गद्दी पर गणेशपुरी को नियुक्त किया गया। राजमान राजेश्वरी सभा विराजमान गुरु गजानंद महराज के एकनिष्ठ महंत शिवगिरी के निधन के बाद वर्तमान महंत गणेशपुरी को चाक हनुमान कतुआपुरा का श्रीमहंत बनाया गया। इस अवसर पर महंत बलराम भारतीय, महंत वैभव गिरी, श्री महंत ब्रह्मपुरी, श्रीमहंत पवन गिरी, श्रीमहंत सत्यम गिरी समेत पंचायती अखाड़े के कई महंत मौजूद थे।

### पुलिस आयुक्त ने जांची सुरक्षा व्यवस्था

**सारनाथ।** जी-20 सम्मेलन में विदेशी मेहमानों के भ्रमण को लेकर पुलिस आयुक्त अशोक मूथा जैन ने शुक्रवार को सारनाथ के मंदिर व बुद्धा थीम पार्क की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विदेशी मेहमानों की सुरक्षा, सुविधा आदि के बारे में टिप्स दिया। उन्होंने जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर नगर निगम के साथ मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया। पुलिस आयुक्त सबसे पहले सारंगनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भगवान शोभनाथ व भगवान सारंगनाथ महादेव पर पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक किया। इसके बाद वह पूरे मंदिर का भ्रमण किया और मंदिर को साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस आयुक्त जैन मंदिर पहुंचे। उन्होंने जैन तीर्थकर भगवान श्रेयांसनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके बाद वह बुद्धा थीम पार्क जाकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया व सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि अनाधिकृत दुकानों व ठेला, खुमचों को न लगने दें। इस दौरान एसीपी सारनाथ राजकुमार सिंह, एसएचओ सारनाथ धर्मपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में हुआ सामूहिक जप



**वाराणसी।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट वाराणसी के संयोजन में एकता पार्क, हरिनगर, कालोनी,चंदुआ छित्तूपुर वाराणसी के प्रांगण में चल रहे पांच दिवसीय संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा संग पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के तहत चौथे दिन का कार्यक्रम सामुहिक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग के साथ सुबह 5 बजे से शुरू हुआ। कथा वाचक कमला शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन के लिये ध्यान एवं योग का उतना ही महत्व है जितना शरीर के लिये जल। सुबह 7 बजे से पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम गायत्री महामंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ शुरू हुआ। कथा वाचक कमला शर्मा ने षष्ठ कर्म कराने के साथ विविध संस्कार कराया जिसके तहत 14 लोगों का दीक्षा संस्कार, 2 महिलाओं का पुंसवन संस्कार एवं 3 बच्चों का विद्या संस्कार एवं 2 लोगों को यज्ञोपवीत संस्कार से संस्कारित कराया।

### 'वन स्कूल वन कंट्री' की थीम पर बच्चे कर रहे तैयारी

**वाराणसी।** 'कोन्नीचिवा काशी ए योकोसो' (नमस्कार, काशी में आपका स्वागत है) बोलकर बनारस के बच्चे अपने जापानी मेहमानों का काशी में अभिवादन करेंगे। इसी तरह काशी में जी-20 देशों के मेहमानों का स्वागत उनकी भाषा में करेंगे। इसके लिए 'वन कंट्री वन स्कूल' के तहत मेहमानों के देश की भाषा संस्कृति, संगीत, खानपान, पहनावा आदि को सीख रहे हैं। 'वन कंट्री वन स्कूल' की थीम के लिए 20 माध्यमिक व कान्वेंट स्कूलों के बच्चों को चुना गया है। ये छात्र-छात्राएं जी-20 सम्मेलन के दौरान अपनी प्रस्तुति देंगे। बनारस में 17 से 19 अप्रैल तक होने वाले जी-20 सम्मेलन की तैयारियां योगी सरकार जोरों पर कर रही है। मेहमानों के स्वागत के लिए शहर को सजाया संवारा जा रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा रखने वाले भारत की संस्कृति की जड़े बहुत गहरी हैं और काशी हमेशा से इसका वाहक रही है। साथ ही भारत दूसरे देशों की धर्म व संस्कृति का सदैव सम्मान करता है। जी 20 सम्मेलन के दौरान काशी के छात्र-छात्राएं जी-20 देशों में शामिल देशों के संगीत, संस्कृति, सभ्यता, खानपान, पहनावा आदि सीख रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि 20 स्कूलों में 'वन कंट्री वन स्कूल' के थीम पर तैयारी की जा रही। इसमें अलग-अलग 20 स्कूल, जी-20 देशों में शामिल एक-एक देशों की संस्कृति, संगीत, गीत, नृत्य, व्यंजन, विशेष परिधान आदि के बारे में सीख रहे हैं। कार्यक्रम के तहत इन बच्चों के विभिन्न जगहों पर परफॉरमेंस होंगे। इससे जी-20 देशों के मेहमान काशी में जुटेंगे तो उनको भारत की धरती पर अपनेपन का एहसास हो। एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य की राह पर आगे बढ़ने के लिए जब 20 आर्थिक महाशक्ति वाले देश के डेलीगेट काशी में जुटेंगे, तो ऐसे में उन्हें यहां अपनेपन का एहसास होगा।

# पार्सल अनलोडिंग रात दस बजे तक, व्यापारियों को राहत

**सुविधा**

**कैंट स्टेशन के पार्सल का समय बढ़ने से रेल राजस्व में भी इजाफा**

**सेम डे अनलोडिंग होने के चलते व्यापारियों को वार्फेज की हो रही बचत**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के पार्सल विभाग का समय रात दस बजे तक बढ़ने से सबसे ज्यादा व्यापारियों को सहूलियत हो रही है। रात दस बजे तक पार्सल के अनलोडिंग होने के चलते बाहर से आने वाले बहुत से पार्सल व्यापारी उसी दिन छुड़ा ले रहें हैं इससे ना सिर्फ वह ज्यादा वार्फेज देने से बच रहें हैं बल्कि एक ही पार्सल के लिए स्टेशन पर वह दो से तीन बार आने में बच रहें हैं।



कैंट स्टेशन के पार्सल का समय शाम छह बजे तक किया गया था, व्यापारियों की मांग पर बीते कुछ माह पूर्व इसका समय रात दस बजे तक कर दिया गया। जिससे व्यापारी के साथ ही अन्य लोगों के लिए भी सुविधाजनक साबित हो रही है। लखनऊ से पंजाब मेल से एक बाइक को बुक कराने वाले धमेन्द्र बताते हैं कि शाम को ट्रेन आने के बाद उसे अनलोडिंग करा लिया गया जो हम सभी के लिए सुविधा जनक है। इसके साथ ही रात दस बजे तक लोडिंग होने से रेलवे राजस्व में भी इजाफा हो रहा है।

**बोले व्यापारी**

राजादरवाजा के एक व्यापारी रामलखन गुप्ता बताते हैं कि वह हावड़ा से होजरी का काम करते हैं, उनका पार्सल एक निश्चित ट्रेन से शाम पांच से सात के बीच में कैंट स्टेशन पर आ जाता है, पहले पार्सल आने के बाद दूसरे दिन उसे छुड़ाना पड़ता था इसके साथ ही वार्फेज भी अधिक लगता था लेकिन अब उसी दिन पार्सल को छुड़ा लिया जाता है। इसी तरह चौक के व्यापारी सावजी रेशम वाले भी रात दस बजे तक पार्सल खुला रहने को सुविधाजनक बताते हैं।

## घटिया निर्माण सामग्री पर नाली का काम रुकवाया

**पिंडरा।** विकास खंड के मानी गांव में राजकीय नलकूप से सिंचाई के लिए ध्वस्त नाली निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग होने का आरोप लगाते हुए किसानों ने काम को रोकने के साथ सिंचाई विभाग के भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की। गांव में 600 मीटर ध्वस्त हुए नाली का निर्माण ठीकेदार द्वारा कराया जा रहा है। शुक्रवार को पहुंचे किसानों ने दोयम दर्जे के ईट व घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए मौके पर अधिकारियों को बुलाने की मांग की। किसी भी अधिकारी व ठीकेदार के न पहुंचने पर ग्रामीणों ने कार्य को रुकवा दिया। किसान अजय सिंह ने बताया कि कई बार चेतावनी के बाद भी कार्य शैली न सुधारने पर शुक्रवार को हम लोगों की ओर से काम रुकवा दिया गया है। शनिवार को किसान तहसील दिवस पर शिकायत करेंगे।

# कोरोना के दस और संक्रमित मरीज मिले

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** टीकाकरण के बाद भी एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दे दी है। लगातार मिल रहे मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। शुक्रवार को जिले में दस नये कोरोना के मरीज मिलने से इनकी संख्या 125 हो गयी। शुक्रवार को मिले दस मरीजों में पुरुषों की संख्या जहां सात है वहीं संक्रमित महिलाओं की संख्या तीन है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिले रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को कुल 10 मरीज मिलने से लोगों में एक बार फिरकोविड को लेकर परेशानी बढ़ी है। शुक्रवार तक जहां 54 मरीज होम आइसोलेशन में रखे गये हैं वहीं एक मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अभी तक कुल 70 मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है कि वह सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर कम जाएं, इसके साथ ही मास्क का प्रयोग जरुर करें।



**इन स्थानों पर मिले कोरोना के मरीज**

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार जिले में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के लाल बहादुर शास्त्री हॉस्टल, नार्गाजुन गर्ल्स हॉस्टल जिन्होंने बीते दिनो ट्रेन के माध्यम से दिल्ली से वाराणसी तक का सफर तय किया था, मोरवी हॉस्टल, गोलाघाट रामनगर, बीएचयू अरविन्दो कॉलोनी, डीआईजी कॉलोनी, शिवपुर जिन्होंने वाराणसी से तमिलनाडु की यात्रा हवाई जहाज से तय की थी। देवकी नगर कॉलोनी शिवपुर, परशुरामपुर पहड़िया, महमूरगंज।

# समय से बच्चों व गर्भवती का टीकाकरण हो: सीएमओ

**वाराणसी।** राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के लिए आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) को प्रशिक्षित किया जा रहा है। चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी के निर्देशन में सीएचओ के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। डॉ संदीप ने बताया कि इस दौरान 55 सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया। अब तक 154 सीएचओ को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

शेष सीएचओ को आगामी दिवसों में प्रशिक्षित किया जाएगा। सीएमओ ने समस्त सीएचओ से कहा कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समय-सारणी के अनुसार जिले के सभी बच्चों व गर्भवती का टीकाकरण सुनिश्चित करें। समुदाय का कोई भी बच्चा व गर्भवती टीकाकरण से न छूटे, इसके लिए एएनएम और आशा कार्यकर्ता का लगातार पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। जागरूकता और पर्यवेक्षण के न होने से जनपद में बहुत बच्चों का टीकाकरण छूट रहा है। इसके कारण मीजिल्स, डिप्थीरिया व अन्य बीमारियों से ग्रसित बच्चे मिल रहे हैं। इसलिए ज्यादा ध्यान छूटे हुये बच्चों के टीकाकरण और उसके प्रति उदासीन परिवारों को जागरूक कर सभी को टीका लगवाएं। समुदाय के प्रति संवेदनशील हों और अपने कार्यों के प्रति उत्तरदायी बनें। उन्होंने सभी सीएचओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सेवा परमो धर्मः की अवधारणा से कार्य करें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले के 208 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ तैनात हैं।

### महाप्रभु वल्लभाचार्य की जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**वाराणसी।** जगद्गुरु श्रीमद् वल्लभाचार्य महाप्रभु का 546वां त्रिदिवसीय प्राकट्य महोत्सव 15 से 17 अप्रैल तक षष्ठपीठ गोपाल मंदिर चौखम्भा में सोल्लास मनाया जायेगा। यह जानकारी श्याम मनोहर महराज ने बताया कि प्रथम दिन 15 को मंगला दर्शन के पूर्व पुष्टि ध्वजारोहण व भक्ति का डंका भारत में महाप्रभु ने बजवाया गीत का गायन होगा। इसके बाद सुदर्शनजी का दुग्धाभिषेक होगा। 16 को प्रातः मंगला दर्शन के समय गिरिराज का दुग्धाभिषेक व पाठ होगा। सायंकाल चार बजे महाप्रभु की शोभायात्रा गोपाल मंदिर से निकली जायेगी। मौके पर महाप्रभु का पंचोपचार पूजन, बधाई गान व काशी के विद्वानों का सम्मान होगा। तीसरे दिन 17 को सुश्री तेजस्वनी वर्णीकर का शास्त्रीय गायन व प्रसिद्ध नृत्यांगना डा. ममता टंडन व पं. रविशंकर मिश्र का कथक नृत्य होगा।

# डीएवी के छात्रों ने शुरू किया जी-20 पर सर्वेक्षण

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा शहर में होने वाले वैश्विक सम्मलेन जी-20 पर दो दिवसीय जन-सर्वेक्षण शुक्रवार को शुरू किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न समूहों में शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जाकर आम जनमानस से जी -20 के बारे में उनकी विचारों एवं इस वैश्विक सम्मलेन से काशी को होने वाले लाभ को रेखांकित कर प्रश्न पूछे गए। वहीं विभाग की ओर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका रिपब्लिका का विमोचन भी पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्यदेव सिंह द्वारा किया गया। इसके साथ ही पॉल क्वेस्ट में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुस्तकें पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. राकेश मीणा, गौरव मिश्रा आदि उपस्थित रहें। सर्वेक्षण में अंजली त्रिपाठी, सुधांशु कौशिक, अमन प्रसाद, आशुतोष राजपूत, अमन झा, आदि, रचित साहा, सोनू निगम, दिव्यानी विश्वकर्मा, आलोक, श्रीपद आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत-विरऊपुर वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-मुरहिया देवी**
**ग्राम पंचायत-विरऊपुर**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-सरोज सिंह**
**ग्राम पंचायत-विरऊपुर**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-भिक्खीचौरा वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-सुमन्त सिंह**
**ग्राम पंचायत-भिक्खीचौरा**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-रजनीकान्त पाण्डेय**
**ग्राम पंचायत-भिक्खीचौरा**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

## काशी में 30 किमी के दायरे को एकरूपता दी जा रही

**वाराणसी।** जी-20 सम्मेलन के मेहमानों के आने जाने वाले रास्तों को अलग अलग तरह से सजाया संवारा जा रहा है। शहर के कुछ खास रास्तों को खास रंगों में किया जा रहा है। करीब 30 किलोमीटर के रास्ते में आने वाले दुकान और घरों में एकरूपता लाने के लिए उनको खास रंगो से रंगा गया है। वीडीए के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने जानकारी दी कि ताज होटल से मेहमानो के कार्यक्रम स्थलों और काशी दर्शन के लिए आने-जाने वाले मार्गो में एकरूपता लाने के लिए सड़क के दोनों तरफ के घरों और दुकानों को सफेद और क्रीम कलर में रंगा गया है। वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया की 30 किलोमीटर के रुट में लगभग 2000 स्ट्रक्चर को रंगा गया है, जिसमें ताज होटल से सारनाथ, नामोघाट, टीएफसी, एयरपोर्ट, कैंटोमेंट, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, मैदागिन आदि मार्गो में पड़ने वाले घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। वाराणसी में जी-20 सम्मेलन की 6 बैठक प्रस्तावित हैं। इसकी पहली एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक होनी है।

# टीबी मुक्त पंचायत अभियान में ग्राम प्रधान की भूमिका अहम

जनसंदेश न्यूज

**अभियान**

**चोलापुर ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधानों का हुआ संवेदीकरण**

**वाराणसी।** टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत चोलापुर ब्लाक के सभी ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिव का एक दिवसीय संवेदीकरण किया गया। संवेदीकरण कार्यक्रम खंड विकास अधिकारी कार्यालय सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ पीयूष राय, खंड विकास अधिकारी विमल पाण्डेय, सीएचसी चोलापुर के अधीक्षक डॉ आरबी यादव व सहायक खंड विकास अधिकारी के निर्देशन व पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने समस्त प्रतिभागियों को क्षय रोग के लक्षण, जांच, निदान, सम्पूर्ण उपचार, प्रचार-प्रसार, समुदाय में फैली भ्रांतियों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) ने बताया कि विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से टीबी मुक्त पंचायत अभियान की शुरूआत की थी। इसके साथ ही देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराया था। पंचायत स्तर से टीबी मुक्त अभियान को जोर देने के लिए सभी को कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना होगा। जनपद में चोलापुर ब्लॉक से इस पहल की शुरूआत की गई है। इस कार्य में ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिव व सदस्यों की अहम भूमिका होगी। डीटीओ ने समस्त ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव से अपील की है कि चोलापुर ब्लॉक के सभी 89 ग्राम पंचायतों में लोगों को टीबी के बारे में जागरूक करें। पंचायत स्तर पर होने वाली सभी बैठकों में टीबी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने, टीबी रोग को न छिपाने और उसका सम्पूर्ण उपचार (एक भी दिन दवा न छूटने) कराने आदि के बारे में प्रेरित करेंगे। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से भी सहयोग लिया जाएगा। सभी के सहयोग और हर व्यक्ति तक पहुँचकर ही यह अभियान सफल हो सकता है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-पटखौलिया वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-हेमराज बिन्द**
**ग्राम पंचायत-पटखौलिया**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-रजनीकान्त पाण्डेय**
**ग्राम पंचायत-पटखौलिया**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-सुजानपुर वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-माधुरी देवी**
**ग्राम पंचायत-सुजानपुर**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-रजनीकान्त पाण्डेय**
**ग्राम पंचायत-सुजानपुर**
**वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

# बाबा साहब की बढ़ती जा रही प्रासंगिकता: वीरेन्द्र सिंह मस्त

**आयोजन**

### धूमधाम से मनायी गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**बलिया।** कलेक्ट्रट परिसर स्थित अंबेडकर संस्थान में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एस प्रताप वैद्य ने दीप प्रज्जवलित करके किया। तत्पश्चात भंतेगण तथा उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना किया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आज बाबा साहब के नाम पर सरकार बन एवं बिगड़ सकती है।


अंबेडकर संस्थान में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त एवं अन्य

कहा कि बाबा साहब ने वंचित समाज के मुद्दे उठायें और पूरे समाज को प्रभावित किया। लोकतंत्र में उनकी जगह निरंतर बढ़ती चली जा रही है। मुख्य अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर बहुत मार्मिक विचार व्यक्त किया। कहा कि बाबा साहब ने अपने विचार दर्शन में श्रम शक्ति को प्रधानता दिये। कहा कि बाबा साहब की प्रासंगिकता बढ़ती जा रही है। श्रीराम प्रसाद सरगम ने गीत के माध्यम से बाबा साहब पर विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोरख पासवान, राजन कन्नौजिया, गंगासागर गुप्त, डॉ. अनिल कुमार यादव, सत्यम पासवान, रामचंद राम, जयप्रकाश साहू, गुलबदन बौद्ध, विजय शंकर राम, प्रभुनाथ राम, वीरबहादुर, आरडी गौतम, छोटेलाल, स्वामीनाथ, बेचू राम, पतिराम, दया मास्टर, अशोक कुमार, इंद्रसेन, अनिल पासवान आदि मौजूद रहे। संचालन वकील राम ने किया।

## बाबा साहब के आदर्शों एवं संघर्षों से लें प्रेरणा: जिउत गोंड



**बलिया।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं इंडियन पीपुल्स सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती मॉडल तहसील के समीप मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर 'बाबा साहब अमर रहें' का नारा लगाया गया। शिवशंकर खरवार ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर की जयन्ती मनाना अपने आपमें गर्व का विषय है। मुख्य वक्ता जिउत गोंड ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनों, संगठित हो और संघर्ष करों। इसे आत्मसात करने की आवश्यकता है। विकास के मात्र दो ही जादुई हथियार है और वह है शिक्षा एवं संगठन। शिक्षा के बल पर ही बाबा साहब सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के ज्ञान के प्रकाश पुंज बन गये हैं। आज की युवा पीढ़ी को उनके संघर्षों व आदर्शों से प्रेरणा लेकर आन्दोलन चलाने की जरूरत है। अरविन्द गोंडवाना ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित भारतीय संविधान की उद्देशिका का हर घर-घर में पाठ किया जाना चाहिए। भारतीय संविधान की उद्देशिका ही शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीब वर्ग के मुक्ति का मंत्र है। इसे भारत में पूर्ण रूप से लागू कर अनुपालन कराने के लिए राष्ट्रव्यापी संगठित आन्दोलन छेड़ने की आवश्यकता है। इसके लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गांव-गांव में संविधान जागरण अभियान चला रही है। इस अवसर पर मनोज शाह, सुरेश शाह, संजय गोंड, ओमप्रकाश गोंड, परशुराम खरवार, शिवशंकर खरवार, ओमप्रकाश खरवार, राकेश यादव, गौतम यादव, दीपक गोंडवाना, महेश प्रसाद, प्रमोद गोंड, सूचित गोंड आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुमेर गोंड तथा संचालन परशुराम खरवार ने किया।

### बच्चों में वितरित किया कापी-कलम



**बेल्थरारोड।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सीयर ब्लाक के ग्राम सभा बांसपार बहोरवा के चौहान बस्ती में समाजसेवी अरशद हिन्दुस्तानी के नेतृत्व में बच्चों को कापी-कलम बांटकर शिक्षा का जीवन में महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कहा गया कि बिना शिक्षा के किसी भी समाज की गरीबी दूर नहीं हो सकती। कहा कि आम जनमानस अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से कहें कि वह अपने बच्चों को जिस तरह शिक्षा दिलाते हैं, वैसी ही शिक्षा व्यवस्था हमारे बच्चों को प्रदान कराए। इस बात का एहसास दिलाएं कि देश की तरक्की समान शिक्षा से ही हो सकती है। इस अवसर पर राहुल लाल भारती, अजीत चौहान, बृजेश चौहान, प्रवीण चौहान, राज चौहान, गुड्डू चौहान आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनी बाबा साहब की जयंती

**बांसडीह।** क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार को बांसडीह-मनियर मार्ग पर स्थापित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर विभिन्न राजनैतिक दलों के लोगों एवं समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। भाजपा बांसडीह मंडल के अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई की। तत्पश्चात बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा किये गये ऐतिहासिक योगदान को याद किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन धीरेंद्र बहादुर सिंह, पूनम गुप्ता, राकेश मिश्रा, अभिषेक मिश्र मिंटू, संजय कुमार सिंह मुन्ना जी, शत्रुघ्न सिंह, सुनील कुमार सिंह बबलू, विजय कुमार गुल्लर, मनोज साहू, रंजना सिंह, छोटेलाल शर्मा, युवराज सिंह आदि मौजूद रहे। इधर, गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब का मानना था कि सभी जाति के लोगों को एक जैसा अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कई महत्वपूर्ण आंदोलनों में हिस्सा लिया। बाबा साहब के आदर्शों से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर तेजबहादुर रावत, अनिल पांडेय, मुन्ना सिंह, राजेश पांडेय, रविंद्र मिश्रा, मोहम्मद जुमराती, अरुण पांडेय, अमित भारती, राकेश पासवान, राजेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

## बाबा साहब के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** बसपा के तत्वावधान में कदम चौराहा गौशाला रोड स्थित एक मैरेज हाल में शुक्रवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी गई। मुख्य अतिथि आजमगढ़ मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी राधेश्याम भारती ने कहा कि बाबा साहब के लिखित संविधान के तहत देश चलता है। संविधान में सर्वसमाज के साथ ही खास तौर पर एससी, एसटी, ओबीसी के लिए व्यवस्था बनी है। इसकी वजह से लोगों को सुविधाएं मिलती है। इस अवसर पर श्यामसुंदर पटेल, अजय राम, चंद्रशेखर माली, धनजी भारती, मनोज राम, छोटेलाल भारती, बनारसी राम, सरल राम, संदीप प्रसाद, संगीता देवी, किसमतिया देवी, प्रभुनाथ राम, हरिहर प्रधान, हरिहर मास्टर, अशोक पांडेय, विनोद दूबे, विनोद वर्मा, मनोज राम, धनु खरवार, अजीत राम, चुन्ना खां, सुनिल पासवान, भरत पासवान, मोहन धुसिया, सुनिल, अनिश आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ब्रजेश बौद्ध तथा संचालन कृष्ण कुमार भारती ने किया।

## समानता व समरसता के पक्षधर थे बाबा साहब : छट्ठू राम


बाबा साहब की जयंती पर नारा लगाते छट्ठू राम एवं अन्य

**बेल्थरारोड।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शुक्रवार को चौकिया मोड़ स्थित डॉ. अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर पूर्व मंत्री छटठू राम के नेतृत्व में लोगों ने पुष्प अर्पित किया। पूर्व मंत्री छटठू राम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के दबे-कुचले लोगों को सविंधान के माध्यम से हक दिलाने का कार्य किया। कहा कि वे जीवन पर्यन्त लोगों को न्याय दिलाने के लिए लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर समानता और समरसता के प्रबल पक्षधर थे। अन्य वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व मंत्री छट्ठू राम ने क्षेत्र के तिरनई खिजीरपुर, कोठिया, वीरभानपुर तथा पतनारी में भी बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और पूर्वांचल विकास बोर्ड के चेयरमैन को बाबा साहब की पुस्तक भेंट किया। इस मौके पर पूर्व सांसद बब्बन राजभर, भाजपा जिला मंत्री आलोक शुक्ल, पूर्व प्रधान मोहन राम, सविता पटेल, डा. दयानन्द वर्मा, अरविंद गौतम, सोनू गुप्ता, अरुण तिवारी, ओमप्रकाश, अमित जायसवाल, आलोक गुप्ता, विनोद, दीपक कुमार, दिलीप कुमार, गुड्डू राम, शमशेर सिंह, उमेश, सुशीला भारती, रम्भा तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब की जयंती पर विधायक ने काटा केक


रसड़ा में बाबा साहब की जयंती पर केक काटते विधायक उमाशंकर सिंह एवं अन्य

**रसड़ा।** नगर के गांधी पार्क के मैदान में शुक्रवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसपा विधान मंडल दल के नेता विधायक उमाशंकर सिंह ने सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर देश के मसीहा थे। क्योंकि उन्होंने संविधान को लिखा। गरीबों एवं समाज के दबे-कुचले को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान से अपना हक और अधिकार मिला। तत्पश्चात विधायक श्री सिंह ने केक काटा। उन्होंने नगर पालिका परिषद रसड़ा में विनय शंकर जायसवाल बसपा का प्रत्याशी घोषित किया। इस अवसर पर हीरालाल कौशल, नंदलाल राम, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सतीश सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रभाकर राम, इनल सिंह, संजय सिंह, महेंद्र कुमार, विनोद कुमार, सुनील कुमार, संतोष पांडे, सुरेश चंद जायसवाल, राजेश कुमार गुप्ता, सुबोध शंकर, गौतम बुद्ध, दयाशंकर विद्यार्थी, गोपाल जी जायसवाल, योगेंद्र जायसवाल, डा. गोविंद जी, हरिप्रसाद, भगवान जी, रंजीत कुमार, लालजी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डा. अश्विनी कुमार तथा संचालन संतोष त्रिशरण ने किया।

## संक्षेप

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** रसड़ा पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.100 किग्रा गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अवैध रूप से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उनि अमरजीत यादव मय फोर्स देखभाल क्षेत्र, सन्दिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करते हुए मन्दा मोड़ के पास मौजूद थे। इसी बीच मूखबीर से मिली सूचना के आधार पर गैस एजेन्सी के बगल स्थित नहर के पास से अभियुक्त हरिकेश चौहान पुत्र केशव चौहान निवासी छिब्बी, थाना रसड़ा को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1.100 किग्रा गांजा बरामद हुआ।

### श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दिया दान

**बलिया।** सतुआन के दिन सत्तू खाने की परंपरा बहुत पुराने समय से रही है। इसी परंपरा के अनुसार क्षेत्र के शिवपुर घाट व सती घाट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर भिक्षुओं को दान किया। इसके बाद पंडितों को सत्तू-गुड़ का दान किया गया। कुछ लोगों ने आम के टिकोढे की चटनी के साथ सत्तू का सेवन किए तो कई लोगों जौ की सत्तू व गुड़ का सेवन किया। बैशाख माह का गंगा स्नान इसी दिन से शुरु हो गया। साथ ही खरमास का समापन भी हो गया। इसके बाद शुभ मांगलिक कार्य शुरू हो जाएगें।

### 19 पेटी बीयर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चांद दियर चौकी पुलिस ने तस्करी के लिए बिहार जा रहे 19 पेटी बीयर के साथ एक तस्तर को शुक्रवार की दोपहर में टोला बाज राय के निकट स्थित एक ईंट-भट्ठे के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने बीयर को जब्त करते हुए आरोपी तस्कर को सुसंगत धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर चांद दियर चौकी इंचार्ज गुरु प्रसाद सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ टोला बाज राय के निकट एक ईंट-भट्ठे के पास से घेराबंदी कर 19 पेटी बीयर (456 केन) बरामद कर लिया। इसकी कीमत बाजार में एक लाख रूपये बताई जा रही है। पुलिस को देख बीयर छोड़कर एक युवक भागने लगा। पुलिस ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। उसने बताया कि गरीबा टोला घाट के रास्ते इसे लेकर बिहार जा रहा था कि पकड़ा गया। उसने स्वीकार किया कि काफी दिनों से वह बीयर और शराब की तस्करी में संलिप्त था। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम अनुज ठाकुर पुत्र शंकर दयाल ठाकुर निवासी बड़का बैजू टोला, थाना रिविलगंज, जनपद सारण, बिहार बताया। पुलिस ने बीयर जब्त करते हुए उक्त युवक को चालान न्यायालय कर दिया।

### सड़क के किनारे मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**फेफना।** फेफना-रसड़ा राजधानी रोड पर संत थामस स्कूल एकौनी के समीप एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह फेफना-रसड़ा राजधानी रोड के किनारे संत थामस स्कूल एकौनी के समीप एक 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पास्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में जुटी हुई है। मृतक हरा रंग का टी शर्ट, नीला रंग का ट्रैक सूट, सफेद गमछा और हवाई चप्पल पहने हुआ था।

### चितबड़ागांव में चलाया जा रहा सफाई अभियान



**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश के क्रम में नगर पंचायत चितबड़ागांव में साफ-सफाई के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस सन्दर्भ में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चितबड़ागांव अनिल कुमार ने बताया है कि संचारी रोग रोकथाम के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसमें मेरे नेतृत्व में रोज दोनों समय अपनी देखरेख में सफाई अभियान के साथ ही कीटनाशक गमकसीन के साथ मच्छर को मारने के लिए एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। ईओ ने कहा कि तीन शिफ्ट में कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले शिफ्ट में साफ-सफाई के बाद लोग अपने दुकान या घर का कूड़ा अपने पास ही रखें या तो समय से पहले दे दे या दूसरे शिफ्ट में हमारे कर्मचारी जाएं तो पूरा हैंड ओवर कर दे, ताकि साफ-सफाई बनी रहे। नगरवासियों का सहयोग मिलेगा तो साफ-सफाई में कोई शिकायत नहीं मिलेगा। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है।

### रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए लोग



**बांसडीह।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी धीरेंद्र बहादुर सिंह चुन्ना ने शुक्रवार को बड़ी बाजार स्थित आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी किया। इस दौरान समाजसेवी धीरेंद्र बहादुर सिंह ने समस्त हिंदू-मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई देते हुए समस्त जनता जनार्दन से ईद की खुशियां आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया। धीरेंद्र बहादुर सिंह चुन्ना ने कहा कि रमजान का पवित्र माह हमे ईमान से जीने की सीख देता है। इस अवसर पर सज्जाद अनवर, कादिर शाह, नजीरुद्दीन नजीर, एखलख अहमद, अजहर हुसैन, अब्दुल हक, लाल साहब, भोला मिया, बदरे आलम, विजय कुमार गुल्लर, मनोज साहू, हरिकृष्ण वर्मा, यशपाल सिंह, हरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, रणजीत चौधरी, उमेश मिश्र, रामजी यादव, चंद्रशेखर यादव आदि मौजूद रहे।

# पानी टंकी को चालू करने की मांग

**गुहार**

### ग्रामीणों ने दी सड़क पर उतरने की चेतावनी

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगदेवा अंतर्गत चिंतामणि राय के टोला में एक करोड़ रुपए की लागत से स्थापित पानी टंकी का अभी तक पाइप लाइन नहीं बिछाने एवं पानी टंकी को नहीं चालू करने के कारण ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था जल निगम पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। वही, उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र को भी ज्ञापन देकर पानी टंकी को चालू कराने का आग्रह किया है। उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

उल्लेखनीय है कि चिंतामणि राय के टोला गांव में तीन वर्ष पूर्व जल निगम द्वारा पानी टंकी का निर्माण कराया गया। गांव में पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढे खोदे गए, तबसे


चिंता मणि राय के टोला में स्थापित पानी टंकी

गड्ढे खुदे हुए पड़े हैं। उसमें पाइप नहीं डाला गया है। इन गड्ढों में गिरकर कई जानवर व बच्चे घायल हो चुके हैं। जल निगम इस पानी टंकी को क्यों चालू नहीं कर रहा है? क्यों पाइपलाइन बिछाने के लिए गड्ढा खोदकर तीन वर्षों से छोड़ दिया है? इस बाबत जल निगम का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी

> इस पानी टंकी की टेस्टिंग हुई है। पाइप लाइन बिछाकर इसे जल्दी से चालू किया जाएगा। इसके लिए जल निगम गंभीर है।
>
> धर्मनाथ यादव, अवर अभियंता, जल निगम

संतोषजनक उत्तर देने को तैयार नहीं है। ग्राम प्रधान सतन यादव, संजय सिंह, संतोष सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने चेताया है कि तत्काल पाइप लाइन का काम पूरा कर अगर पानी टंकी नहीं चालू किया गया तो ग्रामीण जल निगम के खिलाफ सड़क पर उरतने को बाध्य होंगे। ग्राम प्रधान सतन यादव ने बताया कि इससे पहले तत्कालीन जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल से मिलकर गुहार लगाई गई थी, किंतु जल निगम ने कोई कार्रवाई नहीं किया। जल निगम के खिलाफ पूर्व में धरना प्रदर्शन भी हो चुका है। अगर इस भीषण गर्मी के मौसम में पानी टंकी चालू नहीं किया गया तो जल निगम के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए ग्रामीण सड़क पर उतरेंगे। वही, न्यायालय में भी मुकदमा दाखिल किया जाएगा।

# अस्पतालों में चल रहा भ्रूण हत्या का खेल

**बैरिया।** विभागीय नुमाइन्दों की अक्रमण्यता एवं मिलीभगत से मेडिकल टर्मिनेशन आफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) एक्ट के नियमों को दरकिनार कर अवैध भ्रूण लिंग के परीक्षण तथा गर्भपात का खेल क्षेत्र के बैरिया, रानीगंज बाजार सहित ग्रामीण इलाकों के कई निजी नर्सिंग होम/अस्पतालों में चल रहा है। उनका पंजीकरण भी नहीं है। फिर भी जिम्मेदार मौन व निष्क्रिय है।

बता दें कि बड़े शहरों में प्रशासन की सतर्कता के चलते लिंग परीक्षण का कार्य बंद है अथवा कराना काफी महंगा प्रमाणित हो रहा है, किंतु ग्रामीण इलाकों में गैर कानूनी तरीके से संचालित अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में भ्रूण हत्या का धंधा खुलेआम हो रहा है। अस्पताल संचालक एमटीपी एक्ट में पंजीकरण कराना उचित नहीं समझ रहे हैं। वह सीधे गर्भवती की ही परीक्षण कर बता दे रहे हैं कि आपके गर्भ में पल रहा बच्चा नर है या मादा। ऐसे अस्पताल व निजी नर्सिंग होम का पंजीकरण भी नही है। सबकुछ जान कर भी यहां संचालित सरकारी अस्पतालों के चिकित्साधिकारी यह कह कर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं

**मिलीभगत**

### नियमों को दरकिनार कर हो रहा लिंग परीक्षण

> अवैध नर्सिंग होम या जांच घर की समय-समय पर जांच की जाती है। कई बार ऐसे गैरकानूनी संस्थानों को बंद कराया गया है, किंतु फिर एक महीने बाद ऐसे लोग निजी अस्पताल, नर्सिंग होम अथवा जांच घर चुपे-चोरी चालू कर देते हैं। जल्दी इसके रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। गैर कानूनी तरीके से यह कार्य करने की इजाजत किसी को नही दी सकती है।
>
> डा. विजय कुमार यादव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, बलिया

कि इसकी जांच हम लोगों के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। मुख्य चिकित्साधिकारी स्वयं जांच करेंगे। या उनके द्वारा नामित अधिकारी उनके निर्देश पर इसकी जांच करेगा। फलस्वरूप यह धंधा कुकरमुत्ते की तरह बढ़ता जा रहा है।

# बलात्कार का आरोपी युवक गिरफ्तार

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र में एक 21 वर्षीया युवती के साथ कथित रूप से उसके भाई के दोस्त द्वारा बलात्कार करने एवं युवती की आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। बलिया शहर कोतवाली के निरीक्षक, अपराध संजय शुक्ल ने बताया कि रेवती थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 21 वर्षीया युवती जिला मुख्यालय पर बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहती है। युवती ने 11 अप्रैल को तहरीर दिया कि रेवती थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले उसके भाई के दोस्त अप्पू कुमार यादव ने छह अप्रैल को उसके साथ बलात्कार किया तथा उसकी आपत्तिजनक तस्वीर बनाकर व्हाट्सएप पर सार्वजनिक कर दिया। इसके बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने बताया कि युवती की तहरीर पर 11 अप्रैल को अप्पू कुमार यादव के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी अप्पू कुमार यादव को गुरुवार को जिला मुख्यालय के एनसीसी चौराहा से गिरफ्तार कर लिया।

# 24 घंटे में मुकदमा दर्ज करने का आदेश

जनसंदेश न्यूज

**बांसडीह।** क्षेत्र के विद्याभवन नरायनपुर एजुकेशनल एसोसिएशन द्वारा संचालित यमुना प्रसाद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों की जमा की गयी फीस हड़पने और विद्यालय को आर्थिक नुकसान पहुंचाने को लेकर संस्था के एक सदस्य की याचिका पर न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम तपस्या त्रिपाठी ने बांसडीह कोतवाली को 24 घंटे में मुकदमा दर्ज कर रिपोर्ट की प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं।

इस संबंध में याची प्रवीण सिंह द्वारा अपनी याचिका में कहा गया है कि यमुना प्रसाद इंटर कालेज विद्याभवन नरायनपुर एजुकेशनल एसोसिएशन द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त एवं अनुदानित इंटर कालेज है। याची उक्त संस्था का आजीवन सदस्य है। उक्त कालेज के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पांडेय द्वारा विगत चार शैक्षणिक सत्र

**कार्रवाई**

### न्यायालय के आदेश से विद्यालय में मचा हड़कंप

2019-20 से लेकर 2022-23 तक छात्रों का शुल्क संग्रह करने के बावजूद विद्यालय के बैंक खाते में जमा नही कराये गये हैं। इसमें कुल जमा शुल्क 4 लाख 99 हजार 580 रुपये हड़प लिये गये है। साथ ही विद्यालय को आर्थिक नुकसान पंहुचाया गया है। इस संबंध में याची प्रवीण सिंह की याचिका पर न्यायालय द्वारा बांसडीह पुलिस को 24 घंटे में मुकदमा दर्ज कर उसकी प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिये गए हैं।

न्यायालय के आदेश के बाद विद्यालय प्रशासन में हलचल मची हुई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर बांसडीह योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि न्यायालय का आदेश प्राप्त हुआ है। आदेशानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### हेमंत हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** शहर के बीचो-बीच स्थित सतीश चन्द्र कालेज के बाहर निर्मम तरीके से की गई टीडी कालेज के छात्रनेता हेमंत यादव की हत्या मामले में पुलिस एक्शन मोड में हैं। हत्याकांड के 24 घंटे के अंदर सात आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी पुलिस ने मुख्य आरोपी टीडी कालेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष शिप्रांत सिंह गौतम को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में चालान न्यायालय कर दिया। गौरतलब हो कि मंगलवार को सतीश चंद्र कालेज के पास कुछ युवकों ने टीडी कालेज के छात्रनेता पकड़ी थाना क्षेत्र के धड़सरा निवासी हेमंत यादव पर हमला कर दिया था। हेमंत के बचाव में आए साथी सुखपुरा थाना क्षेत्र के जीराबस्ती निवासी आलोक यादव के साथ भी हमलावरों ने मारपीट की। दोनों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हेमंत को रेफर कर दिया। परिजन हेमंत को लेकर मऊके निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतक के भाई सचिन यादव ने नौ नामजद और 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया। मामले में एसपी राजकरन नय्यर ने एएसपी डीपी तिवारी के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की।

# हमें अपने बुजुर्गों का रखना चाहिए ध्यान : रविन्द्र कुशवाहा

**कार्यक्रम**

### सांसद एवं विधायक ने किया आठ विकास कार्यों का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज

**रेवती।** स्थानीय विकास खण्ड अन्तर्गत विशुनपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद रविन्द्र कुशवाहा एवं विधायक केतकी सिंह ने ग्राम सभा में कराये गये आठ विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्राम प्रधान अर्जुन चौहान की दादी राजमुनि देवी की पुण्यतिथि समारोह में सांसद रविन्द्र कुशवाहा एवं विधायक केतकी सिंह ने सैकड़ों महिला-पुरूषों में वस्त्र वितरित किया।

सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों का ध्यान रखना चाहिए। जिस तरह बिशुनपुरा ग्राम प्रधान ने विकास कार्य किए हैं, उससे अन्य ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधानों को सीख लेना चाहिए, ताकि उन ग्राम सभाओं का विकास होने के साथ-साथ


विकास कार्यों का उद्घाटन करते सांसद रविन्द्र कुशवाहा एवं विधायक केतकी सिंह

आम लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने सांसद निधि से एक सीसी मार्ग बनाने का ऐलान किया। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मोदी-योगी सरकार सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य कर रही है। इसका ज्वलंत उदाहरण आपके सामने है कि बिशुनपुरा ग्राम सभा में आठ विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। विधायक केतकी सिंह ने अपनी निधि से ग्राम सभा में दो मार्ग बनवाने की घोषणा किया। इस मौके पर भाजपा जिला कार्य समिति के सदस्य कौशल सिंह, क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह, दिनेश तिवारी, राणा प्रताप यादव दाढ़ी, अभिज्ञान तिवारी, राणा योगेन्द्र विक्रम सिंह मांडलू, शम्भू शरण बेहाल, आशुतोष सिंह गुड्डू, मिथिलेश तिवारी, राकेश वर्मा, धनंजय सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी शशांक शेखर पाण्डेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता विजय प्रताप सिंह तथा संचालन सत्येन्द्र सिंह ने किया। आगंतुकों के प्रति आभार प्रधान अर्जुन सिंह चौहान ने व्यक्त किया।

जनसंदेश टाइम्स मेडिकल डायरेक्टरी
सार्थक सर्जिकल सेन्टर
डा. विनोद कुमार
रिटेल डायरेक्टरी
रसोई भोग सतुई बेसन भण्डार
प्रो: अजीत कुमार सिंह
शिव रुद्राक्ष अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

# नामांकन की प्रक्रिया 17 से होगी शुरू

**निकाय चुनाव**

## प्रत्याशी का एक निर्वाचन क्षेत्र से चार नामांकन होगा मान्य

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** निकाय चुनाव की अधिसूचना के मुताबिक प्रत्याशी जमानत की धनराशि ट्रेजरी चालान से बैंक या फिर कोषागार में जमा करेंगे। कोई भी प्रत्याशी एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चार नामांकन भर सकता है। नगर निकाय चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए 17 अप्रैल, सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन का सिलसिला 24 अप्रैल तक चलता रहेगा। 17 अप्रैल से निर्धारित कक्ष में नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा करने का काम नामित आरओ तथा एआरओ आयोग के निर्देशानुसार पूरा करेंगे।

जिले में नगर पालिका परिषद बलिया, रसड़ा एवं नगर पंचायत बैरिया, रेवती, सहतवार, बांसडीह, मनियर, सिकंदरपुर, बेल्थरारोड, नगरा, रतसड़ कला व चितबड़ागांव में अध्यक्ष पद की 12 तथा सभासद की 195 सीटें पर 17 अप्रैल से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। बलिया सदर तहसील में नगर पालिका बलिया के अलावा नगर पंचायत चितबड़ागांव और रतसड़ कला में अध्यक्ष एवं सभासद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार नामांकन करेंगे।

इसके अलावा बांसडीह तहसील में नगर पंचायत रेवती, सहतवार, बांसडीह एवं मनियर के अध्यक्ष और सभासद पद के उम्मीदवार नामांकन करेंगे, जबकि सिकंदरपुर तहसील में नगर पंचायत सिकंदरपुर, बेल्थरारोड तहसील में नगर पंचायत बेल्थरारोड और बैरिया तहसील में नगर पंचायत बैरिया के उम्मीदवार पर्चा दाखिला की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके अलावा रसड़ा तहसील में नगर पालिका रसड़ा और नगर पंचायत नगरा के अध्यक्ष एवं सभासद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अपना नामांकन करेंगे।

### एक नजर में पूरा शेड्यूल

- नामांकन पत्र जमा करना 17 से 24 अप्रैल (सुबह 11 से तीन बजे तक)
- नामांकन पत्रों की जांच 25 अप्रैल (सुबह 11 से कार्य की समाप्ति तक)
- नाम वापसी 27 अप्रैल (सुबह 11 से कार्य की समाप्ति तक)
- चुनाव चिह्न आवंटन 28 अप्रैल (सुबह 11 से कार्य की समाप्ति तक)
- मतदान 11 मई (सुबह सात से शाम छह बजे तक तक)
- मतगणना 13 मई (सुबह आठ से परिणाम घोषित होने तक)

### प्रत्याशी समेत चार लोगों को मिलेगा प्रवेश

**बलिया।** आयोग के निर्देश के मुताबिक प्रत्याशी जमानत की धनराशि ट्रेजरी चालान से बैंक या फिर कोषागार में जमा करेंगे। कोई भी प्रत्याशी एक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चार नामांकन भर सकता है। लेकिन जमानत राशि एक बार ही जमा करनी है। प्रत्याशियों के साथ प्रस्तावक, निर्वाचक अभिकर्ता, एक सहयोगी समेत चार लोगों को नामांकन कक्ष तक जाने की अनुमति दी जाएगी। नामांकन पत्र में दर्ज ब्योरा रोजाना देर शाम तक राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है।

### 200 मीटर दूर रहेगी भीड़

**बलिया।** नामांकन स्थल से 200 मीटर की परिधि के बाहर ही प्रत्याशियों के साथ आने वाली भीड़ को रोका जाएगा। नामांकन स्थल पर कानून व्यवस्था दुरुस्त रहेगी। इसके उचित इंतजाम किए जा रहे हैं।

### जमा करने होंगे ये दस्तावेज

**बलिया।** संबंधित निकाय में एक वर्ष से अधिक की बकायेदारी न होने का प्रमाणपत्र, जमानत राशि जमा करने की रसीद, आरक्षित पदों के प्रत्याशियों को जाति प्रमाणपत्र के साथ शपथ पत्र, अपराधिक और संपत्तियों का ब्योरा नोटरी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से सत्यापित शपथ पत्र शामिल रहेगा। इसके अलावा कोई भी मतदाता एक से अधिक प्रत्याशी का प्रस्तावक नहीं बन सकेगा।

### बगैर अनुमति के नहीं होगा प्रचार

**बलिया।** जिला प्रशासन की अनुमति के बगैर प्रचार-प्रसार नहीं किया जा सकेगा। किसी व्यक्ति की तरफ से राजनीतिक दल एवं उनके प्रत्याशियों की अनुमति के बिना उनके पक्ष में सामग्री प्रकाशित नहीं कराई जाएगी। इसके उल्लंघन पर कार्रवाई होगी।

# भाजपा से 77 दावेदारों ने किया आवेदन

**नगर पालिका बलिया एवं रसड़ा पर टिकी दिग्गजों की नजर**

**बलिया।** निकाय चुनाव में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में चेयरमैन पद के दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं की नजर एक-दूसरे के दांव पर टिकी हुई है। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस आदि पार्टियों के समर्थन से चुनाव लड़ने की मंशा पाले दावेदार जिलाध्यक्षों के पास अपना आवेदन पत्र जमा कर रहे है। जिले में दो नगर पालिका एवं 10 नगर पंचायत है। नगर पालिका परिषद बलिया एवं रसड़ा में चेयरमैन की सीट पर दिग्गजों की नजर है। दावेदारों की सबसे अधिक भीड़ भाजपा में है। नगर पालिका बलिया में भाजपा से 31 तथा रसड़ा से तीन दावेदारों ने आवेदन किया है। वहीं, 10 नगर पंचायतों से 43 दावेदारों ने टिकट की मांग किया है। इधर, सपा से कुल 33 दावेदारों ने जिलाध्यक्ष को आवेदन दिया है। इसमें बलिया नगर पालिका से 10 एवं रसड़ा नगर पालिका से तीन लोगो ने दावेदारी की है। वहीं, 10 नगर पंचायतों से कुल 20 दावेदारों ने टिकट की मांग करते हुए आवेदन दिया है। इधर, बसपा से 24 एवं कांग्रेस से अभी तक सात लोगों ने दावेदारी की है। बसपा से बलिया नगर पालिका में दो, रसड़ा नगर पालिका में दो तथा 10 नगर पंचायतों से कुल 20 दावेदारों ने आवेदन किया है। सभी प्रमुख दलों की ओर से प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन चल रहा है। नामांकन से पहले प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने की तैयारी चल रही है।

सभी दावेदारों के नाम पर मंथन चल रहा है। मतदाताओं से भी फीडबैक लिया जा रहा है। नामांकन से पहले प्रदेश मुख्यालय को रिपोर्ट भेज दी जायेगी। सभी दावेदारों को साथ लेकर निर्णय लिया जायेगा।

**जयप्रकाश साहू, जिलाध्यक्ष, भाजपा**


जयप्रकाश साहू

नामांकन से पहले प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जायेगी। सभी दावेदारों क नाम पर पार्टी के नेताओं से चर्चा की जा रही है। जनता से भी फीडबैक लिया जा रहा है।

**राजमंगल यादव, जिलाध्यक्ष, सपा**


राजमंगल यादव

दावेदारों के नाम पर मंथन चल रहा है। अध्यक्ष पद के 12 सीटों के लिए 24 दावेदारों ने आवेदन दिया है। बहुत जल्द ही प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जायेगी। इससे पहले कार्यकर्ताओं की राय ली जा रही है।

**ओमप्रकाश भारती, जिलाध्यक्ष, बसपा**


ओमप्रकाश भारती

पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार अपना आवेदन दे रहे है। जिले की 12 सीटों से अभी तक सात लोगों ने अपना आवेदन दिया है। रसड़ा से अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है।

**ओमप्रकाश पांडेय, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस**


ओमप्रकाश पांडेय

### संविदाकर्मी नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

**बलिया।** आयोग की ओर से जारी गाइड लाइन के मुताबिक शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी कर्मी, रोजगार सेवक समेत अन्य संविदा कर्मचारी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। वहीं, एक मतदाता समान पद के दो उम्मीदवारों का प्रस्तावक नहीं हो सकेगा। प्रत्याशियों के प्रस्तावक के लिए निर्वाचन आयोग ने गाइड लाइन जारी कर दी है। पति-पत्नी और अलग-अलग पदों के उम्मीदवार एक-दूसरे के प्रस्तावक बन सकते हैं।

## संक्षेप

### 17 स्कूलों के विकास को मिलेंगे दो-दो करोड़

**बलिया।** पीएम श्री योजना के तहत जिले के प्रत्येक ब्लाक से एक विद्यालय का चयन किया गया है। इस तरह 17 ब्लाकों से 17 विद्यालयों को चयनित कर विभाग ने शासन को सूची भेजी है। चयनित स्कूलों में इसी सत्र में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए विभाग दिशा-निर्देश मिलते ही काम शुरू कराएगा। परिषदीय विद्यालयों को अत्याधुनिक बनाने और विद्यार्थियों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ने के लिए पीएम श्री योजना की शुरुआत हुई है। इसके तहत जिले के बैरिया, रेवती, बांसडीह, मनियर, नवानगर, पंद्रह, सीयर, नगरा, रसड़ा, गड़वार, हनुमानगंज, सोहांव, दुबहर, बेलहरी, बेरुआरबारी, चिलकहर, मुरली छपरा ब्लाक के एक-एक विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं के अलावा डेस्क, बेंच, लाइब्रेरी, वाटर कूलर और प्रोजेक्टर आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। इन स्कूलों को मॉडल स्कूल के साथ एक अलग पहचान दिलाई जाएगी। इन स्कूलों का चयन होने के बाद 34 करोड़ की धनराशि से विकास का काम होगा। प्रति स्कूल दो करोड़ रुपये की धनराशि से सुविधाएं दी जाएंगी। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत जिले के प्रत्येक ब्लाक से एक विद्यालय का चयन किया गया है। इसकी सूची शासन को भेज दी गई है। धन स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य के साथ संसाधन मुहैया करा दिए जाएंगे।

### धूम धाम से मनायी गयी अंबेडकर जयंती



**दोहरीघाट, मऊ।** 14 अप्रैल 1891 को जन्मे बाबा भीम राव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर पूर्वांचल रामलगन इंटर कॉलेज बड़े धूम धाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चो को बताया की अंबेडकर जी एक छोटे परिवार से होते हुए भी अनेकों उपलब्धियां हासिल की। दलित परिवार के होते हुए इन्हे समाज में अनेकों कठीनाई का सामना करना पड़ा। कठिनाइयों का सामना करते उन्होंने विदेशो तक की पढ़ाई की और देश का संविधान भी लिखा। उसी संघर्ष की देन है की आज उन्हें समय याद किया जाता है। अंबेडकर जी को भारत का सर्वोच्च पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक पुष्पेंद्र महावीर, महफूज, शिप्रा, किरण, चिंता, सरोज, निकिता इत्यादि शामिल रहे।

# आग से जला गेहूं का 200 बोझ



**मझौवां।** रेवती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिघार के पचरूखिया ढ़ाला से लगभग सौ मीटर उत्तर शुक्रवार की दोपहर अज्ञात कारणों से लगीं आग में गर्जन भर, सुमेर भर, मुक्तेश्वर भर, शिवनारायण भर का लगभग दो सौ गेहूं का बोझ एवं खोईठा का गहरवर जल कर राख हो गया। सूचना पर यूपी-100 पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

### 60 छात्र-छात्राओं में वितरित किया टैबलेट



**रसड़ा।** श्रीमती फुलेहरा फार्मेसी कालेज कमतैला, रसड़ा के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के वाई-20 इंडिया चौपाल एवं कालेज के छात्र-छात्राओं के टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके किया। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि मोदी-योगी सरकार नौजवानों की तरक्की का सपना संजोए हुए है। पढ़े-लिखे नौजवानों को नौकरी दिया जा रहा है। बागी बलिया ने इतिहास लिखने का काम किया है। कहा कि देश में चारों तरफ तरक्की एवं विकास की धारा रही है। सरकार छात्र-छात्राओं को टैबलेट देने का कार्य कर रही है। इस दौरान 60 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक गोविंद नारायण सिंह ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अश्वनी सिंह, कमर जावेद खां, ठाकुर मंगल सिंह, शशिकांत जायसवाल, भानु प्रताप सिंह, अभिषेक राय, आलोक कुशवाहा, दीपक मल्ल, जयश्री यादव, अजीत भारद्वाज आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता संजय जायसवाल तथा संचालन मयंक शेखर सिंह ने किया।

## संक्षेप

### चोरी की मोटरसाइकिल व मोबाइलफोन के साथ 2 व्यक्ति गिरफ्तार



**मऊ।** थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर औसतपुर बार्डर के पास से दो व्यक्तियों क्रमशः नीरज पुत्र रमेश व विशाल यादव पुत्र स्व0 रामअवध निवासीगण समशुद्दीनपुर थाना जहानागंज आजमगढ़ के कब्जे से चोरी एक मोटरसाईकिल स्प्लेंडर प्लस, एक मोबाईलफोन व घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन मोबिलियो (यूपी63वी6001) बरामद कर गिरफ्तार किया गया जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 54,55/23 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित पाया गया। इस सम्बन्ध में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया।

### टीवीएस एजेंसी द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** तहसील क्षेत्र के खैराबाद बाजार स्थित मदरसा मंबऊल ओलूम के परिसर में गुरुवार को 21 वें रमजान के मौके पर सना टीवीएस एजेंसी के प्रोपराइटर हाजी शाहिद रजा द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर सैकड़ों की संख्या में रोजदारो ने रोजा खोलकर मुल्क की अमन और सलामती की दुआ मांगी। आयोजित इफ्तार पार्टी में मदरसे के नाजिमें आला हाफिज अब्दुलहई ने कहा कि रोजा रखने वालों को दावत देने से जहां सवाब मिलता है तो वहीं आपसी भाईचारगी कायम रहती है। इस दौरान उन्होंने कहा की रोजा, नमाज हर मुसलमान के लिए फर्ज है। कार्यक्रम के आयोजक हाजी शाहिद ने कहा कि इफ्तार कराने से भाईचारा बढ़ता है। ऐसे इफ्तार आयोजित होते रहना चाहिए जिससे लोगों में खुलूस और मोहब्बत कायम रहे। रमजान का महीना बहुत ही बाबरकत वाला है। इस माह में जितनी भी इबादत की जाए समझो कम है। इस पाक रमजान माह में रोजा रखने के साथ साथ जरूरी अरकान को भी पूरा करना अतिआवश्यक है। इस अवसर पर हाजी मुमताज अहमद, हाजी सगीर अहमद, हाजी मोहम्मद आबिद, समाजसेवी नदीम अहमद, हाजी तालिब रजा, समाजसेवी इरशाद अहमद, क्षेत्र पंचायत सदस्य हाफिज वहीदुज्जमा, पूर्व प्रधान सगीर अहमद, खलीलुर्रहमान, मोहम्मद अशफाक अहमद प्रधान, हाजी जुबैर, हाजी अब्दुल वाहिद आदि लोग शामिल रहे।

### अपनी सोच, विचार एवं भावनाओं को सकारात्मक और ऊर्जावान बनायें : बीके पूनम दीदी



**मऊ।** अलविदा तनाव कार्यक्रम के दूसरे दिन पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। तनाव प्रबंधन विशेषज्ञ ब्रह्मा कुमारी पूनम दीदी ने आपसी संबंधों को मधुर बनाने एवं स्वयं को हल्का रखने के लिए अनेकों उपाय बताया। उन्होंने कहा कि हमारे भावनाओं की तरंगे एक दूसरे तक पहुंचती है इसलिए हर परिस्थिति में दूसरों के प्रति शुभ एवं सुखदाई भावना रखें तो इससे संबंध मधुर एवं सुखदाई बनेंगे। अलविदा तनाव कार्यक्रम के दूसरे दिन पंडाल में उमड़ी भारी भीड़ के बीच ब्रह्मा कुमारी पूनम दीदी ने आओ करें खुशियों से मुलाकात विषय के अंतर्गत स्वयं के जीवन और आपसी संबंधों को खुशनुमा बनाने के लिए अपनी सोच, विचार एवं भावनाओं को सकारात्मक और ऊजार्वान बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पूनम दीदी ने श्रेष्ठ संकल्पों के तरंगों को एक दूसरे तक पहुंचाने विधि का अभ्यास भी कराया। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संस्था की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी सुरेंद्र दीदी की अध्यक्षता एवं ब्रह्मा कुमारीज मऊ की प्रभारी राजयोगिनी विमला दीदी के सानिध्य में संचालित नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर में संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक ब्रह्माकुमार दीपेंद्र, मुख्यालय के मीडिया एवं पब्लिक रिलेशन प्रभारी बीके कोमल के साथ ब्रह्मा कुमार अमरजीत, रामकृष्णा, श्रीराम, वीरेंद्र, रामसरिक, विभिन्न सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी बहनें फैजाबाद से शशि, बलरामपुर की अमिता, गाजीपुर की बीके निर्मला, बनारस से बीके सरोज, कटरा से बीके निशा आदि की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वाराणसी की बीके तापोसी बहन ने किया।

# धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती, निकली झांकी



जनसंदेश न्यूज

**कोपागंज, मऊ।** शुक्रवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती पर डांडी स्थित अंबेडकर पार्क में भारत रत्न डाक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया गया।

इस दौरान आयोजित समारोह के दौरान जनपद बलिया के उप जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ विरेन्द्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि अम्बेडकर जी का जीवन हमेशा गरीबों शोषितों के लिए समर्पित रहा। कहां कि समाजिक न्याय दिलाने में अम्बेडकर जी ने काफी अहम भूमिका निभाई। इस दौरान लोगों ने अम्बेडकर जी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उधर बोधिसत्व सेवा संस्थान द्वारा जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार गोयल के नेतृत्व में अंबेडकर जयंती पर भव्य झांकी निकाली गई। झांकी भदसा गांव होते हुए डांडी स्थित अम्बेडकर पार्क पहुंचा। जहां अम्बेडकर समिति के कार्यकर्ता ने सभी का अभिवादन किया। समारोह को शिवचंद पूर्व विद्यालय निरीक्षक, मुखराम पूर्व प्रबंधक, रामाशंकर यस गौतम ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अंबेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुन्नू राम ने किया।

### डा. भीवराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**मऊ।** सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के पुस्तकालय भवन में शुक्रवार को गोष्ठी का आयोजन कर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तथा वक्ताओं ने बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संविधान के निर्माण में किए गए योगदान की सराहना किया। अध्यक्षता बार के साधारण उपाध्यक्ष अवनीश कुमार गौतम और संचालन महामंत्री हरिद्वार राय ने किया। कार्यक्रम में दारोगा सिंह, अधिवक्ता परिषद के महामंत्री व एडीजीसी अनिल कुमार सिंह, संयोजक सत्येंद्र बहादुर सिंह, बृजभान पाल, विनोद कुमार सिंह, नागेंद्र राय, मनोज कुमार सिंह, बृजभान मल्ल विसेन, हरिनाथ प्रताप, अरविंद कुमार, प्रेमचंद कौशल, महेंद्र प्रताप मौर्य ने अपना विचार व्यक्त किया।

### नगर पंचायत में सामान्य सीट होने के कारण उम्मीदवारों की सूची काफी लंबी

**दोहरीघाट, मऊ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो जाने से नगर में चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। जनपद में दूसरे चरण में 11 मई को नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासदों के लिए मतदान होना है। 11 वार्डों वाली नगर पंचायत दोहरीघाट की अंतिम आरक्षण सूची जारी होते ही संभावित उम्मीदवारों की सूची लंबी होती जा रही है इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष का पद अनारक्षित होने से सभी प्रत्याशी अपना दमखम फिलहाल दिखाने को आतुर दिख रहे है। कुछ प्रत्याशी अपनी मां और पत्नियों को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी में हैं। अभी तक तीन महिला प्रत्याशी दो भाजपा से व एक सपा की दावेदारी सुनने में आ रही है। संभावित उम्मीदवारों ने अपना प्रचार समर्थकों के साथ करना शुरू कर दिया है चट्टी चैराहों चाय पान की दुकानों पर तथा मतदाताओं के घरों तक प्रत्याशियों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। सभी पार्टियां अपने प्रत्याशियों के चयन प्रक्रिया को तेज कर दी है। भाजपा के नगर निकाय चुनाव प्रभारी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोष राय ने बताया कि नगर अध्यक्ष पद के लिए कुल सात लोगों ने दावेदारी की है पार्टी जिसे टिकट देगी वही प्रत्याशी होगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-टौगा वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-रीता यादव
ग्राम पंचायत-टौगा
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-सुरेश प्रसाद
ग्राम पंचायत-टौगा
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर



## कार्यालय ग्राम पंचायत-हसनपुरा वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-उपेन्द्र यादव
ग्राम पंचायत-हसनपुरा
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-सरोज सिंह
ग्राम पंचायत-हसनपुरा
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर



## कार्यालय ग्राम पंचायत-परमानन्दपुर वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-अनिल कुमार बिन्द
ग्राम पंचायत-परमानन्दपुर
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-सरोज सिंह
ग्राम पंचायत-परमानन्दपुर
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

# आठ माह से लापता युवक की हुई थी हत्या

## दोस्तों ने पैसे के लेन देन को लेकर साथी की हत्या कर दलदल में फेका शव


धनंजय सिंह (फाइल फोटो)


कोतवाली में उच्च अधिकारियों की प्रतिक्षा करता पीड़ित परिवार


टैक्सी स्टैंड स्थित ओवरब्रिज के पास दलदल में शव खोजते समय पुलिस और लोगो की लगी भीड़

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र के आठ माह से लापता युवक की हत्या का मामला सामने आया है। हत्यारों ने उसका शव प्लास्टिक में बांधकर सदर कोतवाली क्षेत्र के टैक्सी स्टैंड के पास एक दलदल में फेक दिया था।

जिसे पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से निकलवाया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बन गया है। बिरनो थाना क्षेत्र के बीरबलपुर गांव निवासी मृतक के पिता जय सिंह पुत्र केदार नाथ सिंह ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि हमारा लड़का आदित्य सिंह (30) वर्ष रामनरेश राय एवं उनके पुत्र रवि राय के साथ पिछले 2 वर्षो से जमीन खरीद एवं बिक्री का कार्य करता था। सदर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रबाजार स्थित उनके मकान आवास में उनके साथ रहता था। बताया कि आज करीब 6-7 महीने से वह घर नहीं आया। तो मैंने व परिवार के लोगों ने अपने स्तर से उसकी काफी खोजबीन की। सभी उसके सम्भावित स्थानों पर भी जाकर पता किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

पिता ने बताया कि बीच-बीच में आदित्य के वाट्सएप नं. 7068456006 से घर के कभी कभी वाट्सएप नं. 8081167331 पर मैसेज आता था। जिससे हम लोग दिग्भ्रमित हो जाते थे। काफी दिनों से अब उसका कोई वाट्सएप वगैरह मैसेज नहीं आ रहा है। आज से करीब 3-4 दिन पहले एक आदमी हमारे पास मेरे गांव आकर बताया कि आपके लड़के आदित्य सिंह की हत्या राम नरेश राय ने अपने लड़के रवि राय के साथ मिलकर 6-7 महीने पहले कर दी थी। यह भी बताया कि उसकी लाश को अपने दो प्लाटों में से किसी एक प्लाट में गाड़ कर छिपा दिये हैं। उस व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि उन लोगों ने मुझे भी धमकी दी थी कि यदि इस बात को किसी से बताओगे तो तुम्हारा भी हाल आदित्य सिंह जैसा कर दिया जायेगा। ऐसे में मैं काफी हिम्मत करके आपको पूरी बात बता रहा हूँ।

उन लोगों को यह बात मालूम नहीं होनी चाहिए नहीं तो वे लोग मेरी भी हत्या कर देंगे। मैं भी उन लोगों के साथ जमीन खरीद विक्रय का कार्य करता था। उस व्यक्ति की बात पर हमें पूर्ण विश्वास है। पिता जय सिंह ने तहरीर में बताया कि मेरे लड़के आदित्य सिंह की हत्या रामनरेश राय एवं उनके लड़के रवि राय ने मिलकर किया है। मांग किया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### मृतक के पिता की भी हत्या की बना रहे थे योजना

मृतक आदित्य सिंह का साथियों ने आठ माह पूर्व हत्या कर शव को जमीन में गाड़ दिया था। घर वालों को मृतक का मोबाइल ऑन कर मैसेज देता रहा। जगह-जगह बदलकर लोकेशन भी देता था। जिससे की घर वाले आश्वत हो गए कि कहीं कोई कार्य से उनका लड़का गया है। जबकि कोई बात नहीं हो पाती थी। शातिर अपराधियों ने मृतक के पिता की हत्या की भी साजिश रच रहे थे। मृतक के पिता के बुलेट वाहन में जीपीएस लगा दिया था। जिससे उनके पिता की गतिविधि का लोकेशन ले रहे थे। साथियों से ही पता चला कि उसकी हत्या हो गई है।

### माफिया डॉन बब्लू श्रीवास्तव की तरह चला रहा था दिमाग

अपराध जगत में बब्लू श्रीवास्तव की दिमाग का दाग देने वाला आजतक कोई अपराधी जन्म नहीं लिया। बब्लू श्रीवास्तव किडनैपिंग किंग के लिए मशहूर था। जेल से कैसे सेटिंग गेटिंग का खेल चलता है यह माफियाओं ने बब्लू से ही सीखा है। अडंरवर्ल्ड डॉन बब्लू की तरह सोच रखने वाले अपराधियों ने आदित्य सिंह उर्फ धनजी को मौत के घाट उतारकर ऐसा चक्रब्यूह रचा कि कोई सोच भी नहीं सकता कि कोई अपराधी इतना चालाक होगा। पुलिस इनकी बात सुनकर भौचक्के में पड़ गई।

## इन्वर्टर के करंट से युवक की मौत

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवढ़ी में एक युवक की इन्वर्टर की करंट से मौत हो गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देवढ़ी गांव निवासी निजामुद्दीन (35) पुत्र सलाउद्दीन गांव स्थित मस्जिद का देख रेख कर रहा था। रमजान के पवित्र माह में युवक मस्जिद का साफ-सफाई कर रहा था। इसी दौरान इन्वर्टर का तार अचानक स्पर्श हो गया, जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गया।

मस्जिद में मौजूद एक छोटा बच्चा युवक को तड़फड़ाते देख बाहर जाकर चिल्लाने लगा तो ग्रामीण मौके पर पहुँचे और इन्वर्टर का कनेक्शन काटकर युवक को तत्काल बिहार प्रान्त के थाना रामगढ़ स्थित अस्पताल में ले गये। जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का डेढ़ साल का बच्चा दिलशाद इस घटना से बेखबर अपनी माँ को रोता देख दूसरे के गोद में गुमशुम पड़ा था।

## एक सप्ताह में उखड़ने लगी 45 लाख की सड़क

### आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर किया प्रदर्शन

**मरदह।** लोकनिर्माण विभाग खण्ड तृतीय द्वारा निमार्णाधीन मानक विहीन सड़क निर्माण पर का लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। पैर के ठोकर से उखड़ रही सड़क देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल सड़क में गुणवत्ता लाया जाया अन्यथा जिला मुख्याल पर धरना प्रदर्शन होगा। लोकनिर्माण विभाग खण्ड तृतीय द्वारा पूर्वाचल एक्सप्रेसवे के पास बिजौरा गांव होते हुए नखतपुर सम्पर्क मार्ग तक सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसकी लागत 45 लाख एवं लम्बाई एक किमी के लगभग है।

बिना पटरी का निर्माण किए निम्न स्तर की निर्माण सामग्री के प्रयोग से बनने के एक सप्ताह बाद ही यह सड़क आधा दर्जन स्थानों पर उखड़ गई है। आक्रोशित दर्जनों ग्रामीणों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रांशु सिहं के नेतृत्व में निमार्णाधीन सड़क पर एकत्र होकर मानक विहीन सड़क निर्माण का आरोप लगाते हुए विभागीय कर्मचारियों सहित जेई ऐई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत की गई कोई सुधार नही हो सका है। बनने के एक सप्ताह बाद ही सड़क उखड़ रही है। जिसका खामियाजा इस मार्ग से गुजरने वाले नागरिक लम्बे समय तक भुगतने के बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्रक देने एवं जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। निमार्णाधीन पीडब्ल्यूडी रोड के विरोध में प्रदर्शन करने वाले लोगों मे बीडीसी सदस्य सोनू सिंह,अजय श्रीवास्तव दुर्गेश सिंह, निप्पू सिंह, मुन्ना सिंह, पिंटू वर्मा,राकेश पटेल, श्रीराम पटेल, हीरदेश विश्वकर्मा, भरत गोंड, रोहित गोंड आदि ग्रामीण शामिल रहे। अवर अभियंता बलराज साहनी से पूछने पर बोले पटरी का निर्माण कार्य बाद में किया जाएगा,मानक विहीन सड़क निर्माण पर प्रदर्शन करने एवं सड़क उखड़ने के बाबत पूछने पर बोले जहां उखड़ रही है उसको ठीक कर दिया जाएगा।

## लाइनमैन की करंट की जद में आने से हालत गंभीर

**नंदगंज।** क्षेत्र के बाजार स्थित सरकारी अस्पताल के समीप विद्युत खम्भे पर लाइन ठीक करते वक्त लाइनमैन लक्ष्मी नारायण पटेल इन्वर्टर करंट की जद में आने से बेहोश हो गए । उन्हें नवीन स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां भी डाक्टरों ने ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि बाजार के नंदगंज अस्पताल के सामने कस्बा निवासी संविदा कर्मी लाइनमैन लक्ष्मी पटेल अपने सहकार्मियों के संग गुरुवार के शाम को खम्भे पर चढ़कर एक केबिल जोड़ रहे थे। तार में कही से इन्वर्टर का लाइन प्रवाहित हो रहा थी। तार छुते ही करंट से हाथ चिपक गया। दस मिनट के बाद लोग किसी तरह नीचे उतार कर नंदगंजअस्पताल में ले गये ।जहाँ होश न आने पर डाक्टर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पर भी डाक्टरों द्वारा घंटों प्रयास के बाद होश न आने पर ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया।

## छत के हुक से लटकता मिला युवक का शव

**दुखद**

### पत्नी की विदाई के पहले पति हुआ विदा

### इकलौते पुत्र की मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम


विजय बहादुर सिंह (फाइल फोटो)

**मरदह।** थाना क्षेत्र के बरेंदा गांव में एक युवक का छत के हुक से लटकता शव मिला है। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ताहिरपुर बरेन्दा गांव निवासी विजय बहादुर सिंह (30) पुत्र उदयशंकर सिंह का शव घर के कमरे में गमछे के सहारे कुंडी से लटकता मिला। मा जब सुबह विजय बहादुर के कमरे में जगाने गई तो छत के हुक के सहारे अपने लाल को लटकते देख अचेत हो गई। शोर शराबा सुनकर परिजनों के अन्य सदस्य सहित ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। विजय बहादुर सिंह मां बाप का इकलौता पुत्र था। उसकी शादी वर्ष 2020 में भदौरा क्षेत्र के अमौरा गांव में हुई थी। मृतक स्नातक की शिक्षा उत्तीर्ण के साथ कब्बड्डी का स्टेट चैंपियन खिलाड़ी भी रहा है। उसकी पत्नी चाँदनी सिंह के दो बच्चो में परी सिंह 3 वर्ष एवं एक लड़का 6 माह का जो अभी गोद में है। उसके साथ चार माह पूर्व से अपने मायके में थी। घर पर सिर्फ उसके पिता उदयशंकर सिंह व माता सुशीला देवी थी। ग्रामीणों के मुताबिक विजय बहादुर शराब नशे का आदि भी हो गया था। परिजनों ने बताया कि बीते गुरूवार की देर शाम बाजार से वह सब्जी सहित कई समान लेकर घर आया । फिर वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया । सुबह जब मृतक की माता सुशीला देवी उसे जगाने उसके कमरे में गई तो स्थिति देख आवक हो गई। माता सुशीला देवी ने बताया कि मेरे बेटे को बहु और दोनों बच्चों को लाने के लिए शुक्रवार जाना था। लेकिन बहु की विदाई से पहले वह खुद विदा हो गया। जानकारी पाते ही पत्नी चाँदनी बच्चों को लेकर गांव ससुराल पहुंची, पति का शव देख दहाड़े मारकर रोने लगी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## संक्षेप

### समानता की लड़ाई के महान योद्धा थे बाबा साहेब



**मुहम्मदाबाद।** कोतवाली अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर क्षेत्र के स्टेट बैंक के सामने व मुख्य यूसुफपुर मार्ग से भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ जुलूस निकाला गया। ग्रामीण क्षेत्रों में करणपुरा, बालापुर व हरिहरपुर से जयंती के अवसर पर जुलूस का आयोजन हुआ ।कड़ी धूप और गर्मी में भी नागरिकों में बहुत उत्साह देखा गया। नागरिक जुलूस में नाचते गाते चल रहे थे । जुलूस शहर के गोलंबर तिराहा से मुख्य मार्ग होते हुए विट्ठल चौराहा से होकर विट्ठल तिराहा पर आकर सलेमपुर की तरफ मुड़ गया ।नगर से निकाला गया जुलूस पूरे बाजार का भ्रमण किया। बाजार क्षेत्र के दालमंडी ,खोवा मंडी ,गुड़ मंडी होते हुए यूसुफपुर मार्ग से पुनः अपने स्थान पर आकर समाप्त हुआ। नागरिकों ने पहले बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जुलूस आरंभ हुआ। पुलिस व्यवस्था भी चुस्त थी। कुल मिलाकर स्वतंत्र भारत के संविधान का सृजन करने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वहीं शुक्रवार को सतुवा संक्रांति होने की वजह से नागरिकों ने सुबह लगभग 4 से ही गंगा स्नान आरंभ किया । इस अवसर पर पूजा पाठ भी किया गया । गंगा के किनारे श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।

### डाड़ी टोल प्लाजा को प्रतिदिन 12 लाख का घाटा

**गाजीपुर।** बनारस से गोरखपुर को जोड़ने वाले एनएच -24 नवनिर्मित फोरलेन सड़क निर्माण के डाड़ी के पास टोल प्लाजा चालू हो गया है। जिसका टेंडर सहडोल ,मध्यप्रदेश की कंपनी राजकुमार सोरावागी को मिला। कंपनी को एनएचआई को प्रतिदिन 23 लाख 20 हजार के हिसाब से रुपये जमा करना है,लेकिन कंपनी इस समय 80 प्रतिशत घाटे में चल रही है। टेंडर से पहले कंपनी ने सर्वे किया था जिसमें प्रतिदिन इस टोल प्लाजा से 3000 से 4000 गाड़ियां गुजरती थी। जिसके हिसाब से 26 लाख 20 हजार रुपये कलेक्शन होने का अनुमान लगाया गया। लेकिन सात अप्रैल को टोल प्लाजा शुरू होने के बाद प्रतिदिन टोटल कलेक्शन 12 से 13 लाख रुपये से बढ़ नही पा रहा है। ऐसे में कंपनी को प्रतिदिन 10 से 12 लाख रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है। अब कंपनी के सामने टोल प्लाजा की वसूली करना संभव नही दिख रहा है। कंपनी के जनरल मैनेजर रणजीत सिंह ने बताया एनएचआई को पत्र लिखकर समस्या से अवगत करा दिया गया है। परंतु अभी तक कोई सकारात्मक जवाब एनएचआई की तरफ से नही मिला है। जनरल मैनेजर ने बताया कि गोरखपुर से कैथी के बीच में यह पहला टोल प्लाजा है। इस बीच कई लिंक रोड होने की वजह से यहां से 70 से 80% वाहन नहीं आ पाते। जिससे प्रतिदिन कलेक्शन में कमी आती है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो हमें यह टोल प्लाजा छोड़कर जाना पड़ेगा। क्योंकि प्रतिदिन 23 लाख 20 हजार के हिसाब से टेंडर हुआ है। जबकि कलेक्शन 12 से 13लाख होता है। बताया कि आसपास के लोगों को 330 प्रति माह का पास भी जारी किया गया है।

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**दिलदारनगर।** थाना पुलिस ने मिर्चा गांव के पास से तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अशेषनाथ सिंह ने बताया कि असलहे से एक अभियुक्त को दबोच लिया गया है। पूछताछ में गुफरान अंसारी पुत्र मुमताज अंसारी चन्देश कुडनी कैमूर बिहार के रूप में पहचान हुई है।

### तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने किया नामांकन


**सेवराई ।** नगर पंचायत दिलदारनगर के चुनाव को लेकर कराए जा रहे नामांकन में शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन किया । वही सभासद पद के लिए छः निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया । नामांकन प्रक्रिया को लेकर तहसील परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था । वही तहसील मुख्यालय आने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग करके चार पहिया वाहनों के आने-जाने पर रोक लगा दिया गया था । नगर पंचायत दिलदारनगर चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर उपजिलाधकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए तीन नामांकन व सभासद पद के लिए छः नामांकन पत्र जमा किया गया ।

## कालूपुर-पटकनियां मार्ग पर चलना मुश्किल

**परेशानी**

### मानकविहीन निर्माण केचलते सड़क समय से पूर्व हुई खराब

### शासन को विभाग ने सड़क निर्माण को लेकर भेजा पांच करोड़ का प्रस्ताव


कालूपुर-पटकनियां मार्ग की बदहाल दशा

**सुहवल।** योगी सरकार के तमाम निर्देश के बाद भी विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से सड़क की हालत सुधर नहीं रही है। विभागीय अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत से मानकविहीन कार्य हो रहे है। हाल ही में जखनियां , मनिहारी , मरदह और बिरनों में अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा देखने को मिला है। घटिया सड़क निर्माण को लेकर जनता भी सड़क पर उतर आई थी। जिसके बाद सड़क का कार्य पुनः शुरू हुआ। डीएम ने संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ जांच बैठा दी। जबकि योगी सरकार का निर्देश है कि सभी क्षेत्रों में सड़क की हालत सही होना चाहिए। मगर सरकार के आदेशों का अधिकारी धज्जियां उड़ा रहें है। बतादें, करीब छह किमी लम्बी कालूपुर पटकनियां मार्ग का खस्ताहाल हो गया है।

मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहन सवार व अन्य राहगीरों को गड्ढो व धूल के गुबार के बीच होकर आवागमन करना पड़ रहा है। विभाग के अधिकारी आज तक इस मार्ग की बदहाली दूर करने को लेकर कोई ठोस उपाए नहीं किए । ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से दर्जनों गांव सैकड़ों राहगीर जान जोखिम में डाल आवागमन करते है। बताया कि रात के पहर तो मार्ग से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं रहता है।लोगों ने बताया कि यह बदहाल दशा पिछले कई सालों से है। बताया कि इस मार्ग के मरम्मत के नाम पर बीते कुछ वर्षों पहले लाखों रुपए पानी की तरह बहाए गये। मगर मानक के विपरीत कार्य कराए जाने के चलते इस मार्ग की बदहाली को दूर नहीं किया जा सका। जबकि यह पूरा मामला विभागीय अधिकारियों के संज्ञान में है। ग्रामीणों ने बताया कि इसका नतीजा है कि गुजरने वाले क्षेत्रीय लोग जर्जर सड़क व उड़ने वाली धूल के चलते श्वांस ,कमर दर्द,एलर्जी आदि विभिन्न रोगों से ग्रसित होते जा रहे है।लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में तो इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह से दुरूह भरा साबित होता है।ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग के कायाकल्प के लिए पिछले दिनों महकमें के द्वारा करीब पांच करोड़ का प्रस्ताव भेंजा गया था। जो आज तक मंजूर नहीं हो सका है। पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता पतांजली श्रीवास्तव ने बताया कि शासन को पांच करोड़ का प्रस्ताव भेंजा गया है जो अभी मंजूर नहीं हो सका है। इसके मंजूर होते ही मार्ग का कायाकल्प शुरू करा दिया जायेगा।

## दुष्कर्म का आरोपी पैथालॉजी संचालक गिरफ्तार

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के भदौरा बाजार में पैथालॉजी संचालक द्वारा एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुहवल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने गहमर थाने में तहरीर दिया था कि भदौरा बाजार में एक पैथालॉजी चलाने वाले अमित कुमार राय पुत्र कमलापति राय निवासी नरायनापुर थाना जमानियां ने उसके पैथालॉजी में काम करने के दौरान शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा ।

जब वह गर्भवती हो गई तो दवा देकर उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता द्वारा बार-बार शादी का दवाब देने पर वह मुकर गया। मंगलवार की शाम पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ गहमर थाने में नामजद तहरीर दिया था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी हेतु जगह जगह दबिश दे रही थी। इस बीच मुखबीर सूचना पर पुलिस ने आरोपी को कामाख्या धाम के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## मेजर विकास सिंह की मनी पुण्यतिथि

**सुहवल।** ताड़ीघाट गाँव स्थित शहीद उपवन में शुक्रवार को शहीद मेजर विकास सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का ताता लगा रहा। मौजूद लोगों ने उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रख प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी शहादत को सलाम किया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि यह जनपद सैनिक बाहुल्य है। यहां की धरती को सलाम करता हूं जिसने ऐसे बहादुर जवान दिए। मेजर विकास सिंह की पत्नी आंचल सिंह ने कहा उसे फक्र है कि मेरे पति ने देश सेवा करते हुए मातृ भूमि के लिए विषम परिस्थितियों में प्राण न्यौछावर किया। बतादें, 14 अप्रैल 2019 को ताड़ीघाट निवासी मेजर विकास सिंह जो कि कश्मीर के कुपवाड़ा में 57 आर आर बटालियन में तैनात थे। रात्रि को माछिल सेक्टर में सर्वेक्षण के दौरान एंम्बुश लगाते समय पैर फिसलने के चलते वह गहरे खाईं चले में गये। जिसके कारण गंभीर रूप से वह जख्मी हो गए। जहां सेना के कमांड अस्पताल में उनका इलाज के दौरान निधन हो गया था। इस अवसर पर बृद्धि सिंह, देवेंद्र सिंह,अनुराग सिंह,अभुनव सिंह,योगी हर्ष सिंह,जेपी कुशवाहा,अरविन्द राय,मनीष,विवेक सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, शिवप्रकाश राय ,विजय बहादुर, सुखबीर सिंह, संतोष सिंह, कमलेश सिंह टून्ना आदि मौजूद रहे।


विकास सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह

# भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का अहम योगदान

**आयोजन**

### डा. भीमराव आंबेडकर की धूमधाम से मनी जयंती


रायफल क्लब सभागार में डा.भीमराव अंबेडकर की जंयती पर विचार रखती डीएम आर्यका अखौरी

**गाजीपुर।** जिले में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने रायफल क्लब सभागार में बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता भीमाबाई थीं। बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए।

उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया है। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए। सभी को बराबर का समान, अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ. आंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है।

उन्होंने व्यक्तिगत जीवन मे अनेक बाधाओं व कष्टों को सहा किंतु कभी भी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए। सार्वजनिक जीवन मे उन्होंने अश्पृश्यता व भेदभाव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि महापुरूषों के जीवन का अनुसरण करते हुए व्यक्ति को उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर देश, प्रदेश की तरक्की, खुशहाली के लिए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

### बाबा साहेब दलित शोषित वर्गों के थे मसीहा

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जिला उपाध्यक्ष निजामुद्दीन खां की अध्यक्षता में माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने उनके जीवन संघर्ष एवं त्यागमय जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब महान समाज सुधारक, राजनीतिक, अधिवक्ता, अर्थशास्त्री ,लेखक,चिंतक, दार्शनिक थे । उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। वह दलित, शोषित एवं उपेक्षित वर्गों के मसीहा थे।वह ऐसे राजनीतिज्ञ मनीषी थे जिनके मन में हमेशा सर्वजनहिताय सर्वजन सुखाय की भावना व्याप्त थी । बाबा साहब ने वंचितों की आवाज को राष्ट्रीय फलक तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आज का दलित जो स्वाभिमान एवं सम्मान पूर्वक जीवन व्यतीत कर रहा है उसके पीछे बाबा साहब अम्बेडकर जी की बनाई गई नीतियों को ही जाता है।

उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर जी ने वर्ग विहीन समाज की कल्पना किया था। वह कहां करते थे कि यदि वर्गविहीन समाज बनाना है तो पहले जातिविहीन समाज बनाना होगा । उन्होंने कहा था कि समाजवाद के बिना दलित-मेहनती इंसानो की आर्थिक मुक्ति संभव नहीं है। इस कार्यक्रम में पुर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, मदन यादव, सदानंद यादव, अशोक कुमार बिंद,अरुण कुमार श्रीवास्तव,दिनेश, आमिर, रामवचन, डॉ समीर, सिंकदर,अतीक,असलम, अशोक, छन्नू, गोपाल,अमित , पंकज आदि उपस्थित थे। संचालन जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा ने किया।

### बाबा साहेब भारतीय संविधान के रचनाकार


डॉ.अम्बेडकर की 132 वीं जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

**मरदह।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान उनके अनुयायियों सहित शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि, हजारों लोगों ने दलीय सीमा तोड़ते हुए क्षेत्र में जगह-जगह स्थापित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। बस स्टैंड स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के प्रांगण में सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया। शिक्षाविद् राजकुमार राम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के समाजोन्मुख सोच के परिणामस्वरूप भारतीय समाज में एक नयी चेतना का विस्तार हुआ। समाज में काफी सकारात्मक बदलाव आए। बाबा साहब को सामाजिक विचारधारा में परिवर्तन लाने का श्रेय जाता है। राजदेव राम ने कहा कि बाबा साहेब भारतीय संविधान के रचनाकार हैं। इस संविधान से हम सभी अपने अधिकारों व कर्तव्यों से अवगत हुए हैं। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा समाजोद्धार के लिए जो भी संदेश,विचार,क्रियाकलाप,सिद्धांत बताए गए हैं। उसे अपनाकर हम समाज की उन्नत्ति में अपना योगदान दें। इस अवसर पर, कृष्णानंद मुन्ना, शीला देवी, विरेंद्र चौहान, लालमुनि, हरिनारायण, रामानंद, भोला राम, रामनवमी, हरेंद्र, संतोष कुमार, अनिल वर्मा, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र राजभर, रमेश, मनोज, सुदर्शन, रामबचन आदि लोग शामिल रहें।

### बूथ स्तर पर मनी डा.भीमराव अंबेडकर जयंती

गाजीपुर। बोधिसत्व बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के 132 वें जयन्ती के अवसर को भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर मनाया। भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर लोकसभा संयोजक कृष्णबिहारी राय की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित कर बाबा साहब के व्यक्तित्व,कृतित्व पर चर्चा की गई। कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि बाबा साहब सामाजिक समता और समरसता के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब अम्बेडकर के सोच और सपने को अक्षरसः पूर्ण कर रहे है। पं दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद में समाज के अंतिम व्यक्ति की चिन्ता करता है जो बाबा साहब की सोच थी। इस अवसर पर पुर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनिल सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष सरिता अग्रवाल,सुरेश बिंद,अच्छे लाल गुप्ता, शशिकान्त शर्मा, रासबिहारी राय, प्रमोद अग्रवाल, अर्जुन सेठ,राजन प्रजापति, श्रीप्रकाश केसरी, गोपाल राय, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### दलित विरोधी है भाजपा सरकार: कांग्रेस


**गाजीपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने रजदेपुर स्थित कैम्प कार्यालय पर बाबा डॉ० भीम राव अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष सुनील राम के साथ उपस्थित कांग्रेस जनों ने बाबासाहेब डॉ० बी आर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने बताया कि बाबा साहेब अंबेडकर ने भारत को संविधान के रूप में नई ताकत दी। बाबा साहेब समानता, मानवाधिकार और सामाजिक न्याय के स्वरूप हैं। उनका जीवन और कार्य दुनिया भर में करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार व्यापारियों और उद्योगपतियों के हित देखने वाली गरीबों और दलितो की विरोधी है। पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर संविधान के निमार्ता, महान अर्थशास्त्री और गरीबों के रक्षक थे, वे एक सच्चे देशभक्त थे, उन्होंने जीवन भर दलितों, गरीबों और मजलूमों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी और कांग्रेस की नीतियों का समर्थन किए। इस अवसर पर रविकांत राय,जनक कुशवाहा, अजय कुमार श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सिंह मुन्ना, आशुतोष गुप्ता, डॉ सुमेर कुशवाहा, संदीप विश्वकर्मा, हामिद अली, सदानंद गुप्ता, झुन्ना शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनसंपादकीय

# माह-ए- रमजान : दूसरों की भूख को महसूस करने का अर्थ है रोजा

**सेराज खान बातिश**

धर्म और आस्था का संकल्प लिये लोग कैसे कैसे कष्ट सह जाते हैं। शरीर को तकलीफ में डाल कर खुदा को याद करने या राजी करना, ईश्वर के प्रति साधनामय होना आस्थाओं की परंपरागत मान्यता रही है । बांग्ला में एक कहावत भी प्रचलित है -'कष्टों करले टेस्टो पावा जाए। दर असल कष्ट और संघर्ष की निरंतर प्रक्रिया ही सफलता की कुंजी है। इसे चाहे ईश्वर की प्राप्ति कह लिया जाए या फिर मुक्ति का मार्ग!



बुद्ध का निर्वाण भी ऐसे ही एक कष्टपरक साधना थी!हजरत मुहम्मद साहब ने भी 'हीरा' नामक पहाड़ की एक गुफा में चालीस दिन तक कठोर साधना की थी। कहीं शास्त्रों में भी कहा गया है - 'ईश्वर का भोजन है साधना।' इस्लाम में भी ऐसे कष्टदायक सिद्धि का चलन रहा है। रमजान महीना उसका एक उदाहरण है। रमजान का यह समापन सत्र चल रहा है। भारत समेत मुस्लिम जगत इबादत और रियाज व अपने शुद्धीकरण में लगा हुआ है।कम तौलना, किसी को धोखा न देना, किसी के साथ अन्याय न करना, अपनी पत्नियों व बच्चों से स्नेह करना, पड़ोसी से मधुर संबंध बनाए रखना आदि शुभ कार्य रमजान के पालन का उद्देश्य है,जो अन्य धर्मों का भी मूलमंत्र है। मगर हम कितना धर्म के सदबचलनों और सिद्धांतों का पालन कर पाते हैं,यह हम बेहतर जानते हैं? सब कुछ हो रहा है और धर्म व आस्था भी चल रही है। मजदूर इस कड़ाके की धूप में छत की ढलाई कर रहे हैं। इससे भी बड़ी कोई कष्टदायक इबादत है क्या ? अगर वह रोजा भी है तो अपने साथ अत्याचार कर रहा है। अगर उसे लू लग जाए या गिर जाए तो रोजा के कड़े सिद्धांत या कोई दिव्य शक्ति उसे जीवन दान नहीं देगी, उसका उपचार नहीं कर सकती।

> **इस महीने में युद्ध नहीं होना चाहिए । लेकिन भयंकर युद्ध चल रहे हैं ।इस महीने शैतान कैद कर लिए जाते हैं मगर धार्मिक जुलूसों के दौरान दंगे हो रहे हैं। कहां कोई फर्क पड़ा ? इस्लामी दृष्टि से इस महीने का महत्व इसलिए भी है कि इसी महीने कुरान का आवरण प्रारंभ हुआ और हजरत मुहम्मद साहब के जीवन काल के तेईस वर्षों तक चलता रहा और उनके गुजर जाने के एक सौ साल बाद कुरान का यह संकलित रूप आज हमारे सामने है।**

लेकिन आस्थाओं और धर्म का आक्रामक रूप, जन्नत दोजक का भय अबोध मानस को यह सब करने को बाध्य करता है।

कलकत्ते के एक बड़े शायर व पत्रकार थे, इब्राहिम होश, जो 'काला चांद डोमा' के छद्मनाम से व्यंग्य लिखते थे। वे एक अखबार भी निकालते थे 'रोजाना हिन्दी।' उनका कलकतिया टोन और तत्कालीन हिन्दी फिल्मों के गानों की पैरोडी पाठकों में बहुत लोकप्रिय थी - 'रो ?रो कहते हैं घुघनी फुलौड़ी , तेरे जाने से सारा मजा घट ग?ईस।' इब्राहिम होश साहब ने थर्म के ऐसे पाखण्डों पर बहुत प्रहार किया है। जीवन जगत के जैसे अर्थ बदलते जा रहे हैं , वैसे ही धर्मों और आस्थाओं के अर्थ बदल रहे हैं।आज इफ्तार में तरह तरह के डिश आनलआइन खाने व मिठाइयों से दस्तरख्वान की शोभा बढ़ाई जाती है। ऐसे रोजा और शोबाजी की इस्लाम में मनाही है।अब तो धर्मो के बहुत से रूपों का राजनीतिकरण हो गया है। उसी का एक रूप है राजनीतिक पार्टियों द्वारा 'इफ्तार पार्टियों' का आयोजन करना। इन पार्टियों में प्रायः बेरोजदार लोग ही होते हैं।

इस महीने में युद्ध नहीं होना चाहिए । लेकिन भयंकर युद्ध चल रहे हैं । इस महीने शैतान कैद कर लिए जाते हैं मगर धार्मिक जुलूसों के दौरान दंगे हो रहे हैं। कहां कोई फर्क पड़ा ? इस्लामी दृष्टि से इस महीने का महत्व इसलिए भी है कि इसी महीने कुरान का आवरण प्रारंभ हुआ और हजरत मुहम्मद साहब के जीवन काल के तेईस वर्षों तक चलता रहा और उनके गुजर जाने के एक सौ साल बाद कुरान का यह संकलित रूप आज हमारे सामने है।

इस महीने फितरा, जकात, सदका और खैरात देने का इस्लामी आदेश है। फितरा परिवार के हर व्यक्ति पर अदा करना अनिवार्य है । इस वर्ष पैंसठ रुपए प्रति व्यक्ति फितरा तय किया गया है। जकात एक प्रकार से इस्लामी कर प्रणाली है। इसके तहत धन संपत्ति चल अचल पर चालीस प्रतिशत अदा करने का हुक्म है, जिसे अदा कर देना होता है। सदका वह राशि है, जिसे मुस्लिम समाज अपने किसी सदस्य या अपने किसी दिवंगत प्रियजन के पुण्यार्थ किसी निर्धन को देते हैं और खैरात भी उसी प्रकार दान देने की एक परंपरा है। इस तरह मुस्लिम समाज रमजान के महीने में क?ई तरह से अपने जीवन शरीर आत्मा और धन का शुद्धीकरण करता हैं।

कुछ लोग उन राशियों को मदरसों या अन्य धार्मिक संस्थाओं को भी दे देते हैं।

रमजान के दौरान कुरान का नमाज के रूप में जिसे तरावी कहा जाता है,रात के समय कंठस्थ पाठ होता है।इसका उद्देश्य यही है कि कुरान के मूल पाठ में कहीं कोई परिवर्तन तो नहीं कर लिया गया है? रमजान,अरबी के 'रमादान' शब्द से आया है ,जिसका अर्थ -गर्म महीना या शुष्क वातावरण है।वैसे उपवास का महत्व हर धर्म में बताया गया है।यह एक प्रकार से स्वयं शुद्धीकरण की प्रक्रिया है।

रमजान के इस समापन के दिनों मे 'ताकरातों' और 'लैलतुलकद्र' की खास अहमियत है।इन रातों

में विशेष इबादत का बहुत महत्व है।एक हदीस ( हजरत मुहम्मद साहब का वक्तव्य) में कहा गया है कि अल्लाह इस महीने में अपने नेक बंदों से खास प्रेम और लगाव रखता है।इस महीने में आत्मा को शुद्ध और सशक्त करने का अल्लाह अवसर देता है। मगर घर घर आया का काम करने वाली तजुबेर्कार 'बुआ जी' कहती हैं -नहीं सर, सब रोजी पर है- रोजी से ही रोजा है ,सर!

**( लेखक कवि और कथाकार हैं, संपर्क ९३३९८४७१९८)**

# पाठ्य पुस्तकों के 'रेशनेलाईजेशन' के मायने

**समय- संदर्भ**



**सुभाष गाताडे**

टू किल ए मॉकिंग बर्ड। हार्पर ली नामक लेखिका का यह इस उपन्यास / प्रकाशन वर्ष 1960/ विश्वभर में चर्चित है। उपन्यास का फोकस श्वेत युवती के साथ बलात्कार के फर्जी आरोप में फंसाए गए एक अश्वेत युवक को दोषमुक्त साबित करने के लिए एटिकस फिंच नामक श्वेत वकील के लगभग अकेले संघर्ष की कहानी बयां करता है।

एक ऐसे वक्त. में जबकि अमेरिका में अश्वेतों के नागरिक अधिकारों के लिए सरगर्मियां धीरे धीरे बढ़ रही थीं, उन दिनों प्रकाशित इस उपन्यास ने पाठकों की कई पीढ़ियों का प्रभावित किया है और तमाम लोगों को प्रेरित किया है कि वह नस्लीय शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाए। कुछ साल पहले दुनिया के अग्रणी लाईब्रेरियनों द्वारा इस किताब को सबसे जरूरी पठनीय किताब घोषित किया गया है, लेकिन इस वजह से अमेरिका के अलग अलग स्कूलों में विभिन्न वजहों से इस पर पाबंदी लगने या उसे चुनौती देने के मामले में कोई कमी नहीं आयी है। कहा जाता है यह किताब आज भी इस फेहरिश्त में टॉप पर बतायी जाती है। जानकारों के मुताबिक किताबों पर पाबंदी लगाने या उन्हें चुनौती देने के मामले में अमेरिका के अंदर हाल के समयों में तेजी आयी है। बहुचर्चित किताबों को अदालती कार्रवाइयों को झेलना पड़ा है कि वह युवा पाठकों के लिए अनफिट है। जैसे कि उम्मीद की जा सकती है कि इसने स्कूलों में दमघोंटू वातावरण को निर्मित किया है, अलग अलग मसलों पर विचारों के मुक्त आदानप्रदान को कुंद किया है और स्कूल के अंदर अभिव्यक्ति की स्वतंत्राता के छात्रों के संवैधानिक अधिकार को गंभीरता से बाधित किया है।

भारत के अंदर की स्थिति - जिसके शासक इन दिनों अपने आप को ह्यमदर आफ डेमोक्रेसीह्न अर्थात जनतंत्र की मां के तौर पर पेश करने में फक्र महसूस करते हैं - दुनिया के सबसे ताकतवर जनतंत्र के बरअक्स गुणात्मक तौर पर अलग नहीं है, बल्कि बदतर है।

छात्र क्या पहनें या ना पहने से लेकर वह क्या खाएं या न खाएं या स्कूल के परिसर में कौन से गाने / प्रार्थनाएं गाएं या किन उत्सवों को मनाए, छात्र जीवन के हर पहलू को विवादास्पद बना दिया गया है और स्कूली वातावरण को विषाक्त बनाया जा रहा है। पाठयक्रमों में मनमाने किस्म के बदलाव, जिनमें न शिक्षाशास्त्रीय/पेडागॉजिकल मानदंडों का ध्यान रखा जाता हो या क्षेत्र के विशेषज्ञों से सलाह मशविरा किया जाता हो - आम हो गए हैं, जिस रास्ते एक तरह से केन्द्र में सत्ताधारी हिन्दुत्व वर्चस्ववादी जमातों के नजरिये का सामान्यीकरण किया जा रहा है।

एनसीईआरटी - जिसका गठन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू के जमाने में एक स्वायत्त संस्थान के तौर पर हुआ और जिस के जरिए स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए नीतिगत और कार्यक्रमगत सलाह मशविरे का सिलसिला शुरू किया गया, वह इन दिनों विवादों के केन्द्र में है। वजह यह है कि उसके द्वारा तैयार की गयी छठवीं से 12 वीं तक की कक्षाओं की समाजविज्ञान और राजनीतिविज्ञान की पाठ्य पुस्तकों को बिना जानकारों, विशेषज्ञों से सलाह मशविरा किए संपादित कर छात्रों के सामने नए संस्करण के तौर पर पेश किया गया है। और तर्क दिया गया है कि यह पूरी कवायद ह्यछात्रों का बोझ कम करनेह्न और पाठयक्रम के ह्यरेशनलायजेशनह्न के लिए की जा रही है।आखिर इस पूरी कवायद को लेकर असंतोष के स्वर, असहमति की आवाजें क्यों उठ रही है। एक पहलू प्रक्रियाओं के पालन का है, दूसरा पहलू कंटेट का है और तीसरा पहलू पुनर्लेखन के पीछे की प्रणाली से जुड़ा है।

अगर हम थोड़ा पीछे मुड़ कर देखें तो एनसीईआरटी की इन किताबों को इक्कीसवीं सदी की पहली दहाई के मध्य में प्रोफेसर यशपाल जैसे जानेमाने शिक्षाविद की अगुआई में बनी कमेटी के सलाह के बाद निर्मित किया गया। शिक्षा के केसरियाकरण के आरोपों से घिरी रही वाजपेयी सरकार की केन्द्र से बेदखली के बाद कांग्रेस के नेतृत्व में बनी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार की अगुआई में यह काम शुरू हुआ , जब शिक्षा मंत्री अर्जुन सिंह थे। इन किताबों के निर्माण में देश के अग्रणी समाजविज्ञानी और राजनीतिविज्ञानी, इतिहासकार तथा अन्य विषयों के जानकारों को शामिल किया गया। कई दौर के बातचीत के सत्र चले तथा उसके बाद ही इन किताबों को अंतिम रूप दिया गया।

याद रहे रिवाज यही है कि अग्रणी अकादमिकों तथा एनसीईआरटी के विशेषज्ञों के आपसी संवाद के बाद खास विषय के पाठ्यक्रम तय होते हैं तो क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रोफेसरों की एक कमेटी बनती है, जो पाठ्यक्रम पर विचार करती है और फिर किन पहलुओं पर जोर दिया जाए, कैसे नयी नयी बातें शामिल की जाए और फिर अलग अलग अध्यायों को आपस में बांटकर उसका लेखन होता है। एक मसविदा पाठ्यपुस्तक तैयार हो जाए तो पाठ्यपुस्तक निर्माण से संबंधित शिक्षकों की सहायता से कार्यशाला चलती है, सैम्पल कक्षाओं में उसे पढ़ाया जाता है और अंततः सभी से आने वाले फीडबैक को लेकर उसे अंतिम रूप प्रदान किया जाता है।

ध्यान रहे कि पाठ्यपुस्तकों के निर्माण में जिस सख्ती की जरूरत होती है, उसी किस्म की प्रक्रिया उसके संशोधन की होती है। ऐसा नहीं हो सकता है अकादमिकों, विशेषज्ञों, अध्यापकों के आपसी विमर्श के बाद जो पाठ्यपुस्तक तैयार कर दी गयी, उसमें सुधार करने की प्रक्रिया को तदर्थ ढंग से अंजाम दिया जाए। विडम्बना यही है कि पाठयपुस्तकों के सुव्यवस्थीकरण / रेशनलायजेशन के नाम पर चलायी गयी ताजा इस प्रक्रिया में इन पहलुओं की पूरी तरह अनदेखी की गयी।

आम तौर पर होता यही है कि ऐसे संशोधनों के पहले एनसीईआरटी की तरफ से यह संकेत भी दिया जाता है कि वह क्या चाह रही है, जो बातें फिर विशेषज्ञों, अकादमिकों के लिए गाइडलाइन का काम करती है। काउंसिल की तरफ से कोई बैठक बुलाने या आपसी विचार विमर्श की प्रक्रिया चलाना तो दूर रहा पाठ्यपुस्तकों में संभावित सुधारों के बारे में भी क्षेत्र के जानकारों को कुछ नहीं बताया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि काउंसिल के चंद कर्मचारी अध्यापकों ने गुपचुप तरीके से अंजाम दिया और संपादित किताब मुद्रण के लिए भेज दी। क्या इस बात की उम्मीद की जा सकती है कि देश विदेश के स्तर पर अपने क्षेत्र के अग्रणी विद्वानों ने समय निकाल कर जिन पाठ्य पुस्तकों को तैयार किया, उन्हें दफ्तर में बैठकर कोई संपादित कर सकेगा। यह उसी तरह से होगा कि किसी महान पेंटर की कलाकृति को किसी मामूली चित्रकार से सुधरवाया जाए।

अगर एक क्षण के लिए मान लें कि एनसीईआरटी किताबों की मोटाई को, उसके पन्नों को कम करना चाह रही थी, तो वह उन सभी विद्वानों को लिख देती कि आप ने मिल कर जिस अध्याय को बच्चों के लिए लिखा है, उसमें से अपने हिसाब से दस फीसदी या बीसदी हिस्सा हटा दें और हमें संशोधित कर भेज दें, क्या इस क्षेत्रा के विद्वान इससे दूर रहते। नहीं ! दरअसल सरकार को इस बात का डर था कि अगर यह काम उन्हीं विशेषज्ञों पर छोड़ दिया जाए तो सरकार जिन जिन हिस्सों को छांटना चाह रही है, वह हिस्से हट नहीं सकेंगे !

और वही हुआ जिसका अंदेशा था। विद्वतजनो की लिखी किताबों को सरकार समर्थक नौकरशाहों ने हिन्दुत्व वर्चस्ववादी संगठनों के हिमायतियों की सहायता से छांट दिया, जिसे लेकर उसकी आज हंसी उड़ रही है और लोगों को इसमें साफ दिख रहा है कि इस कांटछांट का असली एजेण्डा हिन्दुत्व के विचार को नयी मजबूती देना है।

अगर हम अलग अलग अखबारों में इससे संबंधित समाचारों को पलटें तो पता चलता है कि दिल्ली सल्तनत से लेकर मुगल काल तक के महत्वपूर्ण अंशों को, जाति के इर्दगिर्द पहले के संस्करणों में चली चर्चा को या महात्मा गांधी के हत्यारे हिन्दुत्व अतिवादी नथुराम गोडसे या इस हत्या की साजिश में शामिल हिन्दुत्व वर्चस्ववादी जमातों को अधिक तटस्थ रूप में, सैनिटाइज अर्थात उनके साफसुथराकृत रूप में पेश किया गया है। वर्ष 2002 के गुजरात दंगे, जिसमें राज्य की अकर्मण्यता और निरपराध नागरिकों के खिलाफ बहुसंख्यक संप्रदायवादी संगठनों के सुनियोजित हिंसाचार की देश और देश के बाहर भी जबरदस्त आलोचना हुई, इन सब चचाओं को ताजा संस्करण से गायब कर दिया गया है। यहां नहीं भूलना चाहिए कि गुजरात की इन हिंसक घटनाओं को लेकर देश की बेहद नकारात्मक छवि दुनिया के पैमाने पर बनी थी। जिन अध्यायों को या जिन हिस्सों को छांटा गया है, उन पर सरसरी निगाह भी डालें तो हड़बड़ाहट के साथ, आननफानन में चलायी गयी इस प्रक्रिया की झलक मिलती है कि इसमें किस तरह सुसंगति का अभाव रहा है, जिसके चलते भारत के संविधान के माध्यम से भारत की जो छवि प्रतिबिम्बित होती है, जिस साझी विरासत की बात सुनते हुए हम बड़े हुए हैं, आपसी समुदायों के आपस के सदभावपूर्ण रिश्तों की बात करते हुए हम बड़े हुए हैं, यह छवि तार तार होती दिखती है और भारत की एकांगी छवि प्रोजेक्ट होती है। पाठ्यक्रमों की कांटछांट का दायरा सामाजिक राजनीतिक आंदोलनों तक भी फैला है, जिसमें फिर नक्सलवाद से नर्मदा आंदोलन, चिपको आंदोलनों से संबंधित हिस्सों को काट छांट दिया गया है या हटा दिया गया है। ह्यद हिन्दूह्न अखबार ने इस बात की चर्चा भी की है कि किस तरह कुपोषण से जुड़ी चचाओं को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। जितनी हड़बड़ाहट में चीजों को संपादित किया गया है, उसमें दो अन्य दिक्कते हैं , पहली समस्या शिक्षाशास्त्र से संबंधित है, दूसरी समस्या इसमें है कि क्या काउंसिल के अग्रणी इस बात से बेखबर हैं कि किताबों के संपादित हिस्से बच्चों को देकर वह उन्हें वास्तविक जानकारी पाने से वंचित कर सकेंगे, निश्चित ही नहीं। दरअसल इंटरनेट के जमाने में अगर कोई हुकूमत यह सोचे कि बच्चों तक वह सही जानकारी नहीं पहुचने देगी तो यह उसकी मुगालता है, उससे अधिक कुछ नहीं। और लोकतंत्र के आवरण में लिपटी हर अधिनायकवादी हुकूमत ऐसे ही भ्रम में जीती है और एक दिन सत्ता के गलियारों से अपने आप को बेदखल पाती है।

क्या हम यह कहना चाहते हैं कि इतिहास का पुनर्लेखन नहीं होना चाहिए ? ऐसी अहमक जैसी बात कौन कर सकता है। प्रख्यात इतिहासकार ई एच कार की किताब है ह्यइतिहास क्या है / व्हाट इज हिस्ट्री ?ह्न जिसमें वह एक जगह इतिहास की बेहद सरल मगर बेहद गहरी व्याख्या करते हैं। ह्यइतिहास अतीत के साथ वर्तमान के संवाद का दूसरा नाम हैह्न। जाहिर है ऐसा संवाद पत्थर की लकीर की तरह हो ही नहीं सकता। नए तथ्य आएंगे, देश दुनिया को देखने के नए फलसफाई नजरिए विकसित होंगे और हम बार बार अपने इस अतीत से अपनी गुफतगू जारी रखेंगे।

प्रोफेसर के एन पन्निकर अपने बेहद सारगर्भित निबंध ह्यआउटसाइडर एज एनीमी ह्न अर्थात दुश्मन के तौर पर बाहरी व्यक्ति/ में इसी बात को दूसरे अंदाज में बयां करते हैं, इतिहास सतत चलने वाली ऐसी प्रक्रिया है ह्यजहा इतिहासकार पद्धतिविज्ञान संबंधी या विचारधारात्मक नए नए दृष्टिकोणों से रूबरू होता है या इसके पहले के अनजान तथ्यों के आधार पर नए ढंग से विश्लेषित करने की कोशिश करता है। एनसीईआरटी ने सुव्यवस्थीकरण के नाम पर जिस कांटछांट को मनमाने ढंग से अंजाम दिया है इसमें आप को इस पूरी प्रक्रिया और स्पिरिट का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन दिखता है।

वैसे चाहे अमेरिका हो या भारत हो पाठ्यपुस्तकों को बैन करने, उन्हें संशोधित करने या उन्हें चुनौती देने की प्रक्रिया स्वतःस्फूर्त नहीं होती। आप को इसके पीछे रूढिवादी, संकीर्ण नजरिया रखनेवाले संगठन ; समुदाय या आस्था के आधार पर एक दूसरे को दुश्मन साबित करने वाली तंजीमें साफ साफ दिखती हैं।

अमेरिका और दुनिया के अन्य भागों में सक्रिय लेखकों के संगठन / पेन, अमेरिका/ द्वारा किए गए अध्ययन और जारी किए गए रिपोर्टों में ऐसे संगठित समूहों की दखलंदाजी साफ साफ दिखती है। ह्यपेन अमेरिकाह्न के मुताबिक इसके पीछे ह्यक्रिश्चियन नैशनेलिस्ट संगठन यहां तक ऐसे संगठन जो शिक्षा संस्थानों में अधिक धार्मिक शिक्षा देने की वकालत करते हैं, देखे गए हैं ; यहां तक कि अभिभावकों के समूहों में कई स्थानों पर टंप की दक्षिणपंथी राजनीति से नजदीकी भी देखी गयी है।

ऐसे तमाम अध्ययन और रिपोर्ट हाजिर हैं जो बताती हैं कि किस तरह दक्षिणपंथी हिन्दुववादी विचारों से जुड़े संगठन तथा समूह इस मामले पर लंबे समय से संक्रिय रहे हैं, जिनकी सक्रियताएं भारत को आजादी मिलने के तत्काल बाद अधिक संगठित रूप में शुरू हुई हैं।

दरअसल ह्यअन्यह्न के प्रति उनकी नफरत इतनी ज्यादा है या उनका विश्वनजरिया जिस तरह ह्यबाहरी दुश्मनह्न के चिंतन पर टिका है कि उन्हें इस बात से भी कत्तई गुरेज नहीं है, ह्यपाठयपुस्तकों के व्यवस्थीकरण/ रेशनलायजेशन की उनकी कवायद न केवल महात्मा गांधी जैसे महामानव के असली हत्यारे और उसकी साजिश रचनेवाली हिन्दुत्व वर्चस्ववादी जमातों का सैनिटायजेशन करने अर्थात उनका साफसुथराकरण करने के उपक्रम को सामने लाती है बल्कि साथ ही साथ उस औपनिवेशिक आख्यान को भी नयी मजबूती प्रदान करती है, जिसके तहत भारतीय इतिहास को उपनिवेशवादी ब्रिटेन के विचारकों एवं दार्शनिकों द्वारा पेश किया है। याद रहे कि वर्ष 1818 में ही इनके करीबी एक स्कॉटिश दार्शनिक और अर्थशास्त्री जेम्स मिल ने ब्रिटिश भारत का इतिहास लिखा था, जिसके तहत भारत के इतिहास को हिन्दू कालखंड, मुस्लिम कालखंड और ब्रिटिश कालखंड के तौर पर बांटा गया था।

अब जहां तक जेम्स मिल की बात है वह यही मानते थे कि ब्रिटेन का भारत में आगमन एक तरह से भारत जैसे पिछड़े मुल्क को ह्यसभ्य बनानेह्न का मिशन है और जिन्होंने भारतीय समाज को नैतिक तौर पर कमतर मोरली डिग्रेडेड कहा था। इतनाही नहीं सदियों से भारत में कायम साझा विरासत की भी और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी मधुर रिश्तों की भी उन्होंने अनदेखी की थी।

विडम्बना ही है कि आए दिन राष्ट की दुहाई देने वाली या अन्यीकरण की उनकी राजनीति से असहमति रखनेवाली आवाजों को दमन करनेवाली ताकतें किस तरह औपनिवेशिक आख्यान को सेलिब्रेट कर रही हैं और उसमें गर्व हासिल कर रही हैं, यह सभी के सामने है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं)**

# बहुजन नायक की समाजवादी आस्था

**स्मरण**



**जयप्रकाश पांडेय**

उपनिवेशवाद के अवशेषों, सामंती संस्कारों एवं देश के बंटवारे से उपजे हालात में आजाद हुए इस मुल्क ने समकालीन समस्याओं के समाधान एवं शहीदों के सपनों के भारत के निर्माण के लिए लोकतांत्रिक समाजवाद का रास्ता अपनाया।इसी लोकतांत्रिक रास्ते पर चलते हुए इस देश ने हरित क्रांति से पेट की आग बुझाई,आईटी एवं स्पेस टेक्नोलॉजी में देश का गौरव बढ़ाया तो सामाजिक गैर बराबरी मिटाने के आग्रह से हिंदू कोड बिल एवं मंडल आयोग के कार्यान्वित कर वंचित, शोषित तबके को मुख्यधारा में शामिल किया। हमने लोकतांत्रिक संस्थाओं, मूल्यों, परंपराओं को सार्वजनिक जीवन की एक संस्कृति के रूप में स्थापित करने में सफलता हासिल की। लेकिन पिछले एक दशक से दक्षिणपंथ के उभार से साझी विरासत साझी सहादत से निर्मित समरसता खंडित हो रही है।माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में हेट स्पीच पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया है। संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता, अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी लगाई जा रही है, सत्तापक्ष स्वयं सदन में गतिरोध पैदा कर रहा है,प्रतिपक्ष के नेताओं पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की छापेमारी हो रही है तो विपक्षी राज्य सरकारों को ऑपरेशन लोटस के माध्यम से ध्वस्त किया जा रहा है। इससे संवैधानिक नैतिकता तार-तार हो रही है। नवउदारवादी आर्थिक नीतियों से विषमता की खाई चौड़ी होरही है।आज नीचे की 50% आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का महज 4.1% हिस्सा है वहीं ऊपर की 1 फीसदी आबादी के पास देश की संपत्ति का 53% हिस्सा है। यह विडंबना है कि विगत दो वर्षों में ही अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर 166 हो गई है। वहीं भुखमरी सूचकांक, मानव विकास सूचकांक एवं प्रति व्यक्ति आय के स्तर पर भारत श्रीलंका, बांग्लादेश के भी पीछे खड़ा है। ?27 दैनिक आमदनी पर गुजारा करने वाला किसान संकटग्रस्त है। प्रतिदिन 2300 किसान पुरखों की जमीन से बेदखल होकर भूमिहीन हो रहा है।घाटे की खेती एवं कर्ज के दबाव में प्रतिदिन 21 किसान आत्महत्या के लिए अभिशप्त है।115 दिहाड़ी मजदूर भी हर रोज खुदकुशी कर रहे हैं। प्रसारणशील बेरोजगारी के दौर में नियमित सरकारी नौकरियों में कटौती एवं आउटसोर्स की भट्टी में युवाओं के सपने खाक हो रहे हैं। ऐसे में बाबा साहब की जीवन संघर्ष एवं उनकी विचार दृष्टि का अवलोकन हमें इस अंधेरे से निकलने में एक ज्योतिपुंज की भूमिका निभाता है।

भारतीय समाज व्यवस्था के बारे में बाबा साहब का अपना मौलिक चिंतन था। उन्होंने जातिवाद के संदर्भ में तथाकथित श्रम के विभाजन की संकल्पना को खारिज कर दिया। उनका मानना था कि जाति प्रथा केवल श्रम का विभाजन नहीं है, बल्कि यह श्रमिकों का भी विभाजन है। बाबा साहब ने साफ कहा कि जाति ईट की दीवारों जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है बल्कि यह एक धारणा है एक मानसिक स्थिति है जात पात को मानने वाले लोग दोषी नहीं हैं बल्कि वह शास्त्र उत्तरदाई हैं जिन्होंने जाति और धर्म की शिक्षा दी बाबा साहब राजनीतिक मुक्ति को महत्वपूर्ण मानते हुए भी सामाजिक मुक्ति को ही संपूर्ण मुक्ति मानते थे। वह अक्सर कहा करते थे कि जाति एक ऐसा दैत्य है जो आप के मार्ग में खड़ा जब तक आप इसे मारेंगे नहीं न तो कोई राजनीतिक सुधार कर सकते हैं और न ही कोई आर्थिक सुधार ।डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मानसिक निर्मित्ति पर अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय एवं लंदन के शैक्षणिक संस्थाओं के परिवेश और प्रोफेसर जॉन डीवी का प्रभाव साफ दिखता है। निश्चित रूप से पश्चिम प्रवास में ही बाबा साहब में लोकतांत्रिक मूल्यों- स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति निष्ठा दृढ़ हुई। भारत में सार्वजनिक जीवन की शुरूआत उन्होंने बहुजन बहुजनों पर आरोपित सामाजिक वर्जनाओं के प्रतिरोध में सत्याग्रह से किया। नासिक के कालाराम मंदिर में दलितों के प्रवेश के लिए उनका सत्याग्रह चर्चित रहा किंतु 1920 में महाड सत्याग्रह जिसमें उन्होंने तालाब पर दलितों के हक के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया था, यह पूरे देश में चर्चित हुआ। उन्होंने बिखरी हुई दलित शक्तियों को एकत्र करके एक दबाव समूह बनाने का प्रयास किया, जिससे दलितों की राजनीति में सहभागिता सुनिश्चित हो सके इसी क्रम में उन्होंने बहिष्कृत हितकारिणी सभा, शेड्यूल कास्ट फेडरेशन की स्थापना की। 1926 -42 तक मुंबई विधान परिषद एवं विधानसभा में दलितों की आवाज उठाई। अंग्रेज प्रशासकों के कम्युनल अवार्ड की घोषणा में दलितों को हिंदुओं से पृथक निर्वाचन मंडल का प्रावधान कर दिया गया। किंतु महात्मा गांधी ने इस कम्युनल अवार्ड के खिलाफ आमरण अनशन शुरू किया तब अंततः बाबा साहब ने पूना पैक्ट (24 सितंबर 1932) पर हस्ताक्षर कर दलितों को हिंदू समुदाय से पृथक होने की संभावना पर रोक लगा दी। परंतु उनके प्रयासों से दलितों को प्रांतीय विधानसभा में 71 से बढ़कर 147 और केंद्रीय विधानसभा की कुल सीटों में 18% का प्रावधान हो सका।

बाबा साहब की सामाजिक न्याय की संकल्पना संकुचित नहीं थी 1942- 46 में वायसराय की कार्यकारिणी सदस्य (श्रम मंत्री) रहते हुए उन्होंने औद्योगिक श्रमिकों की अधिकतम दैनिक कार्य अवधि 14 घंटे से घटाकर 8 घंटे तथा ट्रेड यूनियन की अनिवार्य मान्यता हेतु कानूनी प्रावधान कराया। वहीं आधी आबादी के हक में नेहरू मंत्रिमंडल के सदस्य की हैसियत से उन्होंने ऐतिहासिक 'हिंदू कोड बिल 195' प्रस्तुत किया। आज हिंदू,बौद्ध,जैन समुदाय की महिलाओं को तलाक लेने का अधिकार, पिता की संपत्ति में पुत्र के बराबर का हक तथा एक से अधिक विवाह पर प्रतिबंध जैसे प्रगतिशील अधिकार बाबा साहब के संघर्षों के कारण ही हासिल हो सके। बाबा साहब हिंदू महासभा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,एवं अन्य दक्षिणपंथी संगठनों के उभार से चिंतित थे। 1940 में उन्होंने कहा था अगर हिंदू राष्ट्र बन गया तो इस देश में भारी तबाही का पर कारण बनेगा?।

हमें हिंदू राष्ट्र बनने की प्रक्रिया को हर हाल में रोकना होगा अन्यथा दलितों और महिलाओं की दशा दयनीय हो जाएगी। दक्षिणपंथी राजनीतिक समूहों द्वारा समाज में अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए आधी आबादी,दलितों एवं पिछड़ों को बराबरी देने के प्रयास में फ्रूट फ्रूट बाधा पैदा करने से क्षुब्ध होकर बाबा साहब ने हिंदू धर्म का परित्याग कर बौद्ध धर्म ग्रहण किया। बाबा साहब की सामाजिक न्याय की संकल्पना उन्हें समाजवाद की जमीन से जोड़ती थी। डॉक्टर लोहिया के मध्य पत्राचार से भी उनकी समाजवादी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। निश्चित रूप से हमें बाबा साहब के अधूरे समाजवादी सपनों को हासिल करने के लिए हाशिए के समाज में समाजवादी चेतना का प्रसार करना होगा, सामंती एवं सांप्रदायिक ताकतों का सक्रिय प्रतिकार करना होगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**


## सत्ता आती रहेगी, जाती रहेगी मगर यह देश रहेगा



सरकार की आलोचना करने पर /संभव आप मेरी जान ले-लें
मेरे मरने के बाद आप चाहें /मेरे सर पर लाल गमछा या /जालीदार टोपी पहना दें।
उसके लिए आप स्वतंत्र हैं/उम्मीद है आप प्राप्त सूचना के/मुताबिक काम करेंगे।
मैं उसका विरोध नहीं कर पाऊंगा
मगर मुझे मारने से पहले आपसे /एक विनती है मेरी, मानोगे क्या?
मेरे देश की संसद चलने दो/लोकतंत्र-इतिहास को रहने दो।
क्योंकि आप लिखा हुआ मिटा पाओगे /किताबें छपवाकर बाँट सकोगे देश में
देश को बर्बाद भी कर पाओगे मगर /लोगों के /जहन में इस देश को कैसे बदलोगे?
सत्ता आती रहेगी, जाती रहेगी /मगर यह देश रहेगा कोई बोला था।
तब देश नतमस्तक उन्हें, सुनता था/ क्योंकि उसमें देश का सौदा नहीं था ।
बेशक मार डालना मुझे, और फिर चाहें करो/झोला तो फकीरी का प्रतीक है न?
क्या पता था, किसी जादूगर की तरह / उसमें सत्ता के नशे की बोतल भी थी।

**- पंकज त्रिवेदी**

## कहानी



# कहीं तो होगी वह अभिशप्त लड़की

**कृष्ण बिहारी**

आज छत्तीस साल बाद उसकी याद इस तरह क्यों आ रही है ? याद तो वह पहले भी आती रही है और वह भी . हां , नमिता भी और प्रिया भी . दोनों की यादों ने कभी - कभी अपनी गिरफ्त में लिया है उसे लेकिन इस दौरान कभी ऐसा नहीं हुआ कि बेचैन होना पड़े . क्या वे भी उसे याद कर रही होंगी ? कहीं तो होंगी दोनों ? कहाँ होंगी ? किसी से पूछा भी नहीं . किसी ने बताया भी नहीं .वक्त मरहम है . मरहम न होता वक़्त तो क्या घाव भरते ? जीवन है . जीवन में सब कुछ मनचाहा कहाँ होता ! कुछ नाकाबिलेबर्दाश्त हालात भी जिंदगी को झकझोर देते हैं . सब कुछ हिल जाता है . जीने की चाह मर जाती है मगर जीना पड़ता है. जिन्दगी रुकती नहीं . चलती रहती है स्वचालित घड़ी की तरह .चलती ही तो आई पिछले छत्तीस सालों से . जबकि इसे एक झटके में रुक जाना था . जब- जब जिंदगी की रफ़्तार में एक गति आने लगती है तब - तब न जाने क्यों उसके पहिये किसी न किसी व्यवधान के शिकार हो जाते हैं ! कभी एक पहिया तो कभी दोनों .प्रिया उसकी जिंदगी में बचपन से शामिल थी . खेल - खेल में एक अटूट रिश्ता पैदा हो गया था . दुनिया ऐसे रिश्ते को प्यार कहती है . मगर वह या कि वे इसे अनाम रिश्ता ही कहते थे . उन्हें नहीं पता था कि एक में दूसरा खुद को खोजने और पाने लगा है . . . कहाँ पता चलता है कि भीतर ही भीतर क्या घट रहा है .कितने पल . . .कितनी यादें . . .साथ - साथ बड़े हुए थे . . .

प्रिया कहती , ' मुझे गुड़िया की शादी करनी है . . .बरात लेकर आना तुम ...'

'कब लेकर आऊँ बरात ?'

'रहने दो ...गुड़िया अपनी ससुराल चली जायेगी तो मैं कैसे रहूंगी ...'

बात टल जाती . . .मौसम बदल जाते . पतझर में फूल दिखाई पड़ते .

प्रिया कहती , 'तुम्हारे लिए स्वेटर बिन रही हूँ . . .'

'कब तक पूरा होगा ?'

'सात - आठ दिन में हो जाएगा ...'

'जल्दी बनाओ . . .'

सलाइयों पर फंदों के चढ़ने की गति तेज हो जाती और ऊन से ऊष्मा निकलने लगती .

ओठों पर प्रेम के गीत थिरकने लगते . दूर कहीं संगीत के सुर - ताल सुनाई पड़ते . मगर अर्थ का पता नहीं होता . . .

प्रिया कहती , 'कहाँ थे आज सारा दिन ? मैं परेशान- परेशान इन्तजार करती रही ...'

'कॉलेज से निकला तो रैना लाइब्रेरी चला गया था . . .ये किताबें ले आया हूँ . . . तुम्हारे नोट्स इनसे बन जायेंगे ...'

'चाय बनाऊँ ?'

'हां . . .'

चाय के प्यालों से भाप उठती और फिर एक नमी तैरती रहती जिसमें एक सपना होता कि मेरा साथ देते रहना . इस साथ के बिना अपनी दुनिया में रखा क्या है !

एक दिन प्रिया ने कहा, ' मैं रूमाल पर तुम्हारा नाम लिख रही थी और बार-बार उंगली में सुई चुभी . . . '

'तुम्हारा ध्यान कहीं और रहा होगा . . .?'

'नहीं तो ! जब किसी को खूब याद करो तो उंगली में सुई चुभती है ...'

'किसने कहा ? लाओ दो , मेरा रूमाल आज कहीं गिर भी गया ....'

'लापरवाह हो . . .' प्रिया ने रूमाल दिया और उसने जेब के हवाले किया .

एक खजाना बिना जमा किए इकट्ठा हो जाता . . .मगर खजाने लुटते भी तो हैं ! प्रिया ने कहा , 'मेरी शादी आज तय हो गई ...जब मैं चली जाऊंगी ससुराल तो तुम्हारा खयाल कौन रखेगा ?'

'तुम कहीं नहीं जाओगी . . .'

'अपना ध्यान रखना ...बहुत लापरवाह हो तुम ...'

'बकवास बंद करो . . .'

मगर बकवास तो शुरू हो चुकी थी . एक मौसम बदलने लगा था . तभी मिली थी नमिता .मिली कहाँ ? साथ - साथ ही तो थी जिसका पता उसे नहीं था . कहाँ पता चलता है कि कितने लोग एक साथ साथ - साथ रहते हैं ! नमिता कहती , 'मैं आपसे प्यार करती हूँ . . .' नमिता उसे 'आप' कहती थी .

'मगर मैं तो प्रिया से प्यार करता हूँ . . .'

'जानती हूँ ...और यह भी जानती हूँ कि प्रिया आपको छोड़कर चली जायेगी . . .'

'ऐसा कभी नहीं होगा . . .'

' जब हो जाएगा तब तो मेरे पास आएंगे न !'

'नहीं . . .'

'मैं इन्तजार करूंगी ...'

कोई किसी को इसतरह क्यों चाहने लगता है ? बिना चाहे क्यों चाहने लगता है ? कोई जवाब नहीं मिलता . जवाब खूटियों पर टंगे नहीं होते . . .

नमिता कहती, 'आप जिंदगी भर पछतायेंगे . . .'

'अभिशप्त कर रही हो मुझे ?'

'नहीं , बता रही हूँ . . .'

कोई किसी का भविष्य कैसे जानता है ? भविष्य होता भी है ! प्रिया सचमुच ससुराल चली गयी और वह देखता रह गया . . .इन्तजार का मौसम मर गया . . .इन्तजार के मौसम बदलते नहीं , मर जाया करते हैं . . .

वह दूर जा रहा है . बहुत दूर . दूर से कुछ दिख नहीं सकेगा . कुछ याद नहीं आएगा . कुछ पास नहीं होगा . वह अकेला रहेगा .उसके साथ कोई नहीं होगा .वह खुद को खुद से भी अकेला कर लेगा . वह चलता गया . चलता गया . दूर . और दूर . माइल्स टू गो . जाना ही होगा .जाना ही है . . .छत्तीस साल चल चुका तबसे . . .

कई - कई बार याद आई प्रिया . कई - कई बार याद आई नमिता . मगर आज केवल नमिता याद आ रही है . प्रिया से अधिक . कहीं तो होगी अभिशप्त लड़की . . .

**(लेखक कथाकार हैं, संपर्क 6307435896)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# धूमधाम से मनायी गयी डॉ.भीमराव आम्बेडकर की जयंती

## जगह-जगह हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**आजमगढ़।** संविधान निर्माता डा.भीमराव आम्बेडकर की 132वीं जयंती जनपद में धूमधाम से मनायी गयी। जगह-जगह झांकी निकाली गयी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारियों ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। सार्वजनिक जीवन में उन्होंने अश्पृश्यता व भेदभाव का कड़ा विरोध किया। कार्यक्रम को अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।


लालगंज में डॉ.भीमराव अम्बेडकर व बुद्ध की झांकी

**जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय** पर उपाध्यक्ष पूर्णमासी प्रजापति की अध्यक्षता में डॉ.भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनायी गयी। कांग्रेसियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और नमन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज कुमार गौतम, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, महासचिव अजीत राय, रमेश राजभर, बेलाल अहमद बेग, मनोज कुमार सिंह, मुन्नू यादव, ओंकार पाण्डेय, तेजबहादुर यादव, अजीत राय, जगदम्बिका, श्याम देव, दिनेश यादव, मुन्नू, रविकांत, आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम विशाल भारद्वाज

**फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार** स्थानीय तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में भीमराव आंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। क्षेत्र के गोबरहा, जगदीशपुर, फूलपुर देहात, खानपुर चितरावल, अस्पतपुर के अम्बेडकर समितियों द्वारा फूलपुर नगर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जुलूस निकाला गया। जुलूस जगदीशपुर कुंवर नदी होते हुए फूलपुर शंकर तिराहा, बस स्टॉप, खोरासन तिराहा, फूलपुर तहसील तक गया। जुलूस में डॉ भीम राव अम्बेडकर और महात्मा बुद्ध की झांकी निकाली गयी।

निजामाबाद प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय तहसील के अधिवक्ता मीटिंग हाल में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रणविजय राय उर्फ मनोज राय के नेतृत्व में डॉ.भीमराव आम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर बार एशोसिएशन के अध्यक्ष मनोज राय, चन्देश कुमार, अनिल कुमार, सन्तोष कुमार गौड़, गगन कश्यप, जितेंद्र हरि पांडेय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शाहनवाज खान एडवोकेट ने किया।

**अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार** राजा जय लाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय अतरौलिया में स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ.एसके ध्रुव के नेतृत्व में संविधान निमार्ता बाबा साहब अम्बेडकर का जन्मदिन मनाया गया। डॉ.प्रदीप कुमार अर्थो ने गीत के माध्यम से हारमोनियम बजाकर बाबा साहब के विचारों को सुनाया। तत्पश्चात अस्पताल में मरीजों को डॉ.एसके ध्रुव द्वारा फल वितरण किया गया। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ अधीक्षक डॉ.केसी जयसवाल के नेतृत्व में बाबा साहब का जन्मदिन मनाया गया। इसी क्रम में विकास खंड कार्यालय तथा नगर पंचायत कार्यालय पर डॉ.लव कुमार मिश्रा द्वारा अंबेडकर की जयंती मनाई गई। थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जयंती मनाई गई।

**कप्तानगंज संवाददाता के अनुसार** जगह-जगह जुलूस निकाल कर बाबा साहब के नारे लगाए गए और गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

**माहुल प्रतिनिधि के अनुसार** स्थानीय नगर के पवई रोड स्थित अंबेडकर प्रतिमा के पास उत्सव का माहौल रहा। क्षेत्र के चक मकसूदजहा, इम्मामगढ़, शाहराजा, लहुरमपुर, राजापुर काफी आदि गावो से जलूस निकाला गया। इन गांवो से निकले जलूस का करवा माहुल के कुरैशी चैक पर इकट्ठा हो गया और पूरे नगर में भ्रमण किया। इस मौके पर जिला मंत्री दिलीप सिंह, हरिकेश गुप्ता, सुजीत जायसवाल आंसू, अजय श्रीवास्तव, बृजेश मौर्य, अमित सिंह आदि रहे।


फूलपुर में अम्बेडकर जयंती पर झांकी निकालते लोग

**लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार** शुक्रवार को भारत रत्न, गरीबों दलितों, मजदूरों के मसीहा बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती लालगंज व देवगांव में धूमधाम से मनाई गयी। चेवार पश्चिम स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर प्रधान राम फेर राम द्वारा माल्यार्पण कर झांकी से सुसज्जित एक रैली देवगांव बाजार के लिए रवाना की। जो कंजहित बाजार होकर देवगांव जुलूस में सम्मिलित हुई। इसी प्रकार बसही गांव के दलितों ने देवगांव के जुलूस में सहभागिता किया। इसी प्रकार निहोरगंज कपसेठा पूर्व प्रधान विद्या प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीण अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके झांकी निकाली तथा जुलूस के साथ देवगांव बाजार में आकर शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। देवगांव बाजार में सूरज, अशोक राव, रमेश रावत, राम जन्म के द्वारा गौतम बुद्ध अंबेडकर जीक की सुंदर झांकी सजाई गई। फरिहा प्रतिनिधि के अनुसार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती बनगांव बाजार असील पुर फतनपुर बड़ागांव, अमरपुर में धूमधाम से मनायी गयी। बनगांव बाजार में अमित मनोज बौद्ध हरीश चंद्र के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इसी क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सहायक विकास पंचायत अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी आशीष सिंह, महामंत्री अनिल कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रशांत कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी उमाशंकर गौतम, सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सीपी यादव, मीडिया प्रभारी गुलाब, आलोक, बृजेश, अखिलेश, कमलेश, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध चलाया अभियान

**आजमगढ़।** करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में अम्बेडकर जयन्ती मनायी गयी। विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, प्रधानाचार्या मोनिका सारस्वत पाण्डेय एवं उपप्रधानाचार्या मधु पाठक ने संयुक्त रूप से डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।विद्यालय के शिक्षकों ने डा.अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समरसता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने बताया कि डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। प्रबंधक ने कहा कि बाबा साहब ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। समाज सुधारक होने के साथ-साथ लेखक भी थे। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका सारस्वत पाण्डेय ने कहा कि डॉ.बीआर अंबेडकर ने इतनी असमानताओं का सामना करने के बाद सामाजिक सुधार का मोर्चा उठाया। ऑल इंडिया क्लासेज एसोसिएशन का संगठन किया। सामाजिक सुधार को लेकर वह बहुत प्रयत्नशील थे। उपप्रधानाचार्या मधु पाठक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।


डॉ.भीमराव अम्बेडकर को नमन करते जीड ग्लोबल स्कूल के लोग

## संक्षेप

### अम्बेडकर जयंती पर किया रक्तदान



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के सुदनीपुर में ऑपरेशन विजय के जिला कार्यालय के तत्वाधान में डॉ.भीमराव राव अम्बेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्व प्रथम संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर मकसुदिया महाप्रधान प्रमोद यादव, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर विजय बहादुर यादव और ऑपरेशन विजय के अध्यक्ष डॉ.आरडी यादव ने धूप, दीप और माल्यार्पण कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में एक दर्जन से अधिक रक्तदानियों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदानियों को डॉ.आरडी यादव और महाप्रधान प्रमोद यादव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महाप्रधान प्रमोद यादव एवं जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर बिजय बहादुर यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का सपना था कि निर्बल एवं असहाय की अधिक से अधिक मदद किया जाय। इस अवसर पर माधवेश यादव, रविप्रकाश यादव, जीशान अहमद, बिनय यादव, बबलू यादव, बिद्या रतन यादव, मुन्ना यादव, रमेश यादव, चन्द्रशेखर, शिवम, विशाल आदि मौजूद रहे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दस प्रतिभागी पुरस्कृत



**आजमगढ़।** केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, आजमगढ़ द्वारा जनपद में सिधारी स्थित हरिजन बस्ती में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्यूरो के अधिकारी तारिक अजीज ने बताया कि 14 अप्रैल को हर साल बाबा साहब अंबेडकर की जयंती देश भर में मनाई जाती है। बाबा साहेब एक सच्चे समाज सुधारक थे। भारत के संविधान को रचने में बाबा साहब का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत के महान व्यक्तित्व एवं नायक के रूप में जाना जाता है। अंबेडकर जी खुद एक दलित थे। इस वजह से उन्हें बचपन से ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। देश की आजादी से लेकर कानूनी संरचना को विकसित करने में उनकी भूमिका अहम थी, जिसका स्मरण लोग उनके जन्मदिवस पर करते हैं। उन्होंने बताया कि देश से जाति प्रथा जैसी कुव्यवस्था को हटाने के लिए बाबा साहब ने तमाम आंदोलन किये थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के मध्य अंबेडकर के जीवन से संबंधित विषयों पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सही उत्तर देने वाले 10 विजेता प्रतिभागियों निखिल, रीमा, आशा देवी, राजेंद्र प्रसाद, दीपिका, उज्जवल चंद्रा, निकिता, अरुण, अभिषेक, उर्मिला को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुभावती देवी, रामधारी प्रसाद, इंदु देवी, राधिका, फूलमती, बिंदु, रानी, मंजू, राजेश आदि उपस्थित रहे।

### आग से सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** राष्ट्रीय अवसंरचना व विकास के लिए अग्नि सुरक्षा हेतु लोगों को जागरूक किया गया। नगर पंचायत स्थिति केसरी सिंह चैक पर उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपदा सेवा विभाग द्वारा अग्नि समन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। यह सेवा सप्ताह अग्निशमन के रूप में 14 अप्रैल को मनाया जाता है जो 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलेगा। अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा नगर में रुट मार्च कर स्थानीय लोगों को अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया। स्थानीय दुकानदार तथा आने जाने वाले लोगों को पंपलेट बांटकर अग्नि सुरक्षा के बारे में बताया गया कि आग लगने पर किस तरह से अपनी तथा लोगों की सुरक्षा की जाए। इस बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्रत्येक चैराहे पर बैनर पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक किया गया जिसमें अग्निशमन तथा संबंधित अधिकारियों के नंबर भी जारी किए गए। इस मौके पर राम नारायण मिश्रा, महेंद्र नाथ यादव, लक्ष्मण यादव, शशिकांत, आदित्य कुमार, बृजपाल यादव, जगत नारायण शुक्ला, रामसिलन, वशिष्ठ नारायण आदि अग्निशमन कर्मचारी मौजूद रहे।

### एकीकृत चिकित्सा ही एकमात्र विकल्प : डॉ.अक्षय लाल



**आजमगढ़।** नेशनल इन्ट्रीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) का 76वां स्थापना दिवस अमृत महोत्सव समारोह हरबंशपुर स्थित एक मैरेज हाल के सभागार में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ.अक्षय लाल रहे। मुख्य अतिथि द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इसके बाद डॉ.पीएन मिश्रा, पूर्व कोषाध्यक्ष डॉ. एके बरनवाल, डॉ.आरपी सिंह, वोमेन्स फोरम की अध्यक्षा डॉ. आरती सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात नीमा गान गाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। डॉ. विभूति मिश्रा ने प्रैक्टिकल एप्रोच ऑफ ब्लड लेटिंग थेरेपी विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया जिसका उपस्थित चिकित्सकों ने लाभ उठाया। मुख्य अतिथि डॉ.अक्षय लाल ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में एकीकृत चिकित्सा ही एकमात्र विकल्प है, जिसे आयुर्वेद और यूनानी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से ही पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना में आयुर्वेदिक दवाओं और आयुष काढ़ा ने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सकों के राष्ट्र व्यापी संगठन नीमा ने पूरे देश में कोविड काल में आगे बढ़कर अपना योगदान दिया है, जिसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं। नीमा वोमेन्स फोरम की अध्यक्षा डॉ.आरती सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर आयुष चिकित्सा को स्थापित करने के लिए नीमा की सराहना की। कोषाध्यक्ष डा. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आयुर्वेद एवं योग दोनों एक दूसरे के पूरक है। पूर्व नीमा अध्यक्ष डॉ.डीडी सिंह ने विगत वर्षों में नीमा आजमगढ़ की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में नीमा परिवार द्वारा मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### फूलपुर में लगा गंदगी का अम्बार



**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत उदपुर में वैसे तो चैमुखी विकास हुआ है। प्रत्येक मुहल्ले में जल निकासी के लिए नाली का निर्माण, इंटर लॉकिंग ग्राम पंचायत निधि क्षेत्र पंचायत निधि विधायक निधि सांसद निधि से कराया गया है। परंतु सफाई व्यवस्था काफी खराब है। हर मुहल्ले में गन्दगी व नालियां पटी पड़ी हैं। मुहल्लों में दवा आदि का न छिड़काव है न सफाई है। ऐसे ही उदपुर के शबाना मार्ग के दोनों पटरियों के किनारे बसे मुहल्लों में नालियों की पटिया जहां टूटी पड़ी है वहीं आवासीय परिसरों के बगल गन्दा पानी जमा हुआ है। मच्छरों की संख्या में इजाफा हो रहा है। ऐसे में संचारी रोगों की रोक थाम कैसे हो सकेगी। आम जनमानस में भय का वातावरण बना हुआ है। पर सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उदासीन बने हैं। इस सम्बंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत असविन्द यादव ने बताया कि शबाना रोड के बगल नालियों की सफाई शुरू हो गयी है जल्द ही जलजमाव की जगह सफाई कराई जाएगी।

### अर्थव ने जीता सिल्वर मेडल, मिल रही बधाई



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा निवासी अर्थव प्रजापति ने वाराणसी में आयोजित कराटे में भारत ट्राफी प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता का गोल्ड मेडल भी आजमगढ़ की ही छात्रा प्रज्ञा को मिला। सिक्कोकाई कराटे चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता वाराणसी में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कक्षा छ के छात्र कस्बे के सोनवारा मोढ निवासी अर्थव प्रजापति ने भी भाग लिया और पहले ही प्रयास में सिल्वर मेडल जीता। अर्थव के इस सफलता से माता अंजली पिता बृजेश प्रजापति प्रसन्न हैं। अर्थव देश के लिए हिस्सा लेने की इच्छा रखते हैं। प्रतियोगिता का गोल्ड मेडल भी जनपद के गोठडी नंदाव की कक्षा छ की छात्रा प्रज्ञा ने जीता है। दोनो ही छात्रों की सफलता पर बधाई देने वालो का क्रम लगा है।

# पुलिस मुठभेड़ में चार गो-तस्कर धराए

**कामयाबी**

### अवैध तमंचा, कारतूस, बोलेरो सहित गोकशी के उपकरण बरामद

**आजमगढ़।** थाना गंभीरपुर पुलिस ने मुठभेड़ में गोकशी करने वाले 4 अभियुक्तों को धर दबोचा। उनके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस, प्रतिबंधित पशु काटने के उपकरण व एक अदद बोलेरो गाड़ी सहित भारी मात्रा मे प्रतिबंधित मांस बरामद किया। गंभीरपुर पुलिस अपराधियों की तलाश में थी। इसी दौरान ग्राम मगरांवा कब्रिस्तान के पास पहुंचकर देखा कि कुछ लोग गोकशी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस जब उन्हें पकडने के लिए आगे बढ़ी तो पुलिस को देखकर एक व्यक्ति ने अचानक फायर कर दिया जिससे पुलिस वाले बाल बाल बचे। पुलिस ने कब्रिस्तान के आगे सिवान में भाग रहे 4 व्यक्तियो ताबिस पुत्र सालिम, इश्तेयाक पुत्र तैयब, अबु फैज पुत्र मो.युसुफ, अरमान पुत्र अल्ताफ अद निवासीगण मगरांवा इस्लामपुरा थाना गम्भीरपुर को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक कुन्तल 35 किलो प्रतिबंधित मांस, एक अदद कट्टा 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा गाय काटने के उपकरण बरामद हुआ।

पुलिस ने गिरफ्तार सभी को संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।


गंभीरपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

# फर्जी दस्तावेज पर बैनामा करने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मेंहनगर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मेंहनगर थाना क्षेत्र के करौती गांव निवासिनी लालती देवी पत्नी प्रभुनाथ ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि वादिनी अपने आबादी की जमीन आ.नं. 911 मि. रकबा 0.018 हे. में अपना पक्का व सेहन आदि बनाकर गृहस्थी के सारे सामानों के साथ काफी दिनो से सपरिवार रह रही है। उक्त आबादी, मकान व सहन पर अभियुक्त रामरुप पुत्र रामधारी द्वारा न्यायालय में एक वाद दाखिल किया गया था जिसे न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया। अभियुक्त द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर जमीन को कल्पनाथ पुत्र रिबई निवासी गजोर थाना मेंहनगर को 26 दिसम्बर 2022 को चुपके से बैनामा कर दिया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। शुक्रवार को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त रामरूप पुत्र रामधारी निवासी करौती थाना मेहनगर को जयनगर तिराहा से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।


मेंहनगर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे राहुल सांस्कृत्यायन

**जन्मस्थली पन्दहां में मनाया गया परिनिर्वाण दिवस**


राहुल सांस्कृत्यायन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन का परिनिर्वाण दिवस जन्म स्थली पंदहा में मनाया गया। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुस्तकालय सभागार में संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे राहुल सांस्कृत्यायन। महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल को पंदहा गांव में हुआ था जबकि 14 अप्रैल को दार्जिलिंग में महान यायावर ने इस जहां को अलविदा कह दिया। शुक्रवार को परिनिर्वाण दिवस पर जन्म स्थली पर विविध कार्यक्रम हुए। प्रातः से दोपहर तक सामाजिक चिंतकों द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण का क्रम चलता रहा। जनपुस्तकालय सभागार में आयोजित गोष्ठी में भाजपा जिला मंत्री डा.शैलेंद्र यादव ने कहा कि राहल के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। भारतीय मनीषियों में अग्रणी विचारक, साम्यवादी चिंतक, क्रांति के अग्रदूत, सार्वदेशिक दृष्टि से घुमक्कड़ी प्रबृत्ति के महान पुरुष थे राहुल। शिक्षक अभिमन्यु यादव ने कहा कि अध्ययन और ज्ञान की पिपासा ने उन्हें शोधार्थी और घुमक्कड़ी स्वभाव का बना दिया। जहां गये देखा और उसे बिचारो में पिरोया। कामरेड डा.जितेंद्र हरि पांडेय ने कहा कि अपनी विद्वता के बीच मातृभाषा हिंदी के प्रति मन में अगाध प्रेम था। आर्यसमाज, मार्कसवाद और बौद्ध मत से प्रभावित हुए। गोष्ठी को शिक्षिका प्रिया राय, राकेश राय, हरिगेन राम, सतीश पाठक, अमरजीत यादव, डा.शहनवाज आदि ने भी संबोधित किया। संयोजक राधेश्याम पाठक ने आभार जताया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-असांव वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-श्रीप्रकाश तिवारी
ग्राम पंचायत-असांव
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-मीनू राय
ग्राम पंचायत-असांव
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत-नगसरमीर राय वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-विजय शंकर राय
ग्राम पंचायत-नगसरमीर राय
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-मीनू राय
ग्राम पंचायत-नगसरमीर राय
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत-उधरनपुर वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-कंचन यादव
ग्राम पंचायत-उधरनपुर
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-सुरेश प्रसाद
ग्राम पंचायत-उधरनपुर
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

# संवैधानिक व सामाजिक न्याय के पक्षधर थे डॉ. अम्बेडकर : डीएम

**समारोह**

**जंयती पर कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम**

**जिलाधिकारी ने डॉ. अम्बेडकर की जंयती पर जनपदवासियों को दी बधाई**

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट में जयंती मनाते अधिकारी

**मीरजापुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के 132वीं जंयती को कलेक्ट्रेट सहित जनपद के सभी कार्यालयों में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल सहित अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा डॉ अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

समारोह को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर संवैधानिक एवं सामाजिक न्याय के पक्षधर थे। उन्होने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करते हुये लोगों को एक समान अधिकार के साथ जीने का अवसर प्रदान किया हैं। उन्होने कहा कि भारत रत्न डॉ अम्बेडकर का भारतीय संविधान को बनाने में बड़ा योगदान रहा हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस संविधान को अक्षुण बनाये रखने तथा इसके पालन के लिये हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। अधिकारी कर्मचारी जिस भी पद पर कार्यरत है उसे गौरवशाली मानते हुये संविधान में उल्लिखित नियमों के तहत अपने कर्तव्यों को निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करे जिससे लोगो को न्याय मिल सकें।

अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर अपने जीवन में अनेक बांधाओं से लड़ते हुये लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे तथा उच्च शिक्षा ग्रहण कर राजनैतिक जीवन में आकर देश सेवा करने का मन बनाया तथा सामाजिक कुरीतियों एवं व्याप्त भेद भाव का विरोध करते हुये लोगों को एक रास्ते पर चलकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया।


अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर के निर्मित संविधान में प्रत्येक वर्ग व जाति को बराबर दर्जा दिया गया है तथा संविधान में उल्लिखित नियमों के तहत देश विकास के पथ पर अग्रसर है। नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने कहा कि अनेक विविधता वाले देश में विधिताओं को स्वीकारते हुये डॉ भीमराव अम्बेडकर के द्वारा अंखण्ड भारत का निर्माण चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन डॉ अम्बेडकर के नेतृत्व वाली संविधान निर्माताओं के द्वारा एकता और अखण्डता के मूल मंत्र को साकार करते हुये भारत को एक मजबूत राष्ट के रूप में खड़ा किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट की महिला कर्मचारियों में अलमबदा, सीमा देवी, पुष्पा, चिंता देवी सहित हौसला प्रसाद, एल0बी0सी0 रामपती, श्यामदेव, सहित कई कर्मचारियों द्वारा अपने उद्बोधन एवं गीत के माध्यम से डॉ अम्बेडकर जी के कृतित्व एवं व्यक्तिव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक धर दूबे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र, जिला सूचना अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी आलोक शर्मा सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## राष्ट्र निर्माण में अम्बेडकर ने निभाई अहम भूमिका : एसडीएम लालगंज

**संबोधन**

**तहसील सभागार में मनाई गई जयंती**



मीटिंग हाल में लोगों को सुंबोधित करते एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज के अध्यक्षता में बाबा भीमराव अंबेडकर 132वीं जयंती मनाया गया। जयंती में सबसे पहले बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित किया गया। जयंती में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि संविधान में मौलिक अधिकार है।

उन्होंने समाज को संगठित कर राष्ट्र के विकास के प्रेरणादायक थे। कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर सामाजिक विकास में महिलाओं एवं पुरुषों के प्रगति में अग्रणी रहे। उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा 26 नवंबर 1949 को संविधान की तैयारी पूर्ण कर लिए थे। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया। कहा कि भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान निमार्ता के तौर पर जाना जाता है, उनकी भूमिका संविधान निर्माण में अतुल्य थी।

कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है उनके विचार समाज में महिलाओं एवं पुरुषों के बराबर अल्पसंख्यकों एवं गरीबों को अपने अधिकारों के लिए प्रेरणा स्रोत थे। तहसीलदार शशांक शेखर राय ने कहा कि बाबा साहब राष्ट्र के हित में संविधान का निर्माण किए थे। कार्यक्रम का संचालन राजस्व निरीक्षक धीरज किशोर सिंह ने किया। इस अवसर पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष अनूप कुमार पांडे, राजस्व निरीक्षक सूर्य वली बिंद, लेखपाल मनोज सिंह, सच्चिदानंद, शिवराज सिंह, परमानंद, विनोद कुमार, ऋषिकेश, अरविंद, बृजभूषण, पेशकार संजय तिवारी, शिवराज सिंह आदि स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

### जयंती पर निकाली गई संविधान यात्रा

**जमालपुर।** शुक्रवार को ग्राम हनुमानपुर गांव स्थित बाबा भीमराव अम्बेडकर की स्मारक पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। जिसके बाद पैदल संविधान यात्रा निकाली गई जो हनुमान पुर सिकंदरपुर का भ्रमण करते हुए जमालपुर थाना मोड़ से होकर वहीं समाप्त हुआ। वही बीच बीच में लोगों द्वारा बाबा साहेब अमर रहे का नारा गुंजायमान रहा। तदुपरांत वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान दीपक कुमार, राजेश भारतीय, लवकुश, सुनील, प्रमोद, धर्मेन्द्र, कमलेश, दन्ती देवी, उर्मिला सहित तमाम महिला और पुरुष संविधान यात्रा में मौजूद रहे।

### क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

**हलिया।** संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती शिक्षण संस्थानों ब्लॉक मुख्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बरी गांव स्थित अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर धूमधाम धाम से जयंती मनाई गई। ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल, अंबिका देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुधाकर पांडेय, पंडित राज नारायण इंटर कॉलेज शिव प्रताप सिंह इंटर कॉलेज आदिशक्ति इंटर कॉलेज अनंति देवी इंटर कॉलेज मुनि अगस्त डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य ने भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। बरी गांव में स्थित अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें पूर्व जज छोटे लाल, रामअधार, हिन्छ लाल ने अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से जयंती को मनाया। बच्चों में मिठाइयां बांटी। वेदरउर गांव में ग्राम प्रधान राजेश ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई।

### भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का किया गया अनावरण

**राजगढ़।** विकास खंड क्षेत्र के भीटी गांव में ग्राम प्रधान अजय कुमार के नेतृत्व में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाई गई। इस दौरान अजय कुमार ने मूर्ति का अनावरण करने के बाद अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के नाम से लोकप्रिय भीमराव रामजी आंबेडकर एक न्यायविद, राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, लेखक, सम्पादक के रूप में पूरा देश सम्मान से याद कर रहा है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय ने भी अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि अंबेडकर 20वीं सदी के सबसे बड़े विचारक थे। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष कृष्ण तिवारी, रामनरेश विश्वकर्मा, दीपनारायण खरवार, अवधेश कुमार, शिवशंकर भारती, विद्याशंकर, शशिकर खरवार, सौरभ दूबे, प्रमोद खरवार, आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**चुनार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुनार में बाबा साहेब की जयन्ती बड़े धूम धाम से मनायी गयी। बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुये सहायक अध्यापक सुधीर सिंह द्वारा बच्चों को अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला। अंबेडकर जी को भारतीय संविधान का शिल्पकार भी कहा जाता है। जिसके आधार पर आज भारत देश की प्रशासनिक व्यवस्था चल रही है जिसमें सभी प्रकार से सभी वर्गों को समान अवसर दिए गए है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका छाया रानी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा हर साल की तरह हम सभी इस दिन एक साथ एकत्रित होकर इस महान व्यक्तित्व को याद करते हुये श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने समाज में प्रचलित जाति व्यवस्था और असमानता के खिलाफ अपनी आवाज उठाई और दलितों तथा पिछड़ों के लगातार प्रगति और विकास को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर सुनीता कुमारी, विनोद कुमार, सन्तोष कुमार सहित विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनायी गयी अंबेडकर की 132वीं जयंती

**राजगढ़।** ग्राम पंचायत धनसीरियां में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत जन्मेजय सिंह ने बाबा साहेब को नमन करते हुए मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में गांव के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नाट्य कला के माध्यम से अंबेडकर के विचारों को प्रस्तुत किया। बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती पर ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह की ओर से उपस्थित ग्रामीणों को मिठाइयां बांटी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जन्मेजय सिंह, अध्यापक वीरेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार पाठक, मुन्नीलाल भारती, स्कूल के शिक्षक व रसोईयां, स्कूली छात्र छात्राएं, एवं गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### विभिन्न संस्थानों में मनाई गई जयंती

**लालगंज।** क्षेत्र में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती दर्जनों चिन्हित स्थलों पर धूमधाम से मनाया गया। विकास खंड के लालगंज, मेढरा, मानिकपुर, धसडा, लहंगपुर, सहिरा, सेमरी कला, बल्हिया कला, कटाई, आदि दर्जनों स्थानों पर बाबा साहब की अंबेडकर जयंती मनाई गई। ब्रह्मर्षि देवराहा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रबंधक राम निहोर मौर्य, जनचेतना इंटरमीडिएट कालेज में प्रधानाचार्य राजकुमार पटेल, बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज में डा धर्मजीत सिंह, भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य राजेश कुमार दुबे व पूर्व प्रधानाचार्य रामराज त्रिपाठी, विकासखंड में खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जनता जनार्दन इंटरमीडिएट कॉलेज में, सुशील बाल निकेतन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विश्वजीत दुबे, मां विंध्यवासिनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य बुद्धि नारायण दुबे, एडब्ल्यूएस में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मौर्य आदि ने जयंती पर विचार रखा।

### अंबेडकर ने महिलाओं को दिया था समानता का अधिकार : अनुप्रिया


**लालगंज।** लालगंज बल्हिया कला डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती में बोलते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि समाज को मजबूत और विकसित बनाने में बाबा साहब के विचार उपयोगी है क्योंकि संविधान में समानता स्वतंत्रता का अधिकार देकर देश को प्रगति की राह दिखाया है। शुक्रवार को जयंती में बोलते हुए उन्होंने कहा कि असमानता मिटाने का काम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संवैधानिक संरचना में विधि व्यवस्था देकर महिलाओं को अधिकार दिया था। जिसके कारण महिलाएं निरंतर प्रगति पर वढ़ रही है और नए भारत में महिलाएं पुरुषों से अधिक संख्या में आगे निकल रही है। इससे सामाजिक मजबूती मिल रही है। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री आशीष पटेल, अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, लाल बहादुर सिंह, रमाकांत सिंह, राम लोटन बिंद संजय मौर्य आदि मौजूद रहे।

# जीआरपी ने बरामद किया 29 लाख, 2 गिरफ्तार

**सफलता**

**मध्य प्रदेश से नगदी लेकर पश्चिम बंगाल जा रहे थे जेवर लेने, पुलिस ने लिया हिरासत में**

जनसंदेश न्यूज



पैसों के साथ पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** बीती रात जीआरपी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में 2 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 29 लाख रुपये बरामद किया गया। कालका मेल से पकड़े गए लोगों ने पश्चिम बंगाल से सोना चांदी के जेवर लेने के लिए सफर की बात कही। जीआरपी उप निरीक्षक रमेश सिंह, जगदीश सिंह यादव, हेड कांस्टेबल योगेश दूबे थाना व कांस्टेबल राजेश कुमार ने चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 02/03 के पश्चिमी छोर से 2 संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में संदिग्ध व्यक्तियों ने बताया कि बैग मे रुपये है, रुपये के बारे मे कोई संतोष जनक जबाब नहीं दे पाये और न ही किसी प्रकार का कोई कागज उपलब्ध करा पाये। इसके बाद रुपए के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर जीआरपी पुलिस थाने ले गई। आरोपी कुशल दूबे पुत्र राम विलाश दूबे निवासी बंजारी गुड़ थाना गुड़ जनपद रीवा म0प्र0, रोहन यादव पुत्र केशव यादव निवासी रौसर थाना चोरहता जनपद रीवा म0प्र0 को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने बताया कि वह कालका मेल ट्रेन से वर्धमान पश्चिम बंगाल सोने चांदी के आभूषण लेने जा रहे थे। वह रीवा मध्य प्रदेश में केके ज्वेलर्स के यहां काम करते हैं। विधिक कार्यवाही करते हुए सुर्चिल कुमार इन्कम टैक्स आफीसर को पुलिस ने जानकारी दी है।

## बिजली का रोस्टर बदलने से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**हलिया।** क्षेत्र के हलिया विद्युत उपकेंद्र से संबंधित अदवा, ड्रमंडगंज, कोटाघाट फीडर के गांवों तथा विद्युत उपकेंद्र देवरी से संबंधित गांवों की बिजली शुक्रवार सुबह से ही कट जाने पर विद्युत उपभोक्ता विद्युत कर्मियों की दिनभर मोबाइल फोन की घंटी घनघनाते रहे। विद्युत विभाग ने बिजली के शॉर्ट सर्किट से लग रही आग के कारण बिजली के रोस्टर में परिवर्तन कर दिया है।

सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ग्रामीण अंचलों में बिजली नहीं रहेगी। पहले दिन उपभोक्ताओं को जानकारी नही होने के कारण दिनभर विद्युत कर्मियों से दूरभाष पर बिजली के संबंध में सूचना लेते रहे। दिन में बिजली नही होने के कारण उपभोक्ताओं को गर्मी तथा अन्य दिक्कतों से जूझना पड़ा। इस संबंध में अवर अभियंता जगजीवन राम ने बताया कि बिजली के शार्ट सर्किट से लग रही गेहूं की फसल में आग के मद्देनजर विभाग ने एक सप्ताह तक रोस्टर में परिवर्तन कर दिया है। किसानों की गेहूं की कटाई एवं मड़ाई हो जाने के बाद बिजली सप्लाई पूर्ववत की जाएगी।

# पालिका प्रापर्टी पक्की सराय पर कब्जा करने की होड़

**दिखा रहे ठेंगा**

**पहले डाला छप्पर, अब बन गया पक्का मकान**

**पालिका की उदासीनता से कब्जा धारकों का मनोबल हाई**

जनसंदेश न्यूज



पक्की सराय

**मीरजापुर।** नगर के मध्य जिसके नाम पर मोहल्ले का नाम पक्की सराय पड़ गया वही पक्की सराय उपेक्षा के चलते गुमनामी के पन्नों में दफन होने की ओर बढ़ रहा है। कहने को तो यह नगरपालिका की प्रॉपर्टी है। वर्षो से इक्का तांगा चलाने वाले रहते थे। लोगों ने पहले कच्चा मकान बनाया। उसके बाद पीएम आवास योजना में पक्का मकान बनाकर पालिका और प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे है।

पक्की सराय अब एक मोहल्ले का स्वरूप लेता जा रहा हैं। जो कभी दूरदराज से आने वाले यात्रियों के ठहरने का स्थान होता था। जिसके मध्य बेजोड़ कुआं के शीतल जल को पीकर लोग तृप्त होते थे। लेकिन अब वह सब किस्सा कहानी बनकर नगरपालिका के साथ ही जिला प्रशासन के लिए अवैध कब्जा के चलते चुनौती बन गया है। जन सेवा के लिए गंगा बीबी ने सराय का निर्माण करीब दो सौ वर्ष पूर्व कराया था। सराय में कुछ दशक पहले तक इक्का तांगा चलाने वाले रहते थे। पहले मडई डाला। अब उसके स्थान पर कच्चा के बाद पक्का मकान खड़ा हो कर व्यवस्था का ढोल पीटने वालों को आईना दिखा रहा है।

पश्चिमी गेट की ओर सड़क तथा तीन तरफ गली से घिरा सराय अतिक्रमण को झेल रहा हैं। सराय निवासिनी 65 वर्षीय नाजरात ने बताया कि यह गंगा बीबी की सराय हैं, जिसे नगर पालिका अपना बताता है। पहले से सराय काफी बदल गया है। पहले कच्चे तो अब पक्के करीब 40 मकान हैं। मो. शकील ने कहा कि नगर पालिका ने 4 लाइट लगवाया हैं। जिसमें से केवल एक जलता है। कृष्णा ने कहा कि वाहन पार्किंग विहीन मंडल मुख्यालय पर पालिका के पास स्टैंड के लिए जमीन नहीं है। सेवा के नाम पर जितने सेवक आये वोट बैंक के लोभ में वक्त गुजार कर चले गए। लिहाजा जनता मुसीबत झेल रही हैं। पालिका जमीन होने के बावजूद नगर विकास के लिए तरस रहा है। सराय में इक्का तांगा चलाने वाले परिवार के लगभग 95 प्रतिशत लोगों का आशियाना बन गया हैं। विशाल सराय पर किया गया कब्जा व्यवस्था का दावा करने वालों के लिए हकीकत के रूप में खड़ा होकर कायदे कानून की धज्जी उड़ा रहा हैं।

## विवाहिता ने पति व श्वसुर के विरुद्ध दी तहरीर, कार्रवाई के लिए लगाई गुहार

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोरगी गांव निवासी रेखा कोल ने पति तथा ससुराल वालों के विरुद्ध मारपीट करने तथा घर से निकालने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में विवाहिता ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले गढ़वा थाना क्षेत्र के कोलकवार गांव में शादी हुई थी। पति ने बीते 11अप्रैल को दूसरी औरत रख लिया है और मुझे मारपीट कर अपने घर से निकाल दिया। गुरुवार को पति तथा श्वसुर पिता के घर आए भाई संतोष तथा मुझे सड़क पर बुलाकर लात घूंसे व लाठी से मारपीटे बीच-बचाव के लिए गांव के लोग पहुंचे तो पिता पुत्र जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक से भाग निकले। पति द्वारा घर से निकाले जाने पर एक वर्षीया बेटी के साथ पिता के घर पर रह रही हूं। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष बने रामधनी सिंह

**चुनाव**

**5 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे राजेश कुमार सिंह**

**अहरौरा।** क्रय विक्रय सहकारी समिति अहरौरा का चुनाव गुरुवार को संपन्न हुआ जिसमें 6 मत पाकर रामधनी सिंह क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष पद पर विजई हुए। वही दूसरे स्थान पर राजेश कुमार सिंह रहे। जिनको 5 मत मिले। इसके साथ ही चार लोगों को बैंक डेलिगेट चुनकर भेजा गया। अहरौरा में स्थित सहकारी समिति के क्रय-विक्रय केंद्र के अध्यक्ष पद का चुनाव मिजार्पुर एवं सोनभद्र जनपद से मिलाकर कुल 11 डेलीगेट द्वारा किया जाता है।

बतादें कि जनपद के 10 डेलीगेट का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ था और एकमात्र जमालपुर से अहरौरा क्रय विक्रय समिति के डेलीगेट का चुनाव कल बुधवार को भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ था। जिसमें 27 मत पाकर रामधनी सिंह डेलीगेट चुने गए थे। वहीं गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में रामधनी सिंह एवं राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने प्रत्याशी थे। जिसमें रामधनी सिंह ने तख्तापलटते हुए 6 मत पाकर विजय पताका फहराया। वहीं राजेश कुमार सिंह को मात्र 5 मत मिले। उपसभापति पद पर अमित सिंह 6 मत पाकर विजई रहे प्रेमशंकर सिंह को 5 वोट मिला और वह दूसरे स्थान रहे। इसके बाद बैंक डेलिगेट के लिए उपेंद्र प्रकाश सिंह, बालेश्वर सिंह, प्रशांत भास्कर पांडेय, आकाश भारतीय, डेलीगेट चुने गए।

रामधनी सिंह के जीत पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। बधाई देने वालों में उपेंद्र प्रताप सिंह, सतीश चंद्र सिंह, जय गोपाल, शारदा सिंह, सागर सिंह, रघुनाथ सिंह, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, अरविन्द कुमार त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी अदलहाट मंडल मंडल अध्यक्ष बैजनाथ प्रजापति, अहरौरा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह अग्रहरी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## ब्लड कैंसर से पीड़ित विवाहिता की मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में शुक्रवार की शाम ब्लड कैंसर की बीमारी से पीड़ित विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गलरा गांव निवासी कलामुद्दीन की 28 वर्षीया पत्नी सोनम काफी समय से ब्लड कैंसर से पीड़ित थी, जिसका उपचार लखनऊ के पीजीआई से चल रहा था। शुक्रवार शाम पांच बजे के करीब अचानक तबीयत बिगड़ी और कुछ ही देर में विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता का पति आटा चक्की चलाकर परिवार का गुजर बसर करता है। मृत विवाहिता को एक पुत्र व एक पुत्री है।

## राजधानी की चपेट में आने से महिला की मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के आमघाट पुलिया के पास ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत हो गई। बताते चलें कि गुरुवार की देर रात पड़री थाना क्षेत्र के आमघाट पुलिया के पास राजधानी की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत हो गई। वही इसकी सूचना जब आरपीएफ पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर कार्रवाई में जुट गए। जिसके बाद पड़री पुलिस को सूचना दी गई। मौके पहुंची पड़री पुलिस ने अज्ञात महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जनपद में लगेगा डबल सौर ऊर्जा प्लांट

**होगा विकास**

**अवाड़ा स्थापित करेगा 200 मेगावाट बिजली उत्पादन यूनिट चयनित किए गए दो स्थान**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जनपद में जल्द ही अवाड़ा पावर ग्रुप सौर ऊर्जा से 200 मेगावाट बिजली उत्पादन की यूनिट की स्थापना करने जा रहा है। इसके लिए जिले के 2 क्षेत्रों में स्थान का चयन किया गया है। सरकारी जमीन पर लगने वाले यूनिट का काम उप चुनाव के बाद आरंभ होगा। इससे बिना कार्बन उत्सर्जन के बिजली उत्पादन होने से पर्यावरण के संरक्षण में सहायक होगा।

अवाड़ा पावर ग्रुप को मुंबई में भी 560 मेगावाट का सौर ऊर्जा की यूनिट स्थापित करने का अनुबंध हासिल हुआ है। यह जानकारी कंपनी के डायरेक्टर जय शुक्ला ने दी। प्रयागराज जनपद के मेजा निवासी जय शुक्ला ने बताया कि सौर ऊर्जा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कंपनी वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। लोगों को इसका लाभ मिले, इसके लिए मीरजापुर जिले में संयंत्र बैठाने का प्रस्ताव दिया गया था। इसकी स्वीकृति मिल गई है। जबकि दूसरे की स्वीकृति जल्द ही चुनाव के बाद मिलने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि मुंबई में स्थापित हो रहे संयंत्र से प्रतिवर्ष 951 मिलियन यूनिट बिजली उत्पन्न होने की उम्मीद है। जिससे वर्ष में 8,85,563 टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना 7 लाख घरों के लिए हरित ऊर्जा वाली बिजली दे सकती है। मीरजापुर क्षेत्र में विकास होगा।

कंपनी के चेयरमैन विनीत मित्तल ने बताया कि महाराष्ट्र अवाड़ा की कर्मभूमि है, इस राज्य के साथ हमारा पुराना नाता है। विंध्य क्षेत्र में भी वैकल्पिक ऊर्जा की अपार संभावना है। इसके लिए मीरजापुर जिले का चयन किया गया है। इससे क्षेत्र का विकास होगा।

## संक्षेप

### मिट्टी खनन कर रही जेसीबी और ट्रैक्टर सीज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव में अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन की सूचना पर एसडीएम लालगंज भरत लाल सरोज ने गुरुवार की रात गांव के तालाब के पास मिट्टी का खनन कर रही जेसीबी मशीन व एक ट्रैक्टर को पकड़कर थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की है। एसडीएम के इस कार्रवाई से अवैध रूप से मिट्टी खनन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम भरत लाल सरोज ने बताया कि अवैध रूप से मिट्टी खनन की शिकायत मिलने पर पुलिस को भेजकर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर को मौके से पकड़वाकर थाना परिसर में खड़ा करवाकर सीज की कार्रवाई की गई है।

### मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी पर जागरूकता अभियान





मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी में शामिल ग्रामीण

**अहरौरा।** विकासखंड राजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत सरिया में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी स्लोगन के साथ आजीविका मिशन समूह की महिलाओं के साथ बैठक किया गया। जिसमें कूड़ा निस्तारण केंद्र में समूह की महिलाओं को क्या-क्या गतिविधियां होंगी और उसमें से निकलने वाला खाद, किस तरीके से बनाया जाएगा। कैसे निस्तारण करके वर्मी कंपोस्ट, कंपोस्ट खाद, प्लास्टिक का निस्तारण, प्रत्येक घर से स्वच्छता शुल्क प्रतिमाह 30 रूपये एवमं ग्राम पंचायत में दुकानदारों से प्रति माह 60 रूपये लिया जाएगा। वही ग्राम प्रधान निरंजन यादव के द्वारा बताया गया कि स्वच्छता शुल्क लिया जाएगा। वह ग्राम पंचायत की आय को बढ़ाने के लिए एवं लोगों को रोजगार देने के लिए साफ सफाई पर शुल्क व्यय किया जाएगा। इस मौके पर सुभाष पटेल जेई, विशाल बी सी समूह सखी भगवानी देवी और अन्य समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** थाना चुनार पर 12 अप्रैल को वादी कल्लू पुत्र रामखेलावन निवासी गहिरा थाना मड़िहान द्वारा नामजद के विरूद्ध पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर चुनार थाने में डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को उप निरीक्षक इन्दुभूषण मिश्र व उप निरीक्षक मृत्युंजय सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से नामजद दो आरोपी अनिल बाबू पुत्र चौथीराम व चौथीराम पुत्र बुद्धू निवासीगण कूबां खुर्द थाना चुनार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

### होमगार्ड की मौत पर जताया शोक

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव निवासी 63 वर्षीय रिटायर्ड होमगार्ड रामअचल की अचानक मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। होमगार्ड राम अचल घर के अन्य सदस्यों के साथ शुक्रवार सुबह दस बजे के करीब ट्रैक्टर स्टार्ट कराने के लिए ट्रैक्टर में धक्का लगा रहे थे कि उसी दौरान अचानक जमीन पर गिर पड़े जबतक परिजन कुछ समझ पाते कि उनकी मौत हो गई। दवा इलाज कराने का भी समय नहीं मिल सका। परिजनों ने हार्ट अटैक से मौत की संभावना जताई है। होमगार्ड की असमायिक मौत पर ग्राम प्रधान महुगढ़ विविध भारतीय पांडेय, बृजेन्द्र पांडेय कंपनी कमांडर राम निहोर, होमगार्ड अमरनाथ, रामसागर, हिंच्छलाल, बहादुर मौर्य, हरिओम तिवारी आदि ने शोक जताया है।

### युवक ने गला रेतकर किया आत्महत्या का प्रयास

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में पिता पुत्र के बीच हुए आपसी विवाद में पुत्र ने गला रेतकर हत्या का प्रयास किया। इस दौरान उसके गले में गंभीर चोट पहुंची जहां उसे राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार घोरावल थाना क्षेत्र के पिता पुत्र राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में आए थे जहां दारु मुर्गा की जमकर पार्टी हुई। इस दौरान शराब के नशे में पिता पुत्र का आपसी विवाद हो गया और पुत्र ने किसी औजार से अपने गले को काटने का प्रयास करने लगा। मौके पर मौजूद रिस्तेदारों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामले को शांत कराया और आनन फानन में युवक को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डाक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जिसके संबंध में जांच की जा रही है।

### डेथ सर्टिफिकेट के लिए परिजनों ने लगाया दो साल तक चक्कर

**मीरजापुर।** सेवा के नाम पर मातहत बाबू साहब को कितना भ्रमित रखते हैं, इसका जीता जागता प्रमाण स्थानीय नगर पालिका परिषद में देखने को मिला। जन्म मृत्यु के पंजीकरण का एक मामला अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिवप्रताप शुक्ल के पास पहुंचा। इस पर उन्होंने लंबित फाइलों की जानकारी मांगी। उन्हें फाइलों की संख्या 300 बताया गया। लेकिन हकीकत में लंबित फाइलों की संख्या 550 से अधिक निकली। इतना ही नहीं करीब दो साल से बेटे के डेथ सार्टिफिकेट के लिए भटक रही रमईपट्टी मोहल्ला निवासिनी सन्ध्या को एक घंटे में प्रमाण पत्र दिलवाया। इसी के साथ सेवा के नाम पर खेल खेलने में लगे पालिका की पोल खुल गई। हुआ यह कि रमईपट्टी मोहल्ला निवासी अवधेश कुमार त्रिपाठी का पुत्र 16 वर्षीय आदित्य त्रिपाठी सड़क हादसे का शिकार 16 फरवरी 2021 में हो गयी थी। उसकी मृत्यु हो गई। अगले दिन शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को मिला। गम में डूबे परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। परिवार ने नगर पालिका परिषद में नियमानुसार आवेदन किया। जिस पर बाबू ने पेंच फंसाया कि जब पोस्टमार्टम अगले दिन हुआ है तो तारीख डालना चाहिए था। परिवार के लोगों ने बताया कि मृत्यु उसी दिन हो गई थी। लिहाजा बात न बनने पर फाइल लटका दी गई। मामला एक वरिष्ठ पत्रकार के माध्यम से परिषद के प्रभारी शिव प्रताप शुक्ल तक पहुंचा। उनके प्रश्नों और मिले उत्तर से गेम का पर्त दर पर्त खुलता गया। लिहाजा उन्होंने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए एक घंटे में सार्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया। दो वर्षों से अपने बेटे अमितेश के साथ नगर पालिका परिषद का चक्कर काट रही महिला को 2 साल बाद डेथ सार्टिफिकेट मिला।

### संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध किसान की मौत

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के कुड़ी गांव निवासी 70 वर्षीय किसान की अबूझहाल में मौत हो गयी। पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। राजगढ़ क्षेत्र के कुड़ी गांव निवासी 70 वर्षीय किसान संकटा प्रसाद गुरुवार को साइकिल पर सब्जी लेकर ददरा सब्जी मंडी में बेचने के लिए जा रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई, जिससे वही साइकिल खड़ा कर रास्ते में जमीन पर सो गए। वहां से गुजर रहे राहगीर रास्ते में पड़े अचेत अवस्था में किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार की देर रात किसान की मौत हो गई। परिजन किसान का शव लेकर कुड़ी गांव अपने घर वापस आ गए और पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### जल्द ही होगा बकाये का भुगतान : राष्ट्रीय महासचिव

**मीरजापुर।** जनपद में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के राष्ट्रीय महासचिव देवी शंकर शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को एक बैठक की गई। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्रीय महासचिव के द्वारा लोगों को पदभार ग्रहण कराया गया। पदभार के क्रम में दूधनाथ प्रजापति को मंडल अध्यक्ष, राजेश तिवारी को मंडल उपाध्यक्ष, संतोष मिश्रा को जिला मीडिया प्रभारी समेत अन्य लोगों को उनके कार्य के अनुरूप पदभार ग्रहण कराया गया। श्री शुक्ला ने संगठन के मजबूती व विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार रूप से चर्चा किया। कहा कि ठगी पीड़ितों के लिए संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है पीड़ितों का जल्द ही भुगतान होगा।

### सोनकर फाउंडेशन ने मनाई अंबेडकर जयंती

**मीरजापुर।** बाबा भीमराव अंबेडकर के 132वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोनकर फाउंडेशन के तत्वावधान में अनगढ़ रोड स्थित एक लान में बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहब की जीवन वृतांत और कृतियों के बारे में जन समुदाय को जागरूक किया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष अनिल सोनकर सोनकर के द्वारा बाबा साहब के बारे में उनके आदर्शों को जन समुदाय के बीच में रखते हुए समाज को संगठित करने व शिक्षित करने के बारे में कहा गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर जटाधारी सोनकर, हंसराज सोनकर, रोहित सोनकर, धर्मेंद्र सोनकर, बबली सोनकर, दीपक सोनकर, महेंद्र कुमार सोनकर, नीरज सोनकर, गोपाल सोनकर, पप्पू सोनकर व अन्य सोनकर फाउंडेशन के लोग मौके पर मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में आधा दर्जन की मौत, कई घायल

**हादसा**

## चोपन, पन्नूगंज, शाहगंज व बीजपुर थाना क्षेत्र में हुए हादसे, परिजनों में मचा कोहराम

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र/रामगढ़।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में बीते 48 घंटों में हुए सड़क हादसों में आधा दर्जन की मौत हो गयी, जबकि कई घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया।

उधर मौत की खबर लगते परिजनों में कोहराम मच गया। रामगढ़ संवाददाता के अनुसार-पन्नूगंज थाना अंतर्गत रॉबर्ट्सगंज-खलियारी मार्ग पर रामगढ़ पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर समेत दो की मौत हो गई। हादसा रात गुरुवार की रात करीब दस बजे हुआ। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। बताया गया कि सरंगा निवासी कन्हैया पासवान उर्फ बद्री 27 पुत्र स्व. शिवकुमार व नीरज 15 पुत्र दिनेश पासवान बाइक से घर आ रहे थे।

वह जैसे ही रामगढ़ कस्बे से कुछ दूर थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल कन्हैया पासवान को पुलिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा ले गई। जहां से डाक्टरों ने उसे हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचते ही कन्हैया की भी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष मनोज ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### अलग-अलग हादसों में दो की गयी जान

**सोनभद्र।** शाहगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर गुरुवार की रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शुक्रवार की रात शाहगंज थाना क्षेत्र के पिपरी नंबर एक में मिट्टी लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से जसवंत 47 पुत्र नान्हक निवासी की मौत हो गई। दूसरी घटना शाहगंज थाने से करीब दो सौ मीटर दूर बेलाव गांव के पास राजगढ़-शाहगंज मार्ग पर हुई। इसमें शाहगंज की ओर से आ रहे विजय बियार 25 पुत्र अर्जुन बियार निवासी उचका थाना शाहगंज की बाइक सड़क पर खड़ी मिक्सर मशीन से टकरा गई। इस जोरदार टक्कर से मौके पर ही विजय की मौत हो गई। दोनों घटनाओं की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं ट्रैक्टर को थाने में खड़ा करा दिया गया है। उधर मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष ने बताया की अलग अलग स्थान पर सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हुई है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### ट्रक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल

**चोपन।** शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे चोपन सिंदुरिया मार्ग पर एक दूसरे से पास लेने के चक्कर में ट्रक और ट्रैक्टर की भिड़ंत हो गई जिससे ट्रैक्टर पर सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर पर ही सवार महिला को हल्की फुल्की चोटे आई वहीं सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तत्काल चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया वहीं शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गई बताया गया कि बालू लादने की लिये जा रही ट्रक ट्रैक्टर से पास लेने लगा उसी समय ट्रक की गति तेज होने की वजह से ट्रैक्टर से जोरदार भिड़ंत हो गई ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया वहीं ट्रैक्टर पर सवार लालजी अगरिया उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी महुली डेड़वा का की मौत हो गई जबकि महिला को हल्की फुल्की चोटे आई उधर दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों को पुलिस थाने में लाकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गईहो गई में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक महिला बाल-बाल बच गयी। घटना के बाद पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई।

### बोलेरो के धक्के से बाइक सवार तीन युवक घायल

**म्योरपुर।** थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में शुक्रवार को बोलेरो के धक्के से बाइक पर सवार मोहित 14, श्रेयांश 16 पुत्रगण हृदय कुमार व अंकित कुमार 16 पुत्र संजय यादव निवासी म्योरपुर घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से सीएचसी लाया गया जहाँ सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। किसी को भी गंभीर चोंटे नही आई है। उधर बोलेरो चालक धक्का मारने के बाद फरार हो गया। बोलेरो काचन के ग्राम प्रधान का बतायी जा रही है।

### पिकअप की चपेट में आने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रजमिलान के दनुआ तिराहे के समीप पिकप के अचानक बैक हो जाने से उसकी चपेट में आकर एक की मौके पर मौत हो गया, जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को ट्रामा सेंटर बैढन में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। वहीं मृतक का शव एनटीपीसी मोर्चरी में रखवा कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। दुर्घटना की खबर से इलाके में हड़कम्प मच गया। बताया गया कि एक कार्यक्रम मनाकर लोग शुक्रवार को रजमिलान के दनुआ टोला जा रहे थे, इसी बीच तिराहे के चढ़ाई पर पिकअप बैक होकर अनियंत्रित हो गया, जिससे उसकी चपेट में राजनरायन 52 पुत्र भागीरथ और सीताराम 30 आकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने राहत बचाव कार्य करते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसपर पहुंची पुलिस घायलों को चिकित्सालय ले गयी, जहां चिकित्सकों ने राजनरायन को मृत घोषित कर दिया। वही सीताराम को बैढन ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस शव मोर्चरी में रखवा जांच पड़ताल में जुट गई। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद यादव ने बताया कि मृतक के बेटे अमित कुमार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर वाहन व चालक को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाई की जा रही है।

### हिण्डाल्को में तैराकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को कर्मचारी मनोरंजनालय द्वारा आयोजित क्लब हिण्डालको के तरणताल में तैराकी प्रशिक्षण शिविरका शुभारंभ हिण्डालको के कर्मचारी संबन्ध प्रमुख परनीत सिंह ने नारियल फोड़ कर किया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ करने से पूर्व जहां एक ओर विधिवत पूजा-अर्चना की गई, वहीं दूसरी ओर वहां उपस्थित जनसमुदाय को जरुरी दिशा-निदेर्शों के बारे में बताया गया एवं उनका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। तैराकी प्रशिक्षण शिविर आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य अपने कर्मचारियों एवं उनके बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य तथा मानसिक विकास के लिए कार्य करना है। हर वर्ष संस्थान द्वारा गर्मी की छुट्टियों में तैराकी का प्रशिक्षण दिया जाता है। परनीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष मिजार्पुर के तैराक प्रशिक्षक आनंद निषाद एवं नागेन्द्र निषाद की देख-रेख में हिण्डाल्को परिवार के बच्चों को तैराकी प्रशिक्षण पूरे ग्रीष्मावकाश के दौरान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में हिण्डाल्को के क्लब विन्ध्याचल के तरणताल में भी बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर वेद प्रकाश, प्रमोद तिवारी, सर्वेश सिंह, सुदेश्वर प्रसाद उपस्थित रहे।

# संविधान निर्माण में बाबा साहब ने निभायी अहम भूमिका : डीएम

**जयंती**

## कलेक्ट्रेट सभागार में धूमधाम से मनायी गयी डा. भीम राव अम्बेडकर जयंती

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन करते हुए उनके बताये गये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जयंती समारोह में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।

डीएम ने कहा कि डा. अम्बेडकर का जीवन अनुकरणीय है, जिनके योगदान से पूरा देश गौरवान्वित है। डा. अम्बेडकर का जीवन एक संघर्ष का इतिहास रहा है, उन्होंने भारत देश में छुआछूत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए संघर्ष किया, उनका मानना था कि अस्पृश्यता को हटाये बिना राष्ट्र की प्रगति नहीं हो सकती। बाबा साहब ने भारत के संविधान के निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभायी, जिसके चलते उन्हें संविधान का जनक भी कहा जाता है। अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के माहु में हुआ था, उन्होंने अपने जीवन काल में भारतीय समाज में समानता लाने के लिए काफी प्रयास किये। उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। बाबा साहेब कहा करते थे कि वे ऐसे धर्म को मानते हैं, जो स्वतंत्रता, समानता और भाई-चारा को बढ़ावा देते हैं। कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को आम नागरिकों को बराबरी के दर्जे के साथ उनका हक दिलाने का मौका मिला है, वह भारतीय संविधान की देन ही है। गरीबों की मदद करें, तभी बाबा साहब का सपना साकार होगा। सीडीओ सौरभ गंगवार ने कहा कि अम्बेडकर जयंती को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि बाबा साहब ने जीवन भर समानता के लिए संघर्ष किया। अम्बेडकर को समानता और ज्ञानता का प्रतीक भी माना जाता है। देश में समानता लाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की। उनका कहना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है, समय आने पर अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दी जाये, जिससे कि देश के प्रगति में निरन्तर वृद्धि होती रहे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे आशुतोष दूबे, भानू प्रताप, रंजना शुक्ला, आरपी यादव, रमाशंकर यादव, एके जौहरी, कालू सिंह, शेषनाथ चौहान, विशाल सिंह, आशीष कुमार, सुशील सिंह, राजेश कुमार खैरवार, विनय कुमार सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन सुरेश पाठक ने किया।



कलेक्ट्रेट में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम

### बाबा साहब के रास्ते पर चल रही भाजपा

**सोनभद्र।** बीजेपी द्वारा चल रहे सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत भारत रत्न बाबा साहब की जयन्ती जिला कार्यालय शुक्रवार को धूमधाम से मनायी गयी। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब ने जिस पथ पर चलने का सपना देखा था, आज पार्टी उस पथ पर चल रही है। बाबा साहब की सोच थी कि पूरे देश में सामाजिक समरसता, आर्थिक समरसता व लोगों में सद्भाव बना रहे, तभी देश की उन्नती संभव है। आज बाबा साहब के नाम पर तमाम राजनीतिक दल अपनी रोटी सेंकते है और उनके सिद्धांतों, उनकी परिकल्पना को भूल जाते हैं, लेकिन मोदी सरकार द्वारा अन्त्योदय को ध्यान में रखकर कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस मौके पर तीरथराज, रामनरेश पासवान, अजीत रावत, ओमप्रकाश दूबे, रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, सरजू बैसवार, पन्नालाल पासवान, पंकज गौतम समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### बाबा साहब ने की थी सर्व समाज हितों की रक्षा



अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते बसपाई

**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में जिला कार्यालय प्रांगण में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती नरेंद्र सिंह कुशवाहा पूर्व सांसद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि गुड्डू राम चमार मुख्य मंडल प्रभारी मिर्जापुर मंडल, जिलाध्यक्ष बी सागर रहे। विशिष्ट अतिथि इंद्रदेव सिंह वरिष्ठ बसपा नेता, प्रेमनाथ गौतम जिला सचिव/नगर प्रभारी रावर्ट्सगंज, बलवंत रंगीला, अमन मौर्य, अवधेश विश्वकर्मा, सुभाष भारती बलवंत मौर्य रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब दलित समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज के हितों की रक्षा के लिए भारतीय संविधान को बनाकर देश में भाईचारा पैदा करने का काम किया और भारत को लोकतांत्रिक देश बनाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यसभा सांसद बहन कुमारी मायावती ने अपने शासन काल में बाबा साहब के नाम से मेडिकल कालेज इंजीनियरिंग कालेज यूनिवर्सिटी और जिलों को बनाया। इनकी कुर्बानी को दलित समाज एवं अन्य उपेक्षित वर्गों के लोग कभी भूल नहीं पाएंगे। इंद्रदेव सिंह ने कहा कि देश में लोकतंत्र की स्थापना बाबा साहब की देन है। सर्व समाज को एक वोट का अधिकार देकर बाबा साहब ने दलित से लेकर सर्व समाज को इस देश का हुक्मरान बनाने का काम किया। इस मौके पर नरेंद्र सिंह कुशवाहा, कमलेश गोड़, वीरेंद्र मौर्या, प्रेमनाथ गौतम, फूल मोहम्मद, बलवंत रंगीला, अमन मौर्य, अवधेश विश्वकर्मा, राजेश भारती, पवन प्रधान, विक्रम पटेल, प्रदीप पांडे, उमेश मौर्य, उमेश कुशवाहा, रामा शंकर भारती, राजन धरकार, कलंदर जायसवाल, जनार्दन पटेल, बसंतू भारती समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### म्योरपुर में जयंती पर याद किये गये डा. अम्बेडकर

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार को बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनायी गयी। सर्वप्रथम ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोंड़ व खण्ड विकास अधिकारी उमेश सिंह द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पर फूलमाला चढ़ाकर उन्हें याद किया गया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि हमें बाबा साहब के संघर्षों से सीख लेनी चाहिए और उनके आदर्शों को अपने जीवन मे अपनाना चाहिए। संविधान निमार्ता ने ऊंच नीच का भेदभव मिटाकर सबको एक समान जीवन जीने का अधिकार दिया है। खण्ड विकास अधिकारी ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रेमचंद यादव, सुधीर कुमार, जनकधारी पनिका, सुरेंद्र कुमार, उमेश कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे। वही विधानसभा कार्यालय रासपहरी में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। क्षेत्रीय विधायक रामदुलार सिंह गोंड़ ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने ऊंच नीच का भेदभाव खत्म करके सबको समान जीवन जीने का अधिकार दिलाया। हमे उनके संघर्षो को नहीं भूलना चाहिए। इस अवसर पर उमाशंकर सिंह मरकाम, मानरूप सिंह गोंड, होरीलाल पासवान, मोनू जायसवाल, आशीष अग्रहरि, जितेंद्र अग्रहरि, शशिकांत अग्रहरि, विनीत कुमार, ज्ञानदास, दीपक कुमार उपस्थित रहे।

### घोरावल तहसील में मनी अंबेडकर जयंती

**घोरावल।** स्थानीय तहसील सभागार में बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी रमेश कुमार व सीओ ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। लोकगीत और बिरहा के माध्यम से बाबा साहब की जीवनी और उनका गुणगान किया गया। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

### जन अधिकार पार्टी ने बाबा साहब को किया नमन



डा. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जअपा पदाधिकारी

**सोनभद्र।** जन अधिकार पार्टी कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान राबर्टसगंज प्रांगण में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनायी। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव रानी सिंह ने कहा कि बाबा साहब का सामाजिक परिवर्तन में बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने भारत को संविधान देकर यह साबित कर दिया था कि भारत को किसी के इशारे पर चलने की जरूरत नही है। भारत स्वयं अपने भाग्य का निर्णय कर सकता है। संबिधान में सबको समानता का अधिकार देकर एक नए भारत का उदय किया। कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिए भी बाबा साहब ने बहुत प्रयास किया, जिससे महिलाओं के कर्णधारक भी कहे जाते हैं। वाराणसी मंडल प्रभारी सुमन्त मौर्या ने कहा कि बाबा साहब दलितों के ही नही, पूरे भारतवासियों के शुभचिंतक रहे। क्योंकि उन्होंने कभी भी व्यक्ति विशेष का विरोध नहीं किया। उन्होंने हमेशा रूढ़िवादी विचारधारा का विरोध किया, जो विचारधारा लोगों को समानता का अधिकार नहीं देता, उस विचारधारा का विरोध किया। बाबा साहब ने अपने बच्चों की बलि देकर भारत के भाग्य को सवारा था। कार्यक्रम में श्रीपति विश्वकर्मा, किरण कुशवाहा, चंद्रशेखर आजाद, अशोक खरवार, प्रशांत कुमार भारती, इंदल भारती, लक्ष्मण मौर्य, उमाशंकर, सुभाष कुमार, बासदेव, मोती मौर्य, बंसी लाल, कुसुम कुमारी, संतोषी देवी, आराधना समेत तमाम लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य व संचालन रविरंजन शाक्य ने किया।

### एससी एसटी कर्मचारी कल्याण संघ ने मनाई बाबा साहब की जयंती



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि

**सोनभद्र।** संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर स्थित स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में मनायी गयी। तेज धूप व गर्मी के बाद भी सैकड़ों लोग शोभा यात्रा में शामिल हुए। अम्बेडकर स्थल पुसौली से शोभा यात्रा बढ़ौली चौराहा, मेन चौक होते हुए विवेकानंद प्रेक्षागृह पर पहुंची, जहां जयंती समारोह मनायी गयी। मुख्य अतिथि सोबरन सिंह ने कहा कि बाबा साहब का एक मात्र लक्ष्य समाज में व्याप्त विषमता और अपराजिता का अंत करना था। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने सब कुछ त्याग दिया। भीमराव अंबेडकर सच्चे राष्ट्रप्रेमी भारत मां के सपूत व दलितों के मसीहा थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीएमएस डा. के कुमार ने कहा कि क्रांतिकारी व्यक्तित्व के धनी अंबेडकर केवल समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा धर्म शास्त्र के ही नहीं वरन विधिशास्त्र के भी प्रकांड विद्वान थे। उनके विधिशास्त्र के ज्ञान के कारण ही उन्हें संविधान समिति का अध्यक्ष चुना गया। जीवनभर समाज में व्याप्त असमानता के खिलाफ लड़ने वाले डा. अंबेडकर 6 दिसंबर 1956 को इस संसार से विदा हो गये। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया। अध्यक्षता आर सी सरोज व संचालन राजेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में आर पी टंडन, डा. सन्तोष, अरविंद कुमार, सुबेदार प्रसाद, रेनू राव, डा. राज कुमार, धर्मेंद्र, हीरालाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### समानता, भाईचारा का प्रतिकार करता है संविधान

**ओबरा।** डा. भीमराव अंबेडकर वास्तव में इस देश के सच्चे सपूत और असली सिपाही रहे। उनसे रचित संविधान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ महा ग्रंथ है, जो समता समानता, भाईचारा और अन्याय का प्रतिकार करती है। यह बातें तहसील में शुक्रवार को आयोजित भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी प्रभाकर सिंह ने कही। उन्होंने कर्मचारियों और अधिवक्ताओं से आवाहन किया कि डा. भीमराव अंबेडकर के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम किसी के साथ अन्याय ना होने दें, हम सद्भावना और भाईचारा के साथ सभी को समान दृष्टि से देखें और जाति, धर्म इत्यादि की विकृत पक्ष का त्याग कर निष्पक्ष और निरपेक्ष भाव से एक दूसरे के साथ न्याय और व्यवहार करें। इस मौके पर तहसीलदार सुशील कुमार, नायब तहसीलदार रजनीश यादव, ईओ महेंद्र सिंह समे तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन धर्मेंद्र सिंह ने किया।

## संक्षेप

### शिव भक्तों ने निकाली भव्य कलश यात्रा, डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु



**सोनभद्र।** नगर के मां शीतला धाम के पास स्थित दूग्धेश्वर महादेव मंदिर पर शुक्रवार की सुबह 10 बजे से रुद्राभिषेक आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में उपस्थित शिव भक्तों ने रुद्राभिषेक किया। इसके पश्चात मंदिर समिति द्वारा शाम 4:00 बजे से नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा दूधेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई और संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पर जाकर सम्पन हुई। इस कलश यात्रा में शिव पार्वती के वेश में सजे कलाकार आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। शोभा यात्रा के दौरान माताये एवं बहने सिर पर कलश धारण किए भगवान शिव के भक्तिमय गीत गाते हुए चल रही थी तो दूसरी ओर डीजे के भक्तिमय धुन पर युवा और युवतियों के पैर थिरक रहे थे। इस कलश शोभायात्रा में नगर के सभी वर्ग के लोग भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए हाथों में भगवा ध्वज लिए गगनभेदी उद्घोष कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता, सदर विधायक भूपेश चौबे, मनोज सोनकर, राम जी मोदनवाल, मंगल केसरी, राजेश जायसवाल, किशोरी केसरी, पवन केसरी, गोविंद केसरी, दीपक केसरवानी, सचिन कुमार गुप्ता, चंदन, प्रियांशु, हर्ष, नीरज अनिकेत, अमन, अनुराग अमित, विक्की, सरोज केसरी, संगीता गुप्ता, शालू केसरी, मंजू गिरी, चंद्रकला, कलावती, गुड़िया, सावित्री देवी सहित अन्य शिवभक्त कलश यात्रा में शामिल हुए।

### मृत रेलकर्मी के परिजनों को ईसीआरकेयू ने मदद का दिया भरोसा



**चोपन।** रेनुकुट में ईलेक्ट्रिक विभाग में कार्यरत चोपन हिल कालोनी निवासी विनोद कुमार जोशी 54 की विद्युत पोल पर काम करते समय करंट की चपेट में आने से बीते आठ अप्रैल को मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी, जिसके बाद ईसीआरकेयू के शाखा अध्यक्ष उमेश सिंह सीआईटी अपने यूनियन के साथियों के साथ मृतक के चोपन स्थित हिल कालोनी में उनके आवास पर पहुंच कर असमायिक दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि पूरा यूनियन आपके साथ इस दुख की घड़ी में खड़ा है और हर संभव मदद के लिए तैयार है। बता दें कि विनोद कुमार जोशी ईलेक्ट्रिक विभाग में पूर्व में चोपन में तैनात थे और हिल कालोनी में रेलवे के आवास में परिवार सहित रहते थे। बीते कुछ वर्षों से उनका स्थानांतरण रेनुकूट में हो गया था। ईसीआरकेयू के पदाधिकारियों ने परिजनों को विभाग से सम्बंधित पत्नी को पेंशन व पुत्र को नौकरी हेतु विभागीय कार्यवाही को जल्द पूरा कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कपिल कुमार, ज्वाला प्रसाद, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### किशोरी का अपहरण, मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोरी के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। पीड़िता के पिता ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री बीते गुरुवार की सुबह लगभग दस बजे कोचिंग जाने के लिए निकली थी। शाम तक जब वह घर नही आई तो परिजन उसे इधर-उधर खोजने लगे। वही किशोरी के न मिलने पर उसके पिता ने शुक्रवार को पुलिस को घटना की सूचना दिया। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि नगर के शीतला मन्दिर निवासी विशाल पांडेय शादी करने की नीयत से उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर कही भगा ले गया है। मामले में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर उक्त युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 363, 366 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चरकोनवा विकास खण्ड चतरा जनपद सोनभद्र**

पत्रांकः मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांकः 14.04.2023

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में चतुर्थ राज्य वित्त/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिये निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों के लिये अल्पकालीन निविदा निम्न प्रतिबंधों/शर्तों के अधीन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/सामग्री के आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 16.04.2023 से दिनांक 24.04.2023 से सायं 05.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में प्रस्तुत कर/निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। जो दिनांक 25.04.2023 को सायं 04.00 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत चरकोनवा कार्यालय पर दिनांक 16.04.2023 से दिनांक 24.04.2023 को 04.00 बजे तक 500 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत हैः-

**क्र. सं. सामग्री का विवरण मात्रा दर -**

1. ईंट प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. इण्टरलाकिंग ईंट प्रति हजार, 3. बालू/ मोरंग/ बालू सफेद/ महीन बालू प्रति मी0, 4. ईंट गिट्टी 25 एम.एम./40 एम.एम. प्रति मी0, 5. एस्बेस्टेस सीट/ पैन सीट, दरवाजा, टाईल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि प्रति नग, 6. स्टोन ब्लास्ट प्रति मी0, 7. NP3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000 एम. एम. प्रति नग, 8. सोलर लाईट पैनल/स्ट्रीट लाईट प्रति नग, 9. सीमेन्ट पोण्टलैण्ड व ह्वाईट सीमेन्ट प्रति नग, 10. चौखट प्रति नग, 11. जी.आई. पाईप बी.आई. साकेट प्रति नग, 12. पी.वी.सी. पाईप साकेट 110, 140, 150 एम.एम. प्रति नग, 13. ग्राम पंचायत में खेल मैदान हेतु आवश्यक सामग्री प्रति नग, 14. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का-2 प्रति नग, 15. चुना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट डिस्टेम्पर, आईपो क्लोराईट प्रति किग्रा./ली., 16. साईन बोर्ड प्रति नग, 17. ब्रेन्च का क्रय/मेज निर्माण प्रति नग, 18. आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री प्रति नग, 19. सोलर वॉटर पम्प प्रति नग, 20. खण्डा प्रति मी., 21 सरिया प्रति कुन्तल, 22. स्टोन बोल्डर प्रति मी., 23. स्टोन पटिया प्रति नग, 24. ग्राम पंचायत में रिबोर प्रति नग, 25. ग्राम पंचायत में टैंकर का क्रय प्रति नग, 26. ग्राम पंचायत में फागिंग मशीन/सेनिटाईजेशन प्रति नग, 27. स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री प्रति नग, 28. सामुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यक सामग्री प्रति नग, 29. स्टेशनरी की सामग्री प्रति नग, 30. कुलर प्रति नग, 31. कुर्सी, मेज, दरी प्रति नग, 32. एल.ई.डी. बल्व प्रति नग, 33. बाल्टी, मग, गिलास, प्लेस, ट्रे प्रति नग, 34. पंचायत भवन हेतु कम्प्यूटर प्रिन्टर, यू.पी.एस. प्रति नग, 35. अन्य आवश्यक सामग्री आवश्यकतानुसारः-

**निविदा की प्रतिबन्ध/शर्तें** -1. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा आयकर भी जमा होना चाहिए। निविदा प्रपत्र के साथ में समस्त दस्तावेज यथा जी.एस.टी. , पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कम से कम तीन वर्ष का आई.टी.आर. की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 2. आपूर्ति दरें पी.डब्लू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 3. स्वीकृत आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत पर परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। 4. आपूर्तिकर्ता को 50000.00 की प्रतिभूति एन.सी.सी./एफ.डी. की मूल रूप में ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कर जमा किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आपूर्ति आदेश निर्गत नहीं किया जायेगा। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एन.पी. के पश्चात शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जायेगा। 7. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर ही की जायेगी। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रूप से होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत चरकोनवा**
**वि. ख. चतरा, जनपद सोनभद्र**

# बाबा साहेब ने पीड़ितों व शोषितों को दिया विशेष अधिकार



जन अधिकार पार्टी कार्यालय पर डा. अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते वक्ता।

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** जन अधिकार पार्टी की ओर से शुक्रवार को संविधान निर्माता समता, समानता एवं बंधुत्व के महानायक बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। तत्पश्चात डा. रामजन मौर्य की अध्यक्षता में सभा का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य ने बताया कि बाबा साहब ने हमें एक मत देने का अधिकार दिया है जिसे हमें सोच समझकर अपना मत देना चाहिए। मुख्य अतिथि अनिल मौर्य ने विस्तार से बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर चर्चा किया।

उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने पिछड़े, दलित, वंचित, शोषित, पीड़ित एवं महिलाओं के लिए संविधान में विशेष अधिकार दिया है, जिससे कि समाज से गैर बराबरी समाप्त हो और सभी लोग मान सम्मान के साथ जीवन जिए। सभा के अध्यक्ष डा. रामजन मौर्य ने बताया कि बाबा साहब ने शिक्षा के ऊपर बहुत ही बल दिया। कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जिसे जो पिएगा वह दहाड़ेगा। इस दौरान जिला सलाहकार गिरधारी लाल मौर्य, अजीत कुशवाहा, रामभजन मौर्य, हीरामन पाल, डा.प्रभाकर राजेश चौहान, विनय भारती, सौरभ मौर्य, प्रदीप मौर्य, राकेश कुमार, धर्मराज, रमेश कुशवाहा, डा.उदय मौर्य मौजूद रहे। संचालन चंद्रशेखर मौर्य ने किया। अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर बुद्ध विहार बिछियां में तथागत बुद्ध प्रतिमा का अनावरण रामटहल बौद्ध द्वारा शुक्रवार को किया गया। वहीं बाबा साहब की जयंती मनाई गई। इस दौरान रामटहल बौद्ध ने कहाकि बौद्ध दर्शन एवं बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर तथा सम्राट अशोक महान का बौद्ध दर्शन में योगदान है। इस दौरान शिवपूजन मौर्य, नागेंद्र प्रताप सिंह मौर्य, हृदय नारायण मौर्य,दीपक मौर्य, जितेंद्र मौर्य, राजमोहन मौर्य, विनय मार्य, भगे करूणाधर, अयोध्या प्रसा,प्रद्युन मौर्य, गंगा राम मौर्य इत्यादि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता गौरीशंकर व संचालन अरुण कुमार मौर्य ने किया।

## जनपद में विभिन्न संगठनों ने डा. अंबेडकर को किया याद

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने डा.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने भी डा.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में डा. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती कलेक्ट्रेट सहित जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों में मनाई गई।


डा.भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते डीएम।

इसके अलावा वही डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन में केक काटकर बाबा साहब की जयंती मनाई गई। जहां पर अधिवक्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान मुरलीधर सिंह, गोकुल प्रसाद, रामकृत का उपस्थित रहे। वही सदर ब्लॉक में बाबा साहब की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। इसके अलावा बसपा की ओर से मुख्यालय पर जयंती के दौरान उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वही पप्पू लहरी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बाबा साहब के किए गए कार्यों के बखान की। इस दौरान विनोद कुमार, घनश्याम प्रधान, अमित यादव लाला, सुभाष चंद, छोटू राम भारती, बनारसी प्रसाद, विवेक गुप्ता, राजू पांडे, अर्चना, राम अवतार आदि उपस्थित रहे।

## गरीबों, पिछड़ों और महिलाओं के मसीहा थे: डा.अंबेडकर


शहाबगंज में डा. अंबेडकर की जयंती मनाते लोग।

**शहाबगंज।** बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर के 132 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को शहाबगंज विकास खण्ड कार्यालय परिसर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिसमें उपस्थित लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके शिक्षा, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, न्यायिक योगदान पर चर्चा की। इस दौरान समाजसेवी रतीश कुमार ने कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे। आज के घुटन भरे सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, जाति भेदभाव के वातावरण में उनके विचार व सिद्धांत बहुत ही प्रासंगिक है। कहा कि बाबा साहब सिर्फ अछूतों के लिए नहीं बल्कि महिलाओं सहित संपूर्ण समाज के पुनर्निर्माण के लिए जीवन भर प्रयासरत रहे। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, कृष्णकुमार संत, दशमी मौर्य, विनोद विश्वकर्मा, चन्द्रभान राव, सुधाकर, शमशाद अंसारी, जितेंद, पंकज दुबे, अजय भारती, कल्लू, घासी पाल, योगेश(छोटू), राजू, अजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### उद्यान अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी


नगर निकाय चुनाव के कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण करते डीएम।

**चंदौली।** डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के निरीक्षण में कंट्रोल कक्ष के प्रभारी अधिकारी व जिला उद्यान अधिकारी अनुपस्थित पाई गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकाय निर्वाचन कंट्रोल रूम गठन किया गया है। कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 05412-262100 एवं 05412-260149 है। इस नंबर पर नगर निकाय निर्वाचन-2023 से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत की जा सकती है। उन्होंने निर्वाचन कंट्रोल रूम के कर्मचारियों को सजग रहने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा मौजूद रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कंदवा।** पुलिस द्वारा शुक्रवार की सुबह अमड़ा नहर के पास से एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वांछित अभियुक्त के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल व अपर पुलिस अधीक्षक विनय सिंह के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा था। कंदवा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि वाछिंत अभियुक्त कमल मौर्या पुत्र इलाके मौर्या निवासी ग्राम रमदतपुर थाना कंदवा जनपद चंदौली अमड़ा नहर के पास है उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। जहां से कागजी कार्रवाई के बाद वांछित अभियुक्त को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुन्ना राम, अमित सिंह, हेडकांस्टेबल अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन से गिरा युवक मौके पर हुई मौत

**कमालपुर।** धीना थाना क्षेत्र के जमानिया से धीना अप लाइन पर बहोरा - पिपर दाहा के मध्य पोल संख्या 714/11 के पास नीतीश कुमार पुत्र मटकू महतो 20 वर्ष ग्राम नरेनपुर थाना डिहपुर जिला भागलपुर बिहार की ट्रेन से गिरने से मृत्यु हो गई घटना जानकारी स्टेशन मास्टर धीना ने शुक्रवार की शाम 4 बजे के करीब बतायी जिसे मौके पर पहुची धीना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की तलासी ली जिसके पास से बरामद मोबाइल व आधार कार्ड टिकट से मृतक की पहचान हुई जिससे थाना ध्यक्ष धीना हरिश्चन्द्र सरोज ने मोबाईल से मृतक के घरवालों को सूचना दे दी शव को जिला चिकित्सालय चन्दौली मोर्चरी भेजा दिया गया।

### भक्तों ने साईं जागरण में किया प्रतिभाग

**चंदौली।** पुरानी बाजार स्थित नारायण दस जायसवाल के आवास पर गुरुवार की रात पर भव्य साई बाबा जागरण का कार्यक्रम हुआ।जहां भक्ति गीतों से आसपास का वातावरण वही लोगों ने साईं बाबा का दर्शन कर परिवार की सुख शांति के लिए कामना की। इस दौरान अभिषेक जायसवाल, गोपाल सिंह, पंकज जायसवाल, रिशु राज जायसवाल, अशोक जायसवाल, सत्य प्रकाश केशरी, विकाश जायसवाल, विवेक सिंह,विकाश सिंह, शिबू सेठ, सुनील जायसवाल, गुड्डू जायसवाल संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे।

### जय भीम के नारों से गूंजा कस्बा, जुलूस में उमड़ा जनसैलाब


शहाबगंज में अंबेडकर जयंती पर जुलूस निकालते युवक

**शहाबगंज।** कस्बा में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। कस्बा में दिनभर विभिन्न संगठनों ने आयोजन किए। अंबेडकर प्रतिमा पर विभिन्न संगठनों द्वारा माल्यार्पण किया गया। उधर शाम को अम्बेडकर नव युवक मंगल दल द्वारा जुलूस निकाला गया। शुक्रवार को कस्बा में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। उधर, शाम को निकले जुलूस के दौरान भी भारी पुलिस बल तैनात रहा। कस्बा के दलित बस्ती से प्रारंभ हुआ सोनकर बस्ती से पुलिस बुथ से त्रिपाठी चौराहा, डाक बंगले कस्बा व सोनार गली भ्रमण करते हुए रोड स्वतंत्रता सेनानी गेट पर जाकर स्थित जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में समाजजन, युवा हाथों में झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। जुलूस में रथ पर आंबेडकर की बड़ी तस्वीर रखी गई थी। इस दौरान भारी पुलिस बल जुलूस मार्ग पर तैनात रहा और बड़ी संख्या में पुलिस के जवान जुलूस के साथ भी चले। डॉ. आंबेडकर नव युवक मंगल दल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता किया इस अवसर पर पारस नाथ, गोलू, रमेश, अरविंद कुमार, रोहित, अंकित भारती, बिकेश, लक्ष्मण, सन्तोष कुमार, गोपी, राजू शामिल रहे।

### वैशाखी पर्व के अन्तिम दिन शब्द कीर्तन से संगत हुई निहाल

**डीडीयू नगर।** सिख समाज एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में विगत छह दशकों से होने वाले तीन दिवसीय वैशाखी पर्व के तहत इस वर्ष भी बड़े श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान 14 अप्रैल शुक्रवार को सुबह से ही शब्द कीर्तन व पाठ का दौर दोपहर 3 बजे तक चलता रहा। तदोपरांत देर शाम तक गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। देर रात तक गुरुद्वारा धर्मशाला रोड पर शब्द कीर्तन का क्रम जारी रहा, वहीं दूसरी ओर गुरु का अटूट लंगर चलता रहा। शब्द कीर्तन के साथ ही महाराज साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बानी सिमरन के साथ ही पंजाब से आए कथावाचक भाई सुच्चा सिंह, एवं प्रसिद्ध रागी जत्था भाई गुरप्रीत सिंह बाबा बकाला वाले, हजुरी रागी जत्था भाई जयपाल सिंह, ग्रन्थी भाई सुखप्रीत सिंह व अमरजीत सिंह ने अपने शब्द कीर्तन कथा से लोगों को निहाल किया। इस दौरान सिख समाज के साथ ही सभी धर्मों के लोग व नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नामांकन: चंदौली से सुनील यादव गुड्डू ने फूंका बिगुल

चंदौली और सैयदराजा सभासद के लिए आठ-आठ प्रत्याशियों ने किया

**चंदौली।** जनपद में नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई। नामांकन के चौथे दिन शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष चंदौली के लिए सुनील यादव गुड्डू ने नामांकन पत्र दाखिल कर अपनी दावेदारी की। वह सादगी के साथ सदर तहसील स्थित नामांकन स्थल पहुंचे और आरओ दिग्विजय प्रताप सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। हालांकि इसके अलावा चेयरमैन पद के लिए किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया। इसके अलावा चंदौली और सैयदराजा नगर के विभिन्न वार्डों से सभासद पद के लिए 8-8 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन की कड़ी में शुक्रवार को नगर पंचायत चंदौली अध्यक्ष पद के लिए सुनील यादव गुड्डू ने आरओ दिग्विजय प्रताप सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विदित हो किया सुनील यादव के परिवार का चंदौली नगर पंचायत के चेयरमैन पद पर काफी दबदबा रहा है। इनके पिता के साथ ही इनकी पत्नी इस पद के दायित्व का निर्वहन पहले कर चुकी हैं। अबकी बार सुनील यादव गुड्डू अपने परिवार के कामकाज की बदौलत एक बार फिर चंदौली की जनता के बीच बतौर प्रत्याशी आ रहे हैं। सैयदराजा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए किसी ने नामांकन पत्र शुक्रवार को दाखिल नहीं किया, लेकिन सभासद के लिए 8 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन प्रस्तुत कर चुनावी जंग में दो-दो हाथ करने के लिए तैयार हो गए। चंदौली चेयरमैन पद के लिए धर्मजीत व संजय सिंह ने नामांकन पत्र की खरीदारी की। इसके अलावा सैयदराजा अध्यक्ष पद के लिए बिलकिस बानो, प्रज्ञा नारायण, रीता देवी, कृष्णावती ने नामांकन पत्र खरीद कर चुनावी जंग के लिए तैयार हुई।


निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन करते सुनील यादव गुड्डू।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेसियों ने की मंत्रणा

**नियामताबाद।** मुगलसराय नगर पालिका परिषद में नगर निकाय चुनाव के चैयरमैन व सभासद प्रत्याशी चयन हेतु महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को पूर्व शहर अध्यक्ष हीरा लाल शर्मा के अलीनगर मुगलचक स्थित आवास पर प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, प्रदेश महासचिव सरिता पटेल, प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन संग सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान ने कहा आगमी चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी, सभी कार्यकर्ता और कांग्रेस जन ईमानदारी से अपना अपना दायित्व निभाए और कांग्रेस प्रत्याशी को जितावे। प्रदेश महासचिव सरिता पटेल ने कहा शहर के 25 वार्डो में कांग्रेस जन अपना पूर्ण सहयोग दे। जिससे प्रत्याशी को जीत मिल सके। प्रदेश महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा आगामी नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने हेतु सभी कांग्रेस जन अभी से ही लग जाए। आने वाला समय आप लोगो का ही है। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव हेतु चुनाव प्रभारी, संचालन समिति सहित वार्ड प्रभारीयों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी लोग जिम्मेदारी पूर्वक अपना अपना दायित्व निभाएं और कांग्रेस को चुनाव जितावें। मुगलसराय में कांग्रेस की जीत अवश्य होगी। शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा यह स्थानीय चुनाव में ही सभी को अपना अपना ताकत दिखाने का अवसर है। नगर पालिका परिषद मुगलसराय में चेयरमैन और सबसे अधिक सभासद कांग्रेस के ही होंगे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान, प्रदेश महासचिव सरिता पटेल, प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, आनंद शुक्ल, सतीश बिंद, भवानी शरण सिंह, बृजेश गुप्ता अकील अहमद, डा.जीके पांडेय, शाहिद तौसिफ, दशरथ चौहान, मुजाहिद अख्तर, मृत्युंजय शर्मा, अनवर सादात, बाबूलाल, नियाज अहमद, आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे। अध्यक्षता शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता व संचालन सभासद बृजेश गुप्ता ने किया।


डीडीयू नगर में नगर निकाय चुनाव को लेकर मंत्रणा करते कांग्रेसी।

## डीडीयू नगर चेयरमैन पद के लिए एक ने किया नामांकन


डीडीयू नगर तहसील में नामांकन करते प्रत्याशी।

**जनसंदेश न्यूज**

**नियामताबाद।** डीडीयू नगर तहसील में शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए दो व सभासद पद के लिए 19 ने नामांकन किया। डीडीयू नगर तहसील में नगर पालिका परिषद क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए आज अध्यक्ष पद के लिए दो और सभासद पद के लिए 19 ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस आशय की जानकारी निर्वाचन अधिकारी डीडीयू नगर एसडीएम अविनाश कुमार ने दी। नगर पालिका परिषद के चल रहे चुनाव में सभी प्रत्याशियों को नामांकन पत्र पर सफेद बैकग्राउंड की फोटो लगाना अनिवार्य है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीडीयू नगर के रिटर्निंग ऑफिसर व उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि अध्यक्ष व सदस्य पद के सभी प्रत्याशियों को सफेद बैकग्राउंड की फोटो लगानी है। साथ ही समस्त वैध कागजात के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा।

## चंदौली चेयरमैन पद के बसपा प्रत्याशी बने विवेक गुप्ता उर्फ पिंकू

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव के रण में बसपा फ्रंट फूट पर नजर आ रही है। संविधान निमार्ता डा. बीआर अंबेडकर की जयंती पर उनके विचारों को आत्मसात करते हुए बसपा नेताओं ने नगर निकाय चुनाव में अपनी रणनीति के पत्ते खोले। वाराणसी मंडल कोआर्डिनेटर डा. विनोद कुमार ने चंदौली नगर पंचायत से चेयरमैन पद के लिए विवेक गुप्ता उर्फ ह्यपिंकूह्न को अपना उम्मीदवार घोषित कर वैश्य समाज को अपने पाने में लाने का बड़ा दांव खेला है। नगर पंचायत के चेयरमैन प्रत्याशी की घोषणा करते हुए मंडल कोआर्डिनेटर डा. विनोद कुमार ने कहा कि बसपा बाबा साहेब के विचारों पर चलने वाली पार्टी है।

बाबा साहेब समाज में समता व समानता के पक्षधर थे और उन्होंने सभी जातियों के प्रतिनिधित्व को प्रबलता प्रदान करने के आरक्षण व्यवस्था को लाने जैसा महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक काम किया, ताकि सभी को प्रतिनिधित्व का उचित अवसर पर मिले और समाज में एकरूपता व समानता आए। आज बसपा ने उनके विचारों के अनुरूप वैश्य समाज को चंदौली नगर के प्रतिनिधित्व का अवसर देने का निर्णय लिया और विवेक कुमार उर्फ पिंकू अग्रहरि को अपना उम्मीदवार घोषित किया जा रहा है। कहा कि बसपा नगर निकाय चुनावों को पूरी दमदारी के साथ लड़ेगी और देश को तोड़ने व संविधान विरोधी ताकतों को शिकस्त देकर करारा जवाब देने का काम करेगी। बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद विवेक गुप्ता उर्फ पिंकू ने पार्टी के साथ ही सर्वसमाज के प्रति आभार प्रकट किया।

कहा कि चंदौली उनकी जन्मभूमि है जिसे वह अपनी कर्मभूमि बनाने की इच्छा रखते हैं और इसी मंशा के साथ लंबे समय तक समाजसेवा से जुड़कर अपने समाज के हित के कार्य करता रहा। आज बसपा ने मेरे सामाजिक कार्यों व व्यक्तित्व को प्राथमिकता देकर जो दायित्व सौंपा है उसे अपनी जीत के साथ पार्टी व चंदौली नगर के लोगों को समर्पित करने का हर संभव प्रयास करूंगा। सभी जाति, धर्म, संप्रदाय का हित व सम्मान प्राथमिकता होगी। साथ ही जन कल्याण के साथ ही चंदौली का विकास प्राथमिकता में शामिल होगा।


चंदौली चेयरमैन पद के प्रत्याशी की घोषणा करते कोआर्डिनेटर डा. विनोद कुमार।

## समाजसेवी अजीत व प्रियंका ने राजनीति में दिखाई सक्रियता

**चंदौली।** रक्तदान व शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली चंदौली की अग्रणी संस्था जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजीत कुमार सोनी लम्बे समय से चंदौली नगर की राजनीति में अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं। शुक्रवार को उन्होंने संस्था के सहयोगियों और अपनी पत्नी प्रियंका सोनी के साथ चंदौली तहसील पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी पत्नी प्रियंका का चंदौली नगर के गौतम नगर वार्ड से निर्दल उम्मीदवार के रूप में नामांकन कराया।

उन्होंने कहा कि राजनीति मूलतः समाजसेवा का ही बदला हुआ प्रारूप है, जिसे आज स्वार्थ व निजी स्वार्थ का साधन बनाने की प्रयास हो रहा है। जो भारतीय समाज व लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। यह कोई व्यवसाय या व्यापार नहीं है। यह सही मायनों में जन सेवा का माध्यम है। इसलिए राजनीति में समाज के पढ़े-लिखे प्रबुद्धजन, समाजसेवी, शिक्षकों व काबिल लोगों को इसका हिस्सा बनना चाहिए। ऐसे लोगों की कमी के कारण राजनीति में कतिपय व्यक्तित्व को धारण करने वाले लोगों की तादाद बढ़ती जा रही है, जिससे इसका आपराधिकरण होने की बातें आए दिन सुनने को मिलती है। साथ ही देश भ्रष्टाचार जैसी समस्या से जकड़ता जा रहा है। कहा कि आगे आने वाले दिनों में शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही लोगों को स्वच्छता को अपनाने पर बल दिया जाएगा। इस दौरान संस्था के सहयोगी हिमांशु वर्मा, सुनीता श्रीवास्तव, रोहित गोस्वामी, दीपक मौर्या, अनवार अंसारी, अरुण कुमार सोनी आदि उपस्थित रहे।


चंदौली तहसील में नामांकन करती प्रियंका सोनी व संस्था के सदस्य।

## भेदभाव के खिलाफ थे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर: अरविंद

**कमालपुर।** बाबा साहब डा.भीम राव अम्बेडकर के 132वीं जयंती की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को हरिजन बस्ती में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद उनके जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके शिक्षा, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, न्यायिक योगदान पर चर्चा की। इस दौरान समाजसेवी अरबिन्द चौधरी ने कहा कि डा.भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निमार्ता थे।

वह एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था के हिमायती थे जिन्होंने राज्य के सभी धर्मों जातियों को समान राजनीतिक अवसर देने तथा धर्म, जाति, रंग तथा लिंग आदि के आधार पर भेदभाव न करे। कहा कि बाबा साहब की यह सोच थी कि महिलाओं की उन्नति तभी हो सकती है जब उन्हें घर परिवार समाज सभी जगह समान दर्जा और अवसर मिले शिक्षा और संपत्ति में अधिकार उन्हें सामाजिक बराबरी दिलाने में मददगार साबित होगा। थानाध्यक्ष हरिश्चन्द्र सरोज ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समानता को लेकर दृढ़ संकल्पित थे। उनका मानना था कि समानता का अधिकार धर्म और जाति के ऊपर है। प्रत्येक व्यक्ति को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना किसी भी समाज की प्रथम और अंतिम नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। ने कहा कि बाबा साहब सिर्फ अछूतों के लिए नहीं बल्कि महिलाओं सहित संपूर्ण समाज के पुनर्निर्माण के लिए जीवन भर प्रयासरत रहे। इस अवसर पर मुरलीधर, राहुल कुमार, आनन्द कुमार, मनील, सतेंद्र, सूर्यकान्त, सोनू, पंकज, शिवांश रोहित, कृष्ण आदि उपस्थित रहे। संचालन मुरलीधर ने किया।


कमालपुर में बाबा साहेब की जयंती मनाते लोग।

# स्पोर्ट्स

## अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट पर रहेगा शुभमन गिल का दबदबा : मैथ्यू हेडन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि बड़े स्कोर बनाने की अपनी काबिलियत के कारण शुभमन गिल का अगले एक दशक में विश्व क्रिकेट में दबदबा रहेगा। 23 वर्षीय गिल अभी तक टेस्ट मैचों में दो, वनडे में चार और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगा चुके हैं। उनकी 49 गेंदों पर खेली गई 67 रन की शानदार पारी से गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। हेडन उन कई लोगों में शामिल हैं जो गिल के खेल पर नियंत्रण बनाए रखने के कौशल से प्रभावित हैं। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, गुजरात टाइटंस को पंजाब किंग्स के अच्छे गेंदबाजी आक्रमण के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी ऐसे बल्लेबाज की जरूरत थी जो जिम्मेदारी संभालकर आखिर तक टिका रहे और शुभमन गिल ने यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई।



# दिल्ली कैपिटल्स को करनी होगी मशक्कत

## डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम के लिए अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं रहा

**बेंगलुरू।** लगातार चार मैच गंवाने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पिछले दो मैचों में पराजय से पस्त रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में अगर सकारात्मक परिणाम हासिल करना है तो उसके खिलाड़ियों को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की वर्तमान सत्र में शुरूआत बेहद खराब रही और पहले चारों मैच गंवाने के कारण अभी तक उसका खाता नहीं खुला है।



डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम के लिए अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं रहा है और टीम प्रबंधन भी उचित संतुलन बनाने के लिए जूझ रहा है। वॉर्नर और उपकप्तान अक्षर पटेल ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित खेल नहीं दिखा पाए हैं। वॉर्नर भी अच्छे स्ट्राइक रेट से रन नहीं बना पाए हैं लेकिन अक्षर ने अभी तक अच्छी बल्लेबाजी की है। वॉर्नर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं लेकिन उनका 14.83 का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है। वह तेजी से रन नहीं बना पा रहे हैं और दूसरी तरफ से लगातार विकेट गिरने के कारण उनकी परेशानियां बढ़ रही हैं। पृथ्वी साव की अच्छे तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने कमजोरियां खुलकर सामने आई हैं जिससे उन्हें जल्द से जल्द पार पाना होगा। सरफराज खान की जगह टीम में जगह बनाने वाले मनीष पांडे भी योगदान नहीं दे पा रहे हैं जबकि मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में पदार्पण करने वाले यश धुल केवल चार गेंद का सामना करके पवेलियन लौट गए थे। सत्र की शुरूआत जीत से करने के बाद आरसीबी अगले दोनों मैच हार गया था। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी जैसे खिलाड़ी बल्ले से योगदान दे रहे हैं और वे शनिवार को भी बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। मोहम्मद सिराज ने नई गेंद से अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। श्रीलंका के स्टार स्पिनर वानिंदू हसारंगा टीम से जुड़ गए हैं और उन्हें गेंदबाजी विभाग मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में जगह मिलने की संभावना है।

*टीम इस प्रकार हैं:*

**दिल्ली कैपिटल्स:** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, वेन पार्नेल, हिमांशु शर्मा, मनोज भांडगे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव और माइकल ब्रेसवेल। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा।

## हार्दिक पांड्या पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मोहाली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिये 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल का लक्ष्य मैच को तीन घंटे 20 मिनट में समाप्त करना है लेकिन धीमी ओवर गति मुद्दा बनता जा रहा है जिसके कारण मैच चार घंटे से अधिक समय तक खिंच रहे हैं। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा,



यह टीम का आईपीएल आचार संहिता के तहत धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध है इसलिए उसके कप्तान हार्दिक पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुमार्ना किया गया है। मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इस मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया था। यह उसकी इस सत्र की तीसरी जीत है जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स चार मैचों में चार अंक लेकर छठे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस ने शुभमान गिल की अर्धशतकीय पारी के दम पर एक बड़ा मुकाबला अपने नाम कर लिया है। पंजाब किंग्स के 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात ने 19.5 ओवर में चार विकेट खोकर 154 रन बना लिए। राहुल तेवतिया ने चौके के साथ गुजरात को तीसरी जीत दिलाई।

## पंजाब किंग्स की हार के बाद प्रीति जिंटा ने लूटी महफिल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को (13 अप्रैल) पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच खेला गया। मोहाली क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वहीं पंजाब किंग्स की मालकिन पर प्रीति जिंटा अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए ग्राउंड में मौजूद में थी।हालांकि पंजाब किंग्स गुजरात से हार गई लेकिन प्रीति जिंटा ने कुछ ऐसा किया जिसने फैंस का दिल जीत लिया।

## बॉलीवुड न्यूज

### होम्बले फिल्म्स की केजीएफ 2 के पूरे हुए एक साल

**मुंबई।** आज ही के दिन ठीक एक साल पहले इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में इतिहास रचा गया था। इस दिन सुपरस्टार यश स्टारर केजीएफ 2 रिलीज हुई थी, एक ऐसी फिल्म जिसने हर तरफ अपना जादू बिखेरा और सफलता का एक नया उदाहरण पेश किया। होम्बले फिल्म्स की केजीएफ चैप्टर 2 ने आज अपनी रिलीज के 1 साल पूरे कर लिए हैं और इसमें कोई दोराय नहीं है कि क्यों किसी भी फिल्म ने अभी तक केजीएफ 2 जैसी जबरदस्त ब्लॉकबस्टर सफलता नही देखी है। दर्शकों के बीच एक ट्रेंडसेटर बनने से लेकर अपने विशाल कलेक्शन के साथ बॉक्स ऑफिस विंडो पर रूल करने तक, प्रशांत नील के निर्देशन ने सफलता की सभी परिभाषाओं को पार कर लिया है जो पहले कभी नहीं देखा गया है। इस खास मौके का जश्न मनाते हुए प्रोडक्शन हाउस, होम्बले फिल्म्स ने केजीएफ 2 का एक आकर्षक पोस्टर साझा किया है । केजीएफ 2 दर्शकों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं थी। हालांकि यह सिर्फ शुरूआत थी, फिल्म आई और पहले दिन ही हिंदी मार्केट्स में 54 करोड़ के अपने बड़े पैमाने पर शुरूआती कलेक्शन के साथ इतिहास रच दिया, जबकि 1200 करोड़ के इसके वर्ल्डवाइड कलेक्शन ने कन्नड़ इंडस्ट्री को ग्लोबल मैप पर चमका दिया। फिल्म रॉकी भाई उर्फ यश के जोश को एक अलग ही स्तर पर ले गई। जहां रॉकिंग स्टार के फैनडम ने दर्शकों के मन पर अपना आकर्षण बिखेरा, वहीं उनका हेयर स्टाइल, दाढ़ी और यश स्टाइल पैटर्न सूट रातों-रात एक चलन बन गया। इसके अलावा, केजीएफ 2 एक ऐसी फिल्म है जो वास्तव में दर्शकों के लिए खास है। केजीएफ फ्रेंचाइजी देने के अलावा, होम्बले फिल्म्स 'सालार' जैसी पैन इंडिय फिल्म्स, जिसे साल की सबसे बड़ी फिल्म कहा जा सकता है, युवा और धूमम के साथ लोगों को एंटरटेन करती नजर आएगी।




### 'दिल दियां गल्लां' के कलाकारों ने किया प्रोत्साहित

इंदौर। बैसाखी प्रियजनों के साथ कहानियों, हंसी-खुशी और प्यार साझा करने, मतभेदों को दूर करने और कृतज्ञता व स्नेह व्यक्त करने का समय है। यह सिर्फ एक परंपरा नहीं है, बल्कि एक भावना है, एक एहसास है जो हर किसी को प्यार और खुशी के बंधन में बांधता है। जैसा कि हम बैसाखी के शुभ अवसर का जश्न मना रहे हैं, सोनी सब पर दिल दियां गल्लां का उद्देश्य प्यार और आशा का संदेश फैलाना है। हम एक नया साल शुरू कर रहे हैं, यह शो दर्शकों को स्नेह और सहानुभूति के साथ अपने पारिवारिक रिश्तों को संजोने के लिए प्रोत्साहित करता है। पंकज बेरी, संदीप बसवाना, कावेरी प्रियम और पारस अरोड़ा सहित कलाकारों की टीम ने त्योहार मनाने की अपनी यादों को साझा किया और बताया कि कैसे दिल दियां गल्लां ने पारिवारिक रिश्तों की गतिशीलता को खूबसूरती से चित्रित किया है। दिल दियां गल्लां में दिलप्रीत का किरदार निभाने वाले पंकज बेरी ने कहा कि बैसाखी के इस शुभ अवसर पर आइए हम फसल कटाई के मौसम, भाईचारे और एकता की भावना को संजोएं। त्योहार सभी के लिए समृद्धि, खुशी और सफलता लाए। इस साल मैं मुंबई में अपने परिवार के साथ रहूंगा, इसलिए मैं इसे अपने दिल दियां गल्लां परिवार के साथ मनाऊंगा। सभी को खुश और समृद्ध बैसाखी की शुभकामनाएं!



# ब्रैंडन मैकुलम पर लटकी तलवार !

## ईसीबी ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी

**लंदन।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं। एक विज्ञापन को लेकर इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम साइप्रस से पंजीकृत ऑनलाइन स्ट्टेबाजी कंपनी के विज्ञापनों में दिखाई दिए हैं। इसे लेकर ईसीबी काफी नाराज है और उसने जांच के आदेश दे दिए हैं।



इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी संहिता खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों को मैचों में सट्टेबाजी में भाग लेने या प्रोत्साहित करने से प्रतिबंधित करती है। अगर ब्रैंडन मैकुलम दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कोच पद से हटना भी पड़ सकता है या ईसीबी ने चेतावनी देकर छोड़ सकता है।

ईसीबी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हम वर्तमान में इस मामले की खोज कर रहे हैं। हम ब्रैंडन के साथ साइप्रस की सट्टेबाजी कंपनी के साथ संबंधों की चर्चा कर रहे हैं। सट्टेबाजी को लेकर हमारे पास कई नियम हैं। हम हमेशा यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि इनका पालन किया जाए।₹

कंपनी के साथ मैकुलम का जुड़ाव पिछले साल शुरू हुआ था। उसके बाद वह इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच बने थे। उन्हें सट्टेबाजी कंपनी के हालिया यूट्यूब विज्ञापनों में इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान देखा गया है। मैकुलम के एजेंट साइमन ऑटेरी ने एक अखबार से कहा, ₹हम इस बारे में ईसीबी से बात कर रहे हैं। मैं किसी भी चीज पर टिप्पणी नहीं करूंगा।" मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने अपने 11 टेस्ट मैचों में से नौ में जीत हासिल की है।

## मानव तस्करी का पदार्फाश, दो गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद

**ओबरा।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर मानव तस्करी के मामले का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो अदद कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया है। ओबरा कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए सीओ ओबरा डॉ चारु द्विवेदी ने बताया कि ओबरा थाना क्षेत्र निवासी रामधनी ने बीते 15 मार्च 2023 को थाने आकर सूचना दिया कि 32 वर्षीय शहादत उर्फ सोनू पुत्र स्व. मो. लतीफ निवासी गिरिया थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र उनकी पुत्री एवं अन्य मित्रो की दो पुत्रियों को ओबरा से बहला-फुसलाकर ले जाकर छपरा बिहार में बेच दिया है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 363, 366, 3/4 पाक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। जांच पड़ताल के दौरान उपरोक्त मुकदमे में धारा 370 की बढ़ोत्तरी की गई। मामले में आरोपी सोनू की तलाश की जा रही थी। वही शुक्रवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उक्त अभियुक्त बिल्ली जंक्शन के पास खड़ा है। वह कही भागने के फिराक में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उक्त आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान सोनू के पास से एक कट्टा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस भी बरामद किया। आरोपी सोनू ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह सोनभद्र से लड़कियों को बहला-फुसलाकर छपरा बिहार में हृदय राम को बेचता था। लड़कियों के बदले में कट्टा-कारतूस और पैसा देता था। हृदयराम आज दुबारा लड़की लेने ओबरा आया है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हृदय राम को बग्घानाला तिराहे के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हृदय राम के कब्जे से एक कट्टा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया। सीओ डॉ द्विवेदी ने बताया कि दोनों अभियुक्तो का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है। साथ ही तीनों किशोरियों को बरामद कर मेडिकल परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है। बताया कि दोनों अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में ओबरा थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्र, उपनिरीक्षक अमित कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल इमरान खान, हेड कांस्टेबल बृजेश यादव, कांस्टेबल राम सिंह यादव, महिला कांस्टेबल प्रीति चौहान शामिल रहे।

### राहुल तेवतिया ने बढ़ाया यश दयाल का हौसला

**मोहाली।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए अंतिम एकादश से बाहर किए गए तेज गेंदबाज यश दयाल को अपनी टीम गुजरात टाइटन्स से काफी समर्थन मिला है और उनके साथी राहुल तेवतिया ने कहा कि आईपीएल फ्रेंचाइजी ने कोई सहानुभूति नहीं दी है।

# डीडीयू नगर में विभिन्न संगठनों ने बाबा साहेब को किया याद

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** संविधान निमार्ता और भारत रत्न बोधिसत्व बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती शुक्रवार को विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। उनके व्यतित्त्व और कृतित्व को याद किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में भारत रत्न डा.भीमराव की जयंती मनाई गई।

कांग्रेसजनो ने चतुर्भुजपुर स्थित डा.अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आनंद शुक्ल, दशरथ चौहान, शाहिद तौसिफ, तारिक अब्बास, विजय कुमार गुप्ता, फैयाज अंसारी, राजू सरदार, आफताब पप्पू, अनवर सदाद, हंशराज शर्मा, अनिल कुमार योगी सहित कांग्रेसी नेता मौजूद थे। भारतवर्षीय गोंड आदिवासी महासभा समिति के तत्वाधान में अंबेडकर जयंती ग्राम जलीलपुर पड़ाव चंदौली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर श्रीकृष्ण गोंड, अवधेश नारायण, रामाधार, हरिशचंद, संतोष कुमार, दुर्गावती देवी अन्य उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जन्मस्थली सेवा न्यास संयोजक कृष्णा गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों सदस्यों ने सेंट्रल कॉलोनी पावर हाउस कार्यालय में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को पानी से धुलाई कर माला फूल चढ़ाकर बाबा साहब की जयंती पर कोटि-कोटि नमन किया। मनीष पासवान, जितेंद्र प्रताप, राकेश सिंह, अनिल यादव, ओम प्रकाश रजक, भोलू, विकास पासवान, विनोद कुमार,कृष्णा गुप्ता आदि उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ द्वारा आयोजित भारत रत्न डा.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 132वां जन्मदिवस उनके चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित गगनभेदी नारा लगाकर मनाया गया।

इस दौरान भागवत नारायण चौरसिया, रवि चंद्रपाल, अमर कुमार चंद्रवंशी, कपिल देव, बटोही रावत, मूसा, रोशन कुमार, रवि कुमार, सुनील, मुराही देवी आदि लोग थे। बोधिसत्व संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती फल सब्जी व्यवसाई विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी नारायण प्रसाद सोनकर ने हर्षोल्लास से मंडी में मनाया गया जिसमें व्यवसायी गण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-तिलवां वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-कमलेश राय
ग्राम पंचायत-तिलवां
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-जितेन्द्र सिंह
ग्राम पंचायत-तिलवां
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत-कल्यानपुर वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-रमेश सिंह यादव
ग्राम पंचायत-कल्यानपुर
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-जितेन्द्र सिंह
ग्राम पंचायत-कल्यानपुर
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत-अवती वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/सामु0शौचा0 /पंचायत भवन/आंगनबाड़ी केन्द्र/ अन्त्येष्टि स्थल/गंगा एक्शन प्लान/सांसद निधि/विधायक निधि एवं अन्य निधियों व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 (पांच) कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। मॉडल गांव हेतु एस.एल.डब्ल्यू.एम./गंगा एक्शन प्लान के तहत आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण, ई-रिक्शा/ठेला गाड़ी एवं अन्य कार्य। निविदा का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्ल्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

ग्राम प्रधान-सुनीता देवी
ग्राम पंचायत-अवती
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

ग्रा0पं0अ0/सचिव-मीनू राय
ग्राम पंचायत-अवती
वि0ख0-रेवतीपुर, गाजीपुर

# समानता के अधिकार को लेकर प्रतिबद्ध थे डॉ. अम्बेडकर: कुलपति

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम

**देश को आगे ले जाने में बाबा साहेब का विशेष योगदान : प्रो. पार्थडीकर**

**अंबेडकर जयंती पर पीयू में हुए विविध आयोजन**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन कुलपति सभागार में शुक्रवार को किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने बाबा साहब के जीवनशैली को अपने जेहन में उतारने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब समाज में समानता को लेकर काफी प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर होना चाहिए। साथ में आज के ही दिन जन्मे आर्यभट्ट जैसे महान गणितज्ञ को भी याद करते हुए उनके तमाम समीकरण एवं शून्य के आविष्कार की विशेषताओं को भी छात्रों को बताया।

बतौर मुख्य वक्ता समन्वयक इनक्यूबेशन सेंटर प्रोफेसर अविनाश पार्थडीकर ने महिलाओं शिक्षकों, लेबर वर्ग के लिए जो कार्य बाबा साहेब ने किए विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि उनके कार्य को भुलाया नहीं जा सकता है। दुनिया के महान अर्थशास्त्री में से एक थे जिन्होंने भारत को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया। विशिष्ट अतिथि वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत को वित्तीय विपदा से उबारने का जो कार्य किया है वह सराहनीय है। परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने अंबेडकर के कार्यशैली और आचरण की विशेषता बताते हुए कहाकि वह रोज दिन में एक किताब जरूर पढ़ते थे, जिससे शिक्षकों और छात्रों को सीखने की जरूरत है। कार्यक्रम की शुरूआत में बाल कलाकार राजवंश पटेल ने उनके जीवन शैली को अपने कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयंती पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रथम स्थान रविंद्र प्रजापति एवं द्वितीय स्थान पर हर्ष साहू एवं तृतीय स्थान पर रिंसू सिंह एवं वैभव चौरसिया रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विनय वर्मा ने तथा संचालन प्रो. मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रजनीश भास्कर ने किया। इस अवसर पर प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. गिरधर मिश्रा, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. रामांशु सिंह, जया शुक्ला, डॉ. करुणा निराला, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, सुमित भारद्वाज, अंकित कुमार, उत्कर्ष वर्मा, सुशील मिश्रा, उग्रसेन यादव, विवेक पांडे, उत्कर्ष त्रिपाठी, प्रशांत यादव आदि उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर के दो आरोपितों की दो बाइक जब्त

**जौनपुर।** बक्सा थाना अंतर्गत दक्षिण पश्चिम (रन्नो) निवासी गैंगस्टर एक्ट के तहत निरुद्ध दो आरोपितों पप्पू उर्फ अनवर और मोहम्मद सलीम की एक-एक बाइक प्रशासन ने शुक्रवार को जब्त कर ली। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित धन से खरीदी गई बाइकों को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने गत 6 अप्रैल को जब्त करने का आदेश दिया था। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने आदेश के अनुपालन के क्रम में मय फोर्स पहुंचकर पप्पू उर्फ अनवर की हीरो पैशन-प्रो व मोहम्मद सलीम की सुपर स्प्लेंडर बाइक आवश्यक लिखापढ़ी कर जब्त कर ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त की गई बाइकों की अनुमानित कीमत एक लाख 60 हजार रुपये है।

## संक्षेप

### युवक की नदी में डूबने से मौत

**सिकरारा।** थाना क्षेत्र के अजोसी गांव के एक युवक की सई नदी में डूबने से मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। उक्त गांव के रमाशंकर गौतम का 18 वर्षीय पुत्र बादल गौतम शुक्रवार की दोपहर गांव के साथियों के साथ रुकुनपुर के समीप सई नदी में नहाने गया था। नहाते समय बादल गहरे पानी में डूब गया। डूबने की सूचना परिजनों के साथ पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुँचकर स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से तलाश शुरू कराई। काफी मशक्कत के बाद लाश मिलने पर पुलिस के वाहन से आनन फानन में पीएचसी भेजवाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर रोते बिलखते परिजन पीएचसी पहुँचे। पुलिस शव का पंचनामा कराकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई।



मृतक बादल की फाइल फोटो

### पत्रकार सुरेश यादव के पिता का निधन

**चंदवक।** क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी पत्रकार सुरेश यादव के पिता राजनरायन यादव (95) का शुक्रवार दस बजे निधन हो गया। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। पुलिस विभाग में निरीक्षक पद से 1989 में अवकाश ग्रहण करने के पश्चात परिवार संग घर पर ही रहते थे। निधन का समाचार मिलते ही शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार रामजनम पटेल की अध्यक्षता में बैठक कर निधन पर दुःख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लाल साहब सिंह, जय प्रकाश पाण्डेय, विनय सिंह, त्रिलोकी गुप्ता, संजय, संजय यादव, राजू यादव, आनन्द कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### वाहन की चपेट में आकर स्कूटी सवार अधेड़ घायल

**गौराबादशाहपुर।** केराकत मार्ग पर बहोरा क पूरा गांव के पास शुक्रवार की दोपहर लगभग 2 बजे हुई एक घटना में केराकत से जौनपुर की तरफ जा रहा स्कूटी सवार अधेड़ किसी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को अचेत अवस्था में एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। समाचार संप्रेषण तक घायल का नाम पता नहीं मिल पाया था।

### घर का ताला तोड़कर चोरी

**चंदवक।** क्षेत्र के जरासी गांव में बीती रात घर के दरवाजे का ताला तोड़कर बॉक्स में रखे नकदी व गहने चोर चुरा ले गए। सुबह जानकारी होने पर भुक्तभोगी ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस छानबीन कर रही है। उक्त गांव निवासी राजेश कुमार का परिवार घर के बाहर सोया था। रात में चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे व कमरे में रखे बॉक्स को चुरा ले गए। उसमें पांच हजार नकद व मोबाइल, मांगटीका, फुलनथिया, झुमका पैजनी रखी थी जिसकी कीमत 75 हजार बताई जा रही है। जून में शादी थी। अलसुबह उनकी पत्नी शौच के लिए खेत में गई तो वहां बॉक्स देख चौंक गयी। सूचना 112 पुलिस को दी गई पुलिस छानबीन कर रही है।

### गेहूं के बोरे के नीचे दबने से किशोर की मौत

**मछलीशहर।** कोल्ड स्टोर के पास गेहूं के बोरे के नीचे दबने से एक किशोर की मौत हो गई है। सराय यूसुफ गांव निवासी हरिराम के घर मराई करने के बाद बोरे में भरा गेहूं छल्ली लगाकर रखा था। उसी छल्ली से सटकर रखी चारपाई पर रवि 20 वर्ष पुत्र हरिराम लेटकर मोबाइल देख रहा था। अचानक गेहूं भरा बोरा उसके सीने के ऊपर गिर गया जिसके नीचे वह दब गया। थोड़ी दूर पर बैठे परिजन उसे बोरे के नीचे से निकालकर सीएचसी में डाक्टर के पास लेकर गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते हुए परिजन उसे लेकर घर पहुंचे। सूचना पाकर लेखपाल ब पुलिस मौके पर पहुंची परंतु परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए और किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

# जिला बदर अपराधी को पुलिस ने दबोचा



**सिकरारा।** पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्थानीय थाने की पुलिस ने जिला बदर अपराधी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि नवम्बर 2022 को जिला बदर घोषित आरोपी आजाद निषाद पुत्र भूसी निषाद निवासी उगापुर, जिला बदर के आदेशों का उल्लंघन कर चोरी छिपे घर आकर रह रहा है। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक संजय कुमार व मय फोर्स मौके पर पहुँचकर आरोपी आजाद को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई में जुट गए।

### नदी में मिली अधेड़ की लाश

**जफराबाद।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के पास गोमती नदी में गुरुवार की रात को एक 50 वर्षीय अधेड़ की लाश मिली। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लाश को बाहर निकलवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की लाश लगभग आठ दस दिन पहले की लग रही है। मृतक लुंगी तथा गंजी पहने हुए था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, फूंका मड़हा

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रसैना गांव में गुरूवार की रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दलित वर्ग के लोगों के 5 रिहायशी मड़हों में आग लगा दी। आग से दलित वर्ग का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना में 4 दलित महिलाओं को चोटें आई है जिसमें दो को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।


दहशत

**पांच रिहायशी मड़हा व सामान जलकर राख, पांच दलित महिलाएं घायल**

उक्त गांव के करिया सोनकर का गांव के यादव वर्ग से जमीनी विवाद चल रहा था। गुरुवार दिन के लगभग 10 बजे यादव वर्ग के लोग अपनी गाय भैंस को लेकर विवादित जमीन पर खूंटा डालकर बांधने का प्रयास करने लगे। इस मामले की सूचना सोनकर पक्ष द्वारा स्थानीय थाने पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जबरदस्ती बांधे गए पशुओं को वहां से हटाकर विवादित जमीन खाली करा दिया गया। दोनों तरफ से तनाव होने के कारण गुरुवार रात्रि लगभग 3 बजे सोनकर वर्ग के मड़हे में आग लग गई। इस वर्ग का कथन है कि मड़हे में आग जान बूझकर लगाई गई है। विरोध करने पर आग लगाने वाले यह लोगों ने हमला करके करिया सोनकर की पत्नी मेढ़ा देवी, फूला देवी पत्नी रमेश सोनकर, तारा देवी 70 वर्ष पत्नी आलियार सोनकर को लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जबकि दूसरे पक्ष से दुकान देवी पत्नी कामता प्रसाद यादव भी घायल हो गई हैं। सभी घायलों का पुलिस द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपचार जिला चिकित्सालय में कराया गया है। इस घटना में सोनकर पक्ष की 2 महिलाओं को जबकि यादव पक्ष से एक महिला को भर्ती कर लिया गया है। मौके पर



मारपीट में घायल महिलाएं



क्षेत्राधिकारी नगर व थाना प्रभारी लाइन बाजार सहयोगी जवानों के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले की छानबीन कर रहे हैं।

### मारपीट में तीन घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अरंद गांव में जमीनी विवाद के चलते हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के अरंद गांव में शुक्रवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों चलें लाठी डंडे में उक्त गांव निवासी 40 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र वंशराज 24, अमित कुमार पुत्र रमाशंकर 36, मुकेश कुमार पुत्र पलकधारी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उक्त घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# चार घरों से नकदी सहित लाखों के आभूषण चोरी

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** विकास खंड के सिंगरामऊ थाना अंतर्गत आने वाले इनामीपुर गांव में बीती रात चोरों ने चार अलग-अलग घरों से नकदी रूपए सहित लाखों रुपए के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक इनामीपुर निवासी अमरनाथ सिंह का आरोप है कि वह घर के बरामदे में सो रहे थे और उनकी बहू आंगन में सो रही थी। बीती रात्रि करीब डेढ़ बजे घर से सटे पेड़ के सहारे छत पर चढ़कर घर में घुसे अज्ञात चोरों ने आंगन में सो रही महिला रोली सिंह को कुछ सुंघा कर उन्हें पकड़ लिया और रूम में रक्खे अटैची तथा आलमारी से नकदी सहित लाखों रुपए के गहने चोरी करते हुए अटैची सहित उसमें रखे कपड़ों को छत पर तितर बितर कर फरार हो गए। इसी क्रम में उक्त गांव निवासी रामजी मिश्रा कुछ सामान लिए फिर देवतादीन मिश्रा के घर चोरी करने में असफल रहे तथा कमलेश शर्मा के घर में रखे पैंट की पर्स से 8 सौ रूपए पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है।



चोरी के बाद छत पर बिखरा सामान

वहीं रात्रि में ही सूचना मिलते मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित को सिंगरामऊ थाने बुलाया। पुलिस ने पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर मौका मुआयना करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। फिलहाल पीड़ित का आरोप है कि पुलिस मामले की लीपापोती में जुटी हुई है।

इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच करवाकर कार्रवाई की जा रही है।

## गांजा के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत भादी गांव के समीप से मुखबिर की सूचना पर अवैध गांजा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान भेज दिया। आजमगढ़ जनपद के अहिरौला थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी केशव प्रसाद पुत्र अच्छेलाल को शुक्रवार की सुबह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय के निर्देश पर एसआई वरुणेन्द्र राय ने हमराहियों के साथ भादी गांव के समीप से गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से एक किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।




# अशोक सिंह की दूसरी पुण्यतिथि आज

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व तिलकधारी महाविद्यालय के प्रबन्धक अशोक सिंह की प्रथम पुण्यतिथि शुक्रवार को महरुपुर में मनाई जाएगी। इस अवसर पर हवन पूजन के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

स्मृतिशेष में बताते हुए उनके पुत्र इं. शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रमुख पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा हर वर्ग का ध्यान रखा। भारतीय जनता पार्टी ने जो जिम्मेदारियां उन्हें सौंपी उसका उन्होंने पूरी निष्ठा से पालन किया। भाजपा के जिलाध्यक्ष होते हुए उनका हर पार्टी के नेताओं से अच्छा तालमेल रहा।

संबंध को उन्होंने हमेशा प्राथमिकता दी। समाजसेवा व देशभक्ति उनके अंदर कूट-कूट कर भरी थी। हर किसी के सुख-दुख में हमेशा उन्होंने साथ दिया। आगे उन्होंने कहा कि पिताजी ने तिलकधारी पीजी कॉलेज को एक नई दिशा दी। कभी अनुशासन से समझौता नहीं किया। कॉलेज को कड़े अनुशासन के साथ हमेशा वो लेकर चले।



अशोक सिंह

कोविड काल में जब लोग घर से नहीं निकलते थे ऐसी स्थिति में उन्होंने जरूरतमंदो के यहां जाकर घरेलू आवश्यकता का सामान उपलब्ध कराया और समय-समय पर लोगों का कुशल क्षेम भी पूछा। राष्ट्रहित के लिए वे हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलने तो तैयार रहते थे।

## तीनों ऋणों से मुक्ति दिलाती है भगवान की कथा : डा. ओझा



**जौनपुर।** भगवान की कथा तीनों ऋणों से मुक्ति दिलाती है। उक्त उद्गार मानस हंस डा. आरपी ओझा ने तिलकधारी महाविद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्व. अशोक कुमार सिंह की पुण्यतिथि में ग्राम महरूपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित मानस कथा में व्यास पीठ से व्यक्त किया।

उन्होंने कहाकि देव ऋण गुरू ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाने के लिये अलग अलग विधान है जो अत्यंत दुष्कर है परंतु भगवान की कथा का श्रवण करने वाला इन तीनों ऋणों से सहज ही मुक्त हो जाता है। मानस हंस ने संत तुलसीदास की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहाकि बैठी है छंदों की रानी मानस की अंगनाई में। सारे भाव भरे हैं तुलसी की चौपाई में।। विद्वान वक्ता ने स्व. अशोक कुमार के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि मानस के प्रेमी थे। सामान्य बातचीत के दौरान वे मानस की चौपाइयों का उद्धरण दिया करते थे। इसके पूर्व अयोध्या से पधारे कथा व्यास रजनीकांत ने हनुमत चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान राम ने महावीर हनुमान के माध्यम से पक्षिराज गरूड़, सुदर्शन चक्रम आदि के घमंड को चूर कराया। उन्होंने राम कहने से तर जायेंगे। पार भव से उतर जायेगा।। जैसी भक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति से श्रद्धालुओंको भाव विभोर कर दिया। उक्त अवसर पर पूर्व सांसद डा. केपी सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसेवा आयोग उ.प्र. के सदस्य डा. आरएन त्रिपाठी, डा. धर्मराज सिंह, राजबहादुर सिंह, प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, वंशलोचन सिंह, डा. ओमप्रकाश सिंह रघुवंशी, बिंद प्रताप सिंह एडवोकेट आदि उपस्थित रहे। आगन्तुकों के प्रति आभार टीडी कालेज के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने ज्ञापित किया।

# अम्बेडकर जयंती पर निकला भव्य जुलूस, सैकड़ों लोग हुए शामिल

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जुलूस निकाला गया जिसमें आकर्षक झांकियां भी शामिल रही। इस दौरान भारी संख्या में स्त्री पुरुष शामिल रहे तो वहीं खुशी का इजहार करते हुए लोगों ने पटाखे भी छोड़े।

इस क्रम में नगर पंचायत खेतासराय में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर से संबंधित झांकियां व भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें लोग नाचते गाते बैंड बाजे पर थिरकते हुए व बाबा साहब के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यह जुलूस नगर भ्रमण करते हुए डाकखाने के पास बौद्ध विहार के पास संपन्न हुआ। इस कड़ी में जमदहां बाजार में बाबा साहब की जयंती पर आकर्षक जुलूस निकाला गया जिसमें छोटे बच्चे काफी उत्साहित दिखे तो वहीं लोग बाबा साहब का गुणगान करते हुए चल रहे थे साथ ही पटाखे छोड़ कर अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महेंद्र प्रताप, सुनील कुमार, हीरालाल, राम स्वारथ, त्रिलोकी नाथ, जय राम, डाक्टर पीके, सुबाष चंद्र आदि शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी चोब सिंह व थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह मयफर्स चक्रमण करते रहे।



अम्बेडकर जयंती पर निकला जुलूस

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अंबेडकर की जयंती

**चंदवक।** बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती चंदवक, रसड़ा, हिसामपुर, रामदेवपुर मढ़ी, कोइलारी सहित अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाई गईं। इस दौरान गांजे बाजे के साथ विभिन्न गांवों में रैली निकाली गई। चंदवक में अंबेडकर मूर्ति के पास डॉ. भीम राव अंबेडकर समिति द्वारा सभा आयोजित कर संविधान निर्माण व समाज उत्थान व विशेषकर दलित समाज के उत्थान के लिए डॉ. अंबेडकर द्वारा किए गए योगदान पर प्रकाश डाला गया। सभा को जय प्रकाश राम, रामदरश, डॉ. अमरसेन, चंद्रिका यादव, महेंद्र प्रजापति, राम प्रसाद सोनकर, घनश्याम सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर जीत बहादुर, अशोक, दिनेश कुमार, दिलीप, संजय गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### याद किए गए डॉ. भीमराव अम्बेडकर

**सुइथाकला।** संविधान निर्माता के रूप में अपना अहम योगदान देने वाले भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयन्ती शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम के साथ लोगों ने जन्मदिन मनाकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर तमाम जगहों पर झांकियां सजाकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पण करते लोग देखे गए। शुक्रवार को क्षेत्र के लालापुर, सवायन, सारी जहांगीर पट्टी, सरायमोहिउद्दीनपुर, भटौली व जहरुद्दीनपुर आदि गांवों समेत तमाम शैक्षणिक संस्थानों में भी झांकी सजाकर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयन्ती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाकर लोगों ने उन्हें याद किया। ब्लाक मुख्यालय के पास हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के बाद लोगों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम किया गया। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान इलाकाई थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह अन्य पुलिस कर्मियों संग सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद दिखे।



अम्बेडकर जयंती मनाते लोग

# कांग्रेसियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद

**जौनपुर।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर कचहरी रोड पर अंबेडकर तिराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं संविधान रचयिता को याद किया।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। अंबेडकर जयंती को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी जाना जाता है। बाबा साहब ने प्रजातंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य के तीनों अंगों न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं विधायिका को स्वतंत्र और पृथक बनाया तथा समान नागरिक अधिकार के अनुरूप एक व्यक्ति, एक मत और एक मूल्य के तत्व को प्रस्थापित किया। विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों की सहभागिता संविधान द्वारा सुनिश्चित की तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की विधायिकता जैसे ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, पंचायत राज इत्यादि में सहभागिता का मार्ग प्रशस्त किया। आज हमें उनकी सीख को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सोनकर, राकेश उपाध्याय, अनिल दुबे आजाद, राकेश सिंह, अनिल सोनकर, गौरव मौर्या, बब्बी खान, नेसार इलाही, शशांक राय अंकित, श्रेयांश चौहान, शिवकुमार गुप्ता, इकबाल आदि लोग उपस्थित रहे।



अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष मौजूद कांग्रेसजन

जयंती

**बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके संविधान बचाने की ली शपथ**

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे डॉ. अम्बेडकर: राजेश गौतम

कार्यक्रम

## भाजपा कार्यालय पर धूमधाम से मनायी गयी डॉ. अम्बेडकर की जयंती

जनसंदेश न्यूज


संगोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय सरोज की अध्यक्षता में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कादीपुर के विधायक राजेश गौतम उपस्थित रहे। उपस्थित मुख्य अतिथि राजेश गौतम एवं जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल और भाजपा नेताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पहले सुबह जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह एवं मण्डल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने अम्बेडकर तिराहा पर स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्य अतिथि ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि देश से छुआछूत खत्म करने और समाज को सशक्त बनाने में अहम किरदार निभाने वाले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे दलितों के मसीहा अम्बेडकर महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद व अर्थशास्त्री थे। कानून के महान विद्वान होने के चलते उन्हें देश का पहला कानून मंत्री बनाया गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की परिकल्पना भी उन्हीं की सोच का नतीजा था। आज का दिन बाबासाहेब के महान और प्रेरक विचारों का प्रचार प्रसार करने का दिन है। उन्होंने सक्रिय रूप से दलितों के साथ-साथ हमारे समाज के अधिकारहीन वर्ग के लिए भी कार्य किया और उनके अधिकारों के लिए लड़े। जिलाध्यक्ष मछलीशहर रामविलास पाल ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि दलित बौद्ध आंदोलन के पीछे अम्बेडकर भी एक प्रमुख शक्ति थे। इसके अलावा, वह व्यक्ति उस समय भारतीय समाज में मौजूद असंख्य असमानताओं का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध था। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष ने आये हुये अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं को स्वागत करते हुये अध्यक्षीय भाषण देते हुये उन्होंने कहा कि बीआर अंबेडकर को संविधान मसौदा समिति की अध्यक्षता करने का सौभाग्य मिला। वह निस्संदेह भारत के संविधान के निर्माता हैं। अम्बेडकर की प्रतिभा भी भारत के संविधान को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक बनाती है। संचालन पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने किया। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, जिला मंत्री प्रमोद यादव, प्रदेश मंत्री अनुसूचित जनजाति सरस गौंड़, पूर्व जिला मंत्री धर्मपाल कन्नौजिया, मछली शहर अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामसूरत सरोज, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, लोकसभा विस्तारक अम्बरीष धर द्विवेदी, विजय गौतम, दिग्विजय सिंह, अजय मिश्रा, विनोद सिंह अनुसूचित मोर्चा के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग

**शाहगंज।** अम्बेडकर जयंती पर नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित अम्बेडकर नगर मोहल्ले में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। उक्त आयोजन डा. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति द्वारा आयोजित हुआ। इस दौरान बैंड-बाजे के साथ हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं दर्जनों ट्रैक्टरों पर झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया जो नगर के जेसीज चौक, मुख्य मार्ग, डाकघर तिराहा, कोतवाली चौक, लोहा मंडी, रामलीला भवन चौक, एराकियाना चौक होते हुए पुनः उद्गम स्थल पर पहुंच समाप्त हुआ।

## बाबा साहब ने समाज के लिए काम किया : डा. कमलेश

**जौनपुर।** सोनकर समाज सेवा संगठन ट्रस्ट पालिटेक्निक चौराहा के सौजन्य से शुक्रवार को बाबा साहब अंबेडकर जन्मोत्सव एवं स्वजातीय भाईचारा सम्मेलन का आयोजन नगर के एक होटल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. कमलेश सोनकर थे। डा. सोनकर ने कहाकि बाबा साहब अंबेडकर ने समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. राजितराम सोनकर डा. संतोष सोनकर, डा. मनीष सोनकर, अशोक सोनक राष्ट्रपति पदक विजेता आदि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग इंजीनियर सुभाष चन्द सोनकर ने किया।

## डा. अम्बेडकर की मनायी गयी जयंती

**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र में निःशुल्क पहल पुस्तकालय बेलापार में शुक्रवार को भारत रत्न डा. भीमराव आम्बेडकर की 132वीं जयंती मनाई गयी। देश एवं संविधान निर्माण में अम्बेडकर की भूमिका पर प्रतियोगी छात्र एवं छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथी जयकिशुन यादव अध्यापक ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए छात्रों को प्रेरणा प्रदान किया। मन्दिर जाने वाले लोगों की लंबी कतारें जिस दिन पुस्तकालय की ओर बढ़ेगी उस दिन मेरे इस देश को महाशक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकता है।

## जयंती पर याद किये गये बाबा साहब अम्बेडकर

**सुजानगंज।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शुक्रवार को वित्तविहीन प्रबंधक संघ ब्लॉक अध्यक्ष मंगला प्रसाद गिरी के नेतृत्व में डाक्टर अम्बेडकर की जयंती पर संयुक्त संघ की सुबह संघ के पदाधिकारियों द्वारा शान्ति नगर बाजार के अम्बेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।

संक्षेप

## पिछड़े, कमजोर वर्गों के लिए लड़ते रहे अंबेडकर

**जौनपुर।** सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष धनीराम यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है। उनका जन्म 14 अप्रैल को हुआ था। बाबा साहेब की जयंती को पूरे देश में लोग उत्साह से मनाते हैं। भारत रत्न अम्बेडकर पूरा जीवन संघर्ष करते रहे। भेदभाव का सामना करते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। आजादी की लड़ाई में शामिल हुए और स्वतन्त्र भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में अतुल्य भूमिका निभाई। बाबा साहेब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके जीवन से जुड़े कुछ रोचक किस्से हैं, जो युवाओं के लिए प्रेरणा भी हैं। इस अवसर पर राम आसरे विश्वकर्मा, अशोक प्रधान, तारिक अली, अभय राज, सुभाष निषाद, संजय मोहन, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, पलटू राम नागर आदि उपस्थित रहे।

## युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत परिजन की डांट से छुब्ध युवक ने घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार हुआ। नगर के अलीगंज मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय अनश पुत्र मैनुद्दीन ने शुक्रवार की सुबह परिजन की डांट से छुब्ध होकर घर में रखा विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जब युवक की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## दो के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत मैना तिराहा बोड़ेपुर के पास गुरुवार की शाम अमर बहादुर सरोज पुत्र तीर्थराज सरोज निवासी सरायबीका थाना पवांरा व अमित सरोज पुत्र देवराज सरोज निवासी नरसिंहपुर थाना पवांरा खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे कि तभी नशे में धुत संदीप पटेल, मनोज पटेल निवासीगण बीरबलपुर सोंगरा थाना पवांरा आकर दोनों को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने लगे। मना करने पर लात-घूंसों व लाठी-डण्डों से मार पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस पीड़ित अमर बहादुर सरोज की तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

## कुश्ती हमारी विलुप्त होती खेल संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक : डॉ. प्रदीप

**जौनपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न, महान विधिवेत्ता, समाज सुधारक, समतावादी डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर विकासखंड सिरकोनी के ग्राम पंचायत कुद्दूपुर के खेल मैदान में विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माला फूल अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पहलवान महादेव सिंह परियांवा तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजकुमार यादव को सम्मानित करते हुए दंगल प्रतियोगिता की शुरुआत हुयी। कुश्ती प्रतियोगिता में जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश तथा नेपाल से आये नामी पुरुष एवं महिला पहलवानों ने कुश्ती कला के विभिन्न दांव पेंच दिखाते हुए अपने विशिष्ट कला कौशल से उपस्थित जनता का मनोरंजन करते हुए सबका मन मोह लिया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर के अध्यक्ष तथा ग्राम पंचायत के सचिव डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि कुश्ती शारीरिक दमखम का प्रदर्शन ही नहीं बल्कि खेलकूद की हमारी विलुप्त होती ग्रामीण सभ्यता एवं संस्कृति का अभिन्न अंग भी है जिसे जीवित रखने हेतु ऐसी प्रतियोगितायें सदैव होती रहनी चाहिए। कार्यक्रम में बिरहा गायक प्रेम प्रकाश यादव प्रमोद द्वारा अपनी मंडली के साथ बिरहा गायन किया गया तथा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए घुड़सवारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम के आयोजक मंडल मे अशोक कुमार ग्राम प्रधान, हरिलाल यादव पहलवान, लालजी यादव एवं सूरज पहलवान मुख्य रूप से रहे। कार्यक्रम में राजधारी यादव, सुभाष यादव अर्पित सिंह गोलू, राजेश पांडेय, कैलाश नाथ यादव, गजराज यादव, लाला पाल, नंदलाल यादव, रामलाल पाल आदि प्रतिष्ठित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी हेतु पुलिस प्रशासन विशेष रूप से सतर्क रहा।

# दिल्ली से कोलकाता पैदल वापस लौट रहे दम्पति का हुआ भव्य स्वागत

जनसंदेश न्यूज


गोपीगंज नगर के पड़ाव पर पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर निवासी दम्पत्ति का स्वागत करते लोग

**गोपीगंज।** नगर के पड़ाव पर पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर निवासी दम्पत्ति का भव्य स्वागत किया गया। दम्पति महामहिम राष्ट्रपति से मिलने के बाद नई दिल्ली से कोलकाता वापस जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर जनपद निवासी सुबो चक्रवर्ती और उनकी पत्नी बीते 25 जनवरी से पैदल यात्रा करते हुए 18 मार्च 2023 को करीब 1500 किमी दूरी तय करके नई दिल्ली पहुंचे और दस अप्रैल को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से अपने 38वें जन्मदिन के मौके पर मुलाकात भी की। दम्पत्ति गंगा नदी को स्वच्छ बनाने, पर्यावरण को संरक्षित करने की मुहिम को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए पैदल यात्रा की। और राष्ट्रपति से मिलकर अपना संदेश दिया। सुभो चक्रवर्ती ई रिक्शा चलाते हैं। दम्पत्ति जब नई दिल्ली जा रहे थे तब भी भदोही के गोपीगंज में स्वागत किया गया था और जब राष्ट्रपति से मुलाकात करके वापस अपने घर लौट रहे थे तब भी स्वागत किया गया। सुभो चक्रवर्ती ने पदयात्रा के दौरान तमाम लोगों के सहयोग का आभार जताया तथा लोगों को नदी, तालाब, वन, पेड़ समेत तमाम प्राकृतिक चीजों के संरक्षण करने की मांग की। गोपीगंज में चक्रवर्ती दम्पत्ति का स्वागत करने वालों में समाजसेवी विष्णु कांत पाण्डेय उर्फ राजू, शिव विजय पाठक, सिंटू शुक्ला, संतोष कुमार तिवारी, अंकित पाण्डेय, अंकित पाठक, शिवम सेठ, महेश मौर्या, सर्वोदय पाण्डेय, योगेश तिवारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अध्यक्ष के लिए 53, सदस्य के लिए 130 ने खरीदे पर्चे

चुनाव

### 74 प्रत्याशियों ने जमा किया नामांकन पत्र

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के चौथे दिन शुक्रवार को जौनपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए 26 अभ्यर्थियों द्वारा 53 सेट में, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 0 अभ्यर्थियों द्वारा 0 सेट में, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 सेट में, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 1 अभ्यर्थियों द्वारा 1 सेट में, नगर पंचायत कचगांव में 1 अभ्यार्थी द्वारा 2 सेट में, नगर पंचायत जफराबाद में 0 अभ्यर्थियों द्वारा 0 सेट में, नगर पंचायत खेतासराय में 0 अभ्यर्थियों द्वारा 0 सेट में, नगर पंचायत मछलीशहर में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 सेट में, नगर पंचायत मड़ियाहूँ में 0 अभ्यर्थियों द्वारा 0 सेट में, नगर पंचायत रामपुर में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 4 सेट में, नगर पंचायत बदलापुर में 15 अभ्यर्थियों द्वारा 20 सेट में, नगर पंचायत केराकत में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया। इसी क्रम में जौनपुर नगर पालिका परिषद में सदस्य के लिए 31 अभ्यर्थियों द्वारा 36 सेट में, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 33 अभ्यर्थियों द्वारा 59 सेट में, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर 6 अभ्यर्थियों द्वारा 13 सेट में, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 10 अभ्यर्थियों द्वारा 12 सेट में, नगर पंचायत कचगांव में 5 अभ्यर्थियों द्वारा 5 सेट में, नगर पंचायत जफराबाद में 5 अभ्यर्थियों द्वारा 9 सेट में, नगर पंचायत खेतासराय में 9 अभ्यर्थियों द्वारा 9 सेट में, नगर पंचायत मछलीशहर में 7 अभ्यर्थियों द्वारा 9 सेट में, नगर पंचायत मड़ियाहूँ में 4 अभ्यर्थियों द्वारा 8 सेट में, नगर पंचायत रामपुर में 8 अभ्यर्थियों द्वारा 11 सेट में, नगर पंचायत बदलापुर में 10 अभ्यर्थियों द्वारा 10 सेट में, नगर पंचायत केराकत में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 53 अभ्यर्थियों द्वारा 87 सेट में एवं सदस्य पद के लिए 130 अभ्यर्थियों द्वारा 183 सेट में नामांकन पत्र क्रय किया गया। नगर पंचायत कचगांव में अध्यक्ष पद के लिए 2, रामपुर में 1 एवं बदलापुर में 2 कुल 5 नामांकन पत्र भरे गए। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद जौनपुर में सदस्य के लिए 15, नगर पालिका परिषद शाहगंज के लिए 6, नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर में 3, नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में 6, नगर पंचायत कचगांव में 13, नगर पंचायत जफराबाद में 3, नगर पंचायत मड़ियाहूं में 2, नगर पंचायत रामपुर में 7 एवं नगर पंचायत बदलापुर में 19 कुल 74 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई संविधान निर्माता की जयंती


पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों को संविधान निमार्ता के आदर्शों, विचारों से अवगत कराते एडिशनल एसपी

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** जिलेभर में शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विभिन्न संगठनों की ओर से अलग-अलग आयोजित कार्यक्रमों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया गया।

ज्ञानपुर तहसील परिसर में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं कर्मचारियों अधिकारियों को उप जिलाधिकारी आकाश कुमार ने संकल्प दिलाया। तहसील परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एंव उपजिलाधिकारी ने कर्मचारियों को संकल्प दिलाया। ₹हम भारत के लोग भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिए संकल्प होकर आप आत्मपिर्त करते हैं। ₹इस मौके पर तहसीलदार , नायब तहसीलदार सहित तहसील के कर्मचारी मौजूद रहे।

अंबेडकर जयंती के अवसर पर राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय प्रांगण में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। एडिशनल एसपी ने पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों को उनके आदर्शों, विचारों से अवगत कराते हुए संकल्प दिलाया। जिला मुख्यालय के अलावा ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में धूमधाम से संविधान निमार्ता की जयंती मनाई गई कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए वह कई स्थानों पर शोभायात्रा निकालकर बाबा साहब द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

## जुमे की नमाज व अंबेडकर जयंती पर सुरक्षा के रहें व्यापक प्रबन्ध

**ज्ञानपुर।** जुमे की नमाज व अंबेडकर जयंती पर्व के दौरान निकलने वाले जुलूसों को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत डीएम गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार के संयुक्त निर्देशन में थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी मस्जिदों तथा जुलूसों के साथ व मार्गों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस पीएसी बल की ड्यूटी लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे।

समस्त पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वातालार्प कर उन्हें भली-भांति अवगत कराया गया कि जुलूसों में प्रतिबन्धित हथियारों का प्रदर्शन न किया जाए एवं कोई भी झण्डा पब्लिक प्रॉपर्टी, विद्युत पोल पर नही लगाएं जाएंगे। साथ ही सभी से शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील भी की जा रही है। सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी गयी।

## डॉ. अम्बेडकर की मनायी गयी 132वीं जयंती

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर विकासखंड में शुक्रवार को डॉक्टर अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने डाक्टर अम्बेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब महिलाओं के उद्धारक, सभी को शिक्षा का अधिकार दिलाने वाले, भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के निर्माता, पीड़ित मानवता के मसीहा, विश्व का ज्ञानदीप, सिंबल ऑफ नॉलेज, फादर ऑफ जस्टिस थे। उन्होंने संविधान में विशेष रूप से आर्टिकल 17 और आर्टिकल 14 जोड़ा जो प्रत्येक नागरिक को समता और बराबरी का कानूनी अधिकार प्रदान करता है। उक्त अवसर पर एडीओ पंचायत लालजी राम, उमेश सोनकर, स्वतंत्र कुमार, विमलेश, बरकत अली, दिनेश कुमार, राजेंद्र शर्मा ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

**गौराबादशाहपुर।** क्षेत्र के नयनसंड स्थित सुप्रभात चिल्ड्रेंस एकेडमी में शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर मेधावी बच्चों को अवार्ड देकर पुरस्कृत किया गया। अवार्ड पाकर बच्चे खुश हुए। क्लास में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर स्कूल के सह संस्थापक इंजीनियर सुभाष पाल, प्रबंधक रोहित प्रताप पाल, प्रिंसिपल साइमन क्रिस्टोफर मिंज, अबू तालिब, अखिलेश यादव, विकास पाल, एकता यादव, अभिनव यादव, शशांक श्रीवास्तव, शिखा साहू, मायरा इरम, प्रियंका पाल, जर्रार अली, स्मिता वर्मा, फरहत सबा, श्वेतांक दुबे, सुमित पाल, प्रेम प्रकाश उपाध्याय, इरशाद अहमद, मंजिल सिंह, अर्चना पाल, संगीता राजभर मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अब हर माह के एक और सोलह को भी

**ज्ञानपुर।** जनपद में अधिक से अधिक महिला व शिशु को लाभान्वित करने के उद्देश्य से चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का विस्तार किया गया है। हर माह के नौ और चौबीस तारीख को चलने वाला यह अभियान अब एक और सोलह तारीख को भी चलेगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोली श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि अभी तक अभियान के दौरान 1300 महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा जाता रहा है लेकिन एक दिवस में 700 से 1800 महिलाओं को ही लाभान्वित हो पाती थीं। महीने में चार बार आयोजन होने से अब अधिकाधिक महिलाएं लाभान्वित हो सकेंगी। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक ने पत्र जारी करके निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं के चिन्हाकंन करने के साथ ही साथ महिलाओं को जांच और इलाज में प्राथमिकता देने के साथ ही उनके उपचार के लिए विशेष व्यवस्था भी करने का काम करेगी। इसके पूर्व में पीएमएसएमए दिवस हर महीने की 9 और 24 तारीख को मनाया जाता रहा है। अब इस अभियान को विस्तार किया गया और 1 और 16 तारीख को भी आयोजन करने का फैसला लिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## विलम्ब शुल्क जमा कर छूटी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं छात्र

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही के बीए और बीएससी के छात्र-छात्राओं की गत वर्ष में जिन विद्यार्थियों की मौखिक प्रायोगिक परीक्षा छूट गई है ऐसे छात्र महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में निर्धारित 2000 रुपए शुल्क जमा कर काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में संबंधित विभागों से संपर्क कर प्रायोगिक एवम मौखिक परीक्षा संपन्न करवा सकते हैं। विश्वविद्यालय जिन विद्यार्थियों की प्रायोगिक या मौखिक परीक्षा छूट गई है को पुनः एक बार प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर मिल रहा है।

# सपाइयों ने मनायी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

श्रद्धा सुमन अर्पित

### बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर किया नमन

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** भारतीय संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. बाबा साहब बाबा भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामला सरोज ने कहा कि देश के सभी लोगो के साथ अति पिछड़ा वर्ग को भी सम्मान सहित कानून बना कर उनके मौलिक अधिकार से लोगो के जीवन को सभ्य सरल भाई चारे के साथ जीने के लिए रास्ता बनाया। कहा कि बाबा साहब हमारे संविधान के ऐसे पुरोधा और रचयिता हैं जिनके बताए गए रास्ते पर आज हम सभी चल रहे हैं।

इस दौरान विधायक जाहिद बेग ने भदोही के महजूदा, सुरियावा, नई बाजार, कस्तूरीपुर आदि गांव में डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती में शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबासाहेब इस देश के गरीब मजदूर वंचित पिछड़ों के अधिकार को संविधान में एक अलग पहचान दी है। उनके साथ विजय सोनकर, संतोष यादव, सरिता बिंद, मिलू यादव, राजकुमार, संत लाल यादव, सर्वेश यादव सहित लोग थे। इसी तरह औराई विधानसभा के माधोसिंह, औराई, सरौली, खेमीपुर व मर्चवार में जिला महासचिव ह्रदयनारायण प्रजापति सपानेत्री अंजनी सरोज ने बाबा साहेब की जयंती मनाई। केशनारायण यादव, रामयज्ञ पाल, गुलाब यादव, जयप्रकाश, इजहार अंसारी, इसी तरह ज्ञानपुर विस के कौलापुर में विस अध्यक्ष लालचंद बिंद, महेश यादव, कमलेश यादव, ज्ञानपुर मुखर्जी पार्क में कल्लन यादव, महेंद्र यादव, शकील दादा आदि रहे।

## बीएसए के निर्देश पर चलाया गया नामांकन अभियान


प्राथमिक विद्यालय ठकुरा के आस पास के बच्चों का नामांकन करते अध्यापक

**भदोही।** डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर नामांकन का महाअभियान चलाया गया। जिसमे सभी टीचर्स,एआरपी और अधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण करके अभिभावकों को विद्यालय में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। स्वयं बीएसए ने अभियान के तहत ग्राम सभा चैतनीपुर विद्यालय में बीस बच्चों का नामांकन किया। एनपीआरसी बारीपुर में कई क्षेत्र में खंड शिक्षा अधिकारी डीघ द्वारा घर-घर जाकर नामांकन अभियान चलाया गया। इसी क्रम में कंपोजिट स्कूल बारीपुर के समस्त स्टाफ ने भी साथ में भ्रमण कर नामांकन किया। गौरतलब है कि संविधान निमार्ता डॉ. अम्बेडकर के शिक्षा के लिए योगदान और प्रयासों को याद करते हुए बेसिक शिक्षा भदोही ने उनके जन्मदिवस को विशेष रूप से मनाने का निश्चय किया था। इसी कड़ी में नगर क्षेत्र भदोही के भी विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने रैली निकाल कर अभिभावकों से अपील किया कि वे अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालयों में कराएं। नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ठकुरा के बच्चों ने अध्यापकों के साथ रैली निकाल कर विद्यालय के आस पास के क्षेत्रों में अभिभवाकों से संपर्क कर सभी बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अलका गुप्ता, शाहनवाज खान, शबीना बानो, किरन बानो, वंदना मौर्या, अंजू देवी, शीला देवी, दुर्गावती देवी आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुल्लीडाड विकास खण्ड चतरा जनपद सोनभद्र**

पत्रांकः मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांकः 14.04.2023

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में चतुर्थ राज्य वित्त/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिये निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों के लिये अल्पकालीन निविदा निम्न प्रतिबंधों/शर्तों के अधीन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता/सामग्री के आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 16.04.2023 से दिनांक 24.04.2023 से सायं 05.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में प्रस्तुत कर/निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। जो दिनांक 25.04.2023 को सायं 03.00 बजे क्रय समिति/निर्माण कार्य समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत गुल्लीडाड कार्यालय पर दिनांक 16.04.2023 से दिनांक 24.04.2023 को 04.00 बजे तक 500 रुपये जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नवत हैः-

**क्र. सं. सामग्री का विवरण मात्रा दर -**

1. ईंट प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. इण्टरलाकिंग ईंट प्रति हजार, 3. बालू/ मोरंग/ बालू सफेद/ महीन बालू प्रति मी0, 4. ईंट गिट्टी 25 एम.एम./40 एम.एम. प्रति मी0, 5. एस्बेस्टेस सीट/ पैन सीट, दरवाजा, टाईल्स व प्लास्टिक सीट इत्यादि प्रति नग, 6. स्टोन ब्लास्ट प्रति मी0, 7. NP3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450, 500, 600, 1000 एम. एम. प्रति नग, 8. सोलर लाईट पैनल/स्ट्रीट लाईट प्रति नग, 9. सीमेन्ट पोण्टलैण्ड व ह्वाईट सीमेन्ट प्रति नग, 10. चौखट प्रति नग, 11. जी.आई. पाईप बी.आई. साकेट प्रति नग, 12. पी.वी.सी. पाईप साकेट 110, 140, 150 एम.एम. प्रति नग, 13. ग्राम पंचायत में खेल मैदान हेतु आवश्यक सामग्री प्रति नग, 14. हैण्ड पम्प सेट इण्डिया मार्का-2 प्रति नग, 15. चुना, ब्लीचिंग पाउडर, पेन्ट डिस्टेम्पर, आईपो क्लोराईट प्रति किग्रा./ली., 16. साईन बोर्ड प्रति नग, 17. ब्रेन्च का क्रय/मेज निर्माण प्रति नग, 18. आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री प्रति नग, 19. सोलर वॉटर पम्प प्रति नग, 20. खण्डा प्रति मी., 21 सरिया प्रति कुन्तल, 22. स्टोन बोल्डर प्रति मी., 23. स्टोन पटिया प्रति नग, 24. ग्राम पंचायत में रिबोर प्रति नग, 25. ग्राम पंचायत में टैंकर का क्रय प्रति नग, 26. ग्राम पंचायत में फागिंग मशीन/सेनिटाईजेशन प्रति नग, 27. स्वच्छता सम्बन्धित सामग्री प्रति नग, 28. सामुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यक सामग्री प्रति नग, 29. स्टेशनरी की सामग्री प्रति नग, 30. कुलर प्रति नग, 31. कुर्सी, मेज, दरी प्रति नग, 32. एल.ई.डी. बल्व प्रति नग, 33. बाल्टी, मग, गिलास, प्लेस, ट्रे प्रति नग, 34. पंचायत भवन हेतु कम्प्यूटर प्रिन्टर, यू.पी.एस. प्रति नग, 35. अन्य आवश्यक सामग्री आवश्यकतानुसारः-

**निविदा की प्रतिबन्ध/शर्तें** -1. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है तथा आयकर भी जमा होना चाहिए। निविदा प्रपत्र के साथ में समस्त दस्तावेज यथा जी.एस.टी. , पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कम से कम तीन वर्ष का आई.टी.आर. की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 2. आपूर्ति दरें पी.डब्लू.डी. की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 3. स्वीकृत आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत पर परिधि में कार्यस्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। 4. आपूर्तिकर्ता को 50000.00 की प्रतिभूति एन.सी.सी./एफ.डी. की मूल रूप में ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक कर जमा किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आपूर्ति आदेश निर्गत नहीं किया जायेगा। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एन.पी. के पश्चात शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्तिकर्ता को सूचित किया जायेगा। 7. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर ही की जायेगी। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रूप से होगा।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गुल्लीडाड**
**वि. ख. चतरा, जनपद सोनभद्र**

# पं. हरि प्रसाद की बांसुरी ने श्रोताओं को किया सम्मोहित

## दर्शक दीर्घा में श्रोताओं के बीच बजती रहीं तालियां

**पांचवीं निशा**

**राजेन्द्र गंगानी ने कथक नृत्य करके छोड़ी अपनी छाप**

**वेंकटेश कुमार का हुआ गायन**


बांसुरी वादन करते पं. हरि प्रसाद चौरसिया

**वाराणसी।** संकटमोचन मंदिर का मुक्त प्रांगण, मुक्ता काशी मंच, मुक्त श्रोतागण, मुक्त रूप से कला साधकों की हाजिरी, शायद ही विश्व का कोई सांगीतिक मंच ऐसा हो जहां हाजिरी लगाने वाले कला साधक, संगीत रसिक जनों का एक ही वक्तव्य होता है धन्य हो गये हम लोग। सही मायने में यह एक अद्भुत है, जब रात्रिव्यापी संगीत समारोह को कलाकार से लेकर श्रोता सुनते नहीं बल्कि जीते हैं। शुक्रवार को संकटमोचन संगीत समारोह की पांचवीं निशा की शुरूआती क्षणों को देख कर ऐसा लगा कि यह समारोह नहीं बल्कि एक महायज्ञ है। जहां कलासाधकों के स्वर मंत्रों के हर अध्याय में वाह-आह की आहूति दी जाती है। पांचवीं निशा में दिग्गज कलाकारों की उपस्थिति ने सभी को रससिक्त कर दिया। पांचवीं निशा की शुरूआत प्रख्यात कलाकार मुंबई से आये पं. हरि प्रसाद चौरसिया के बांसुरी वादन से हुआ। उन्होंने बांसुरी वादन की शुरूआत शास्त्रीय संगीत में राग मारू विहाग से किया। इसके बाद बांसुरी पर कई धुनों को प्रस्तुत कर सभी को सम्मोहित कर दिया। उनके सात बांसुरी पर विवेक सोनार (मुंबई) व सुश्री वैष्णवी (बांसुरी) अरविंद कुमार आजाद (तबला-पुणे) पर जोरदार संगत कर कार्यक्रम में और भी चार चांद लगा दिया। पं. हरि प्रसाद चौरसिया के बांसुरी वादन पर श्रोता तालियां बजाते रहे। श्रोताओं ने उनका स्वागत हर-हर-महादेव के भारी उद्घोष से किया। तत्पश्चात दिल्ली से आये पं. राजेन्द्र गंगानी का कथक नृत्य हुआ। उन्होंने पारम्परिक कथक नृत्य की कई विधाओं को प्रस्तुत कर वहां मौजूद दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उनके साथ संजू सहाय (तबला-लंदन) फतेह सिंह गंगानी (पखावज-दिल्ली) शमीउल्लाह खान (गायन- दिल्ली) ध्रुवनाथ मिश्र (सितार- वाराणसी), अतुल शंकर (बांसुरी-वाराणसी) ने जोरदार संगत कर खूब वाहवाही लूटी। तत्पश्चात धारवाड़ से आये पं. वेंकटेश कुमार का गायन हुआ। उन्होंने गायकी पेश कर सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ केशव जोशी (तबला-धारवाड़) व मोहित साहनी (संवादिनी-वाराणसी) पर संगत कर रहे थे। कलाकारों का स्वागत संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने किया।

### जी-20 के प्रतिनिधियों को भेंट करेंगे गमछा व रुद्राक्ष

वाराणसी। काशी फाउण्डेशन की ओर से जी-20 के मद्देनजर जन जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत तीर्थ पुरोहितों, नाविकों के अलावा सीनियर सिटीजन व मंदिरों के महंतों के यहां जाकर उनको इस कार्यक्रम में विश्व के कोने-कोने से आने वाले अतिथियों को स्वच्छता अतिथि देवो भव के साथ स्वागत करने का अनुरोध किया जा रहा है। संस्था के संयोजक अभिषेक शर्मा ने बताया कि अतिथियों का स्वागत बनारसी गमछा और रूद्राक्ष की माला भेंट कर किया जायेगा। कहा कि काशी में जी-20 का एक ऐसा सम्मेलन होने जा रहा है जो काशी के पर्यटन के क्षेत्र में एक आर्थिक क्रांति के मार्ग को प्रशस्त करेगा। वह काशीवासी जो अतिथि देवो भव के लिए जो हमेशा जागरुक करने का कार्य कर रहे हैं ऐसे लोगों को जागरुक कर इससे जोड़ा जा रहा है।

# हनुमत दरबार में बही गायन-वादन और नृत्य की त्रिवेणी


पं. अजय पोहनकर (गायन)


रोनू मजुमदार (बांसुरी)


चक्रपाणि सिंह (गिटार)


शाकिर खान (सितार)

जनसंदेश न्यूज

**संगीत सरिता**

**शाकिर खान का सितार, रोनू की बांसुरी,अजय पोहनकर के गायन पर सभी रहे फिदा**

**संकट मोचन शताब्दी वर्ष संगीत समारोह की चौथी निशा**

**वाराणसी।** सप्त दिवसीय संगीत समारोह की चौथी निशा में न्यूयार्क से पधारे ठाकुर चक्रपाणि सिंह का कच्छपी वीणा वादन ने सभी को भावविभोर किया। उन्होंने राग किरवानी में आलाप, जोड़, झाला के पश्चात तीन ताल में विलम्बित व द्रुत गतकारी अपने वादन को विराम दिया। उनके साथ पं. समर साहा (तबला) पर संगत किया। गायन के क्रम में मुंबई से आये पं. अजय पोहनकर ने गायन से श्रोताओं को रससिक्त किया। उन्होंने राग दरबारी कन्हाड़ा में सर्वप्रथम एक ताल व तीन ताल में बंदिशें के पश्चात भजन, ठुमरी से विराम दिया। उनके साथ यशवंत वैष्णव (तबला) व पारोमिता मुखर्जी (संवादिनी) ने संगत की। तत्पश्चात उस्ताद शाहिद परवेज के शिष्य पुत्र शाकिर खां ने सितार वादन से श्रोताओं को आनंदित किया। उन्होंने राग मालकौंस में तीन ताल में गतकारी कर विराम दिया। तत्पश्चात प्रख्यात बांसुरी वादक पं. रोनू मजुमदार ने ऐसी बांसुरी की तान छेड़ी कि श्रोता सुध-बुध खो गये। उनके साथ तबला वादक पं. संजू सहाय ने लाजवाब संगत किया। उन्होंने राग बिहाग में आलापचारी के पश्चात पहले धमार फिर तीन ताल में गतकारी कर वादन के प्रथम अध्याय को विराम दिया। फरमाश पर कजरी और अंत में एक भजन से अपने वादन को पूर्ण विराम दिया। पं. रोनू मजुमदार के साथ उनके शिष्य पुत्र ऋषिकेश मजुमदार ने बांसुरी पर साथ देकर उज्ज्वल भविष्य की आस जगायी। सातवीं प्रस्तुति में पं. जसराज के शिष्य पं. नीरज पारिख ने अपने पत्नी के साथ गायन प्रस्तुत किया। चौथी निशा की अंतिम प्रस्तुति में कोलकाता के शुद्धशील चटर्जी ने संतूर वादन किया । इन्होंने राग विलासखानी तोड़ी में आलापचारी के पश्चात तीन ताल में गतकारी किया।

### संकटमोचन संगीत समारोह में आज

संकटमोचन संगीत समारोह की छठीं निशा में 15 अप्रैल शनिवार को कई कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। इसमें रूपवाणी संस्था की ओर से व्योमेश शुक्ल निर्देशित राम की शक्ति पूजा नृत्य नाटिका होगी। इसके बाद प्रख्यात कलाकार डा. एन.राजम व संगीता शंकर का वायलिन वादन होगा। तत्पश्चात श्रीमती मालिनी अवस्थी का गायन, उस्ताद शाहिद परवेज खान का सितार वादन, पं. संतूर व्यास का संतूर वादन, कलापिनी कोमकली का गायन व डा. यल्ला वेंकटेश्वर राव हैदराबाद का मृदंगम सोलो होगा।

# हड़ताली 17 सेवानिवृत्त विद्युत कार्मिकों की पेंशन पर रोक

**मचा हड़कंप**

**उच्च न्यायालय के निर्देश पर यूपीपीसीएल के एमडी ने उठाया कदम**

**सभी पेंशनर किसी न किसी विद्युत संगठनों के हैं पदाधिकारी**

**वाराणसी।** पिछले माह विद्युत कर्मियों के हड़ताल से छिन्न-भिन्न हुई विद्युत व्यवस्था से आम जनता को हुए कष्ट को संज्ञान में लेते हुए उच्च न्यायालय प्रयागराज ने इसमें शामिल सेवानिवृत्त कार्मिकों के एक माह का पेंशन रोकने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर यूपीपीसीएल के एमडी पंकज कुमार ने इस बाबत पत्र जारी कर दिया है। इससे पेंशनरों में हड़कंप मच गया है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर जिन 17 सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन धनराशि को रोके जाने का निर्णय लिया गया है। उसमें शैलेंद्र दुबे, गिरीश पांडे, सदरूद्दीन राणा, राजेंद्र घिल्डियाल, सुहैल आबिद, महेंद्र राय, पीके दीक्षित, छोटेलाल दीक्षित, राम चरण सिंह, पवन श्रीवास्तव, माया शंकर तिवारी, विश्वंभर सिंह, राम सहारे वर्मा, शंभू रतन दीक्षित, पीएस बाजपेई, रफीक अहमद व आरके सिंह शामिल है। ये सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी किसी न किसी संगठन के प्रमुख पदाधिकारी हैं। उच्च न्यायालय का निर्देश मिलते ही उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने कोषागार विभाग के निदेशक पत्र भेज कर 17 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पेंशन रोकने का अनुरोध किया है।

### हड़ताल में शामिल पेंशनरों की पेंशन रोकने से रोष

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर संगठन ने आरोप लगाया है कि पिछले दिनों आयोजित 72 घंटे की हड़ताल में शामिल सेवानिवृत्त 17 कर्मचारियों का पेंशन रोक दिया गया है। इससे पेंशनरों में काफी रोष है। संगठन के पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय का कहना है कि ऊर्जा प्रबंधन का पेंशन रोकने का निर्देश उनकी तानाशाही और हिटलरशाही मानसिकता तथा उच्च न्यायालय के निर्देश की आड़ में पेंशनरों के उत्पीड़न को दर्शाता है। उन्होंने उच्च न्यायालय का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है कि विद्युत कर्मियों ने मांगों को पूरा करवाने के लिए धरना-प्रदर्शन का सहारा लिए थे। इसमें किसी भी तरीके से उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन नहीं करना था। ऐसे में उच्च न्यायालय से अपील की जाती है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए पेंशनरों और कार्यरत कर्मचारियों का किये जा रहे उत्पीड़न व शोषण को रोकने की कृपा करें।

# कर्मचारियों की चरित्र पंजिका समय से उपलब्ध न कराने पर आयुक्त खफा

**राज्य कर विभाग**

**समयावधि में मुख्यालय न भेजना जोनल कार्यालयों की लापरवाही का द्योतक : अपर आयुक्त**

**वाराणसी।** राज्य कर विभाग के आयुक्त इस बात से बेहद खफा है कि जोनल कार्यालयों से कर्मचारियों की चरित्र पंजिकाएं समय से मुख्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी। आयुक्त के निर्देश पर मुख्यालय पर तैनात अपर आयुक्त (प्रशासन) ओपी वर्मा ने समस्त जोन कार्यालयों के संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) को भेजे गये पत्र में कहा है कि समयावधि में चरित्र पंजिकाएं मुख्यालय न भेजन जोनल कार्यालयों की लापरवाही को दर्शाता है। अपर आयुक्त (प्रशासन) ओपी वर्मा ने बीते दिनों समस्त संयुक्त आयुक्त को भेजे गये पत्र के माध्यम से कहा है कि कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति के लिए 30 जून 2017 तक नियुक्त समस्त कर्मचारियों की मूल चरित्र पंजिकाएं मांगी गयी थी, लेकिन समय पर मुख्यालय पर उपलब्ध नहीं करायी गयी। यह इस बात को दर्शाता है कि मुख्यालय के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। यह स्थिति कदापि उचित नहीं कही जा सकती है। चयन वर्ष 2022-23 की उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति के लिए चयन की कार्यवाही चयन समिति के माध्यम से करायी जानी है। अपर आयुक्त (प्रशासन) ओपी वर्मा ने समस्त संयुक्त आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य कर एवं पूर्व मनोरंजन कर विभाग में एक जुलाई 2017 तक नियुक्त समस्त कनिष्ठ सहायकों के संबंधित में मांगी गयी सूचनाओं के साथ चरित्र पंजिका 20 अप्रैल तक मुख्यालय भेजना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित कर लें कि संबंधित कर्मचारियों की चरित्र पंजिकाओं में चस्पा वार्षिक प्रविष्टियां मूल रूप से स्वीकर्ता अधिकारी से सत्यापित हो। यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्यवाही की गयी हो तो उसकी प्रतियां सक्षम अधिकारी के स्तर से प्रतिहस्ताक्षरित/स्वीकृत हो। इसमें बरती गयी लापरवाही के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# गर्म मौसम में गरमाया कूल-कूल का बाजार

**मार्केट वॉच**

**फ्रिज, कूलर, एसी आदि उपकरणों की बिक्री में आया उछाल**

**सभी उपकरणों की कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा**



**वाराणसी।** मौसम में अभी से तपिश का भरपूर एहसास होने लगा है। जबकि अभी गर्मी की चरमसीमा बाकी है। बावजूद इसके तपिश भरे इस मौसम में शीतलता प्रदान करने वाले उपकरण बाजार का माहौल गरमा गया है। इसके चलते फ्रिज, कूलर, एसी समेत अन्य उपकरणों की बिक्री में तेज उछाल है। कुछ प्रतिष्ठान संचालक तो ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए लकी कूपन एवं एक्सचेंज ऑफर भी दे रहे हैं।कूल-कूल बाजार में रेफ्रीजरेटर, ब्रांडेड एवं अनब्रांडेड कूलर, एयर कंडीनशर, वॉटर कूलर एवं डी-फ्रिजर की डिमांड बढ़ गयी है। बात फ्रिज की करें तो अभी भी सिंगल डोर वाले फ्रिज उपभोक्ताओं की पसंद में शुमार है। लेकिन युवा पीढ़ी डबल डोर वाले फ्रिज की तरफ अधिक आकर्षित है। कारोबारियों का कहना है कि पैक फूड के बढ़ते प्रचलन के कारण डबल डोर वाले फ्रिज की बिक्री तेजी से बढ़ी है। एसी की बात होती है तो विंडो की जगह स्प्लिट ने तेजी से घुसपैठ बनायी है। वजह, विंडो एसी हटाकर चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लोगों में स्प्लिट एसी की चाहत बढ़ी है।

लोग अब सुरक्षा की दृष्टि से भी स्प्लिट को पसंद करने लगे हैं। इसके अलावा कूलिंग अच्छी होने और कीमत में मामूली अंतर होने के कारण भी लोगों का रुझान अब स्प्लिट एसी की तरफ तेजी से बढ़ा है। कूलर के लिए लोग अनब्रांडेड की जगह फाइवर वाले ब्रांडेड की डिमांड कर रहे हैं। दिखने में सुंदर और टिकाऊपन के चलते ऐसे कूलरों की बिक्री में खासा इजाफा हुआ है। आइसक्रीम एवं शीतल पेय पदार्थ का सीजन होने से डी-फ्रिजर की डिमांड भी अच्छी निकल रही है। स्कूल, कालेज समेत अन्य प्रकार के प्रतिष्ठान संचालकों के बीच वॉटर कूलर की मांग बढ़ी है। विक्रेताओं का कहना है कि तीखी धूप होने से बिक्री में काफी इजाफा हुआ है।

# पारा 41 डिग्री पहुंचा लू के थपेड़े शुरू

**मौसम**

**लोग घरों में सिमटने लगे, छाया सन्नाटा**

**वाराणसी।** पिछले कुछ दिन से तापमान ने बनारस में अपना रुख तेजी से बदला है। अप्रैल के पहले हफ्ते में जहां लग रहा था कि शायद अभी हीट वेव कुछ नरमी दिखाएगी। लेकिन पिछले सात दिन में ही रुख बदल गया है और शुक्रवार को तो टेंपरेचर ने 41 डिग्री सेल्सियस का स्पर्श कर लिया। जो लोग मकान के निचले हिस्से में रहने के चलते तापमान को महसूस करने से बच जा रहे थे, अब हीट की चपेट में आ गए हैं। अब सुबह ही आसमान की रंगत बदलने लगी है। मार्निंग वॉक करने वाले अब आठ बजे से पहले ही घरों में लौट जा रहे हैं। अब वाकर्स उस तादाद में देर तक सड़कों पर नजर नहीं आ रहे हैं। पछुआ हवा ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। पूरे भारत में तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वैसे जानकारों का कहना है कि एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अफगानिस्तान के रास्ते आ रहा है जिसके चलते पाकिस्तान, कश्मीर और पंजाब के इलाकों में बारिश और बर्फ गिरने के आसार हैं।






रामतारक आंध्रा आश्रम के प्रांगण में बना राम नाम बैंक रूपी गुबंद

# पूर्वजों के तर्पण के साथ ही बैंक में जमा करेंगे राम-नाम

**आन्ध्रा आश्रम में वर्ष 1959 में बने बैंक में जमा कर देते हैं रामनाम**

**गुबंद रूपी इस राम नाम बैंक पर राम दरबार की रहती है सीधी नजर**

**पुष्कर कुम्भ**

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

*गंगा के तट पर बसी भगवान भूतभावन की प्रिय नगरी काशी सिर्फ आध्यात्म और मोक्ष के लिए ही नहीं बल्कि त्रैलोक्य से भी न्यारी होने के लिए जानी जाती है। इस नगरी की गलियों में जीवन बसता है, गलियों में आश्रमों की लंबी श्रृखंला है। हर आश्रम के बनने के पीछे उसका एक रहस्य है। ऐसा ही एक आश्रम हैं केंदार खंड में आने वाले मानसरोवर क्षेत्र की गलियों में, नाम है रामतारक आंध्रा आश्रम, जहां दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अन्य क्षेत्रों के कई भक्त ना सिर्फ काशी वास के लिए यहां आते हैं बल्कि इस स्थान पर बने एक गुबंद रुपी राम नाम में अपने पुण्यों के लिए हस्त लिखित रामनाम जमा करते हैं।*

रामतारक आंध्रा आश्रम के प्रांगण में बना गुबंद सिर्फ ईंट व सीमेंट की कोई दीवार नहीं है बल्कि एक बैंक है, इस गुबंद के की नींव में भगवान राम मां जानकी व लक्ष्मण की जी प्रतिमा है। गुबंद का मुंह ऊपरी भाग में खोल दिया गया है जहां से कुछ वस्तुओं को उस गुबंद के अंदर डाली जा सके। इसी स्थान से कागज हस्त लिखित राम नाम को भक्तों की ओर से जमा किया जाता है। लगभग 60 से भी अधिक समय से इस बैंक में लोगों की ओर से राम नाम को जमा किया जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि मनुष्य के विषम परिस्थितियों में उनके द्वारा इस बैंक में जमा राम नाम उन्हें विषम परिस्थितियों से उबारता है। दक्षिण भारत से आने वाले भक्त या तो वह स्थान से या तो वह काशी वास के दौरान जितना भी लिख पाये राम नाम लिख इस बैंक में जमा कर पुण्य कमाते हैं।


आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुंदर शास्त्री

### पुष्कर कुंभ में आने वाले जमा करेंगे रामनाम

22 अप्रैल से तीन मई तक चलने वाले पुष्कर योग में आंध्र प्रदेश व तेलंगाना से आने वाले भक्त अपने साथ हस्त लिखित रामनाम जरुर लायेंगे, और इस बैंक में जमा करेंगे। इसके पूर्व वर्ष 2011 में गंगा तट पर पुष्कर कुंभ लगने के चलते 12 दिनों तक सात से आठ लाख लोग अपने पूर्वजों के तर्पण के लिए काशी में आये थे जो आंध्रा आश्रम सहित अन्य स्थानों पर रहकर काशी वास करते थे लेकिन अपने साथ लाये राम नाम को इसी बैंक में जमा करते थे। 12 साल बाद एक बार फिर लोगों के आने का क्रम शुरू हो रहा है इस बार करीब दस से 12 लाख लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। इतना ही हस्तलिखित राम नाम जमा करने का अनुमान भी राम तारक आंध्रा आश्रम की ओर से लगाया जा रहा है।

### राम दरबार की रहती है बैंक पर नजर

रामतारक आंध्रा आश्रम के प्रांगण में जिस स्थान पर इस रामनाम बैंक के गुबंद को बनाया गया है उसके ठीक सामने आश्रम का एक भव्य रामदबार का मंदिर है, रामदरबार में स्थापित भगवान राम,जानकी, लक्ष्मण को इस तरह से स्थापित किया है कि उनकी नजर मंदिर के बाहर बने रामनाम बैंक पर हमेशा रहती है। इस बैंक में राम नाम को जमा करने वाले भक्त को भगवान राम के दर्शन व इनकी इजाजत लेनी पड़ती है।

### साठ साल में अभी तक नहीं भरा

भगवान राम के प्रति समर्पित इस रामनाम बैंक में 1959 से राम के नाम को जमा किया जा रहा है। लेकिन आज तक इस बैंक को भरा नहीं जा सका लोगों की मानें तो यह आस्था ही है कि भगवान राम के नाम को कौन भर सकता है। 12 साल पूर्व लगे पुष्कर कुंभ में लाखों लोगों ने इस बैंक में राम नाम को जमा किया था एक बार फिर 12 साल बाद उससे अधिक राम नाम को जमा करने वाले आयेंगे।

### पुष्कर नक्षत्र में राम नाम जमा करने का महत्व

राम तारक आंध्रा आश्रम के ट्रस्टी वीवी सुन्दर शास्त्री बताते हैं कि पुष्कर कुंभ में अपने पितरों के तर्पण व दान पुण्य के लिए आने वाले आंध्र प्रदेश व तेलंगाना के लोग राम नाम भी अपने साथ ले आयेंगे, उन्हें भी इस बैंक में जमा करेंगे, वीवी सुन्दर शास्त्री बताते हैं कि वैसे तो वर्ष पर्यंत काशी में दक्षिण भारत से श्रद्धालुओं के आने का क्रम रहता है, और वर्ष भर राम नाम को इस बैंक में जमा किया जाता है लेकिन पुष्कर कुंभ के दौरान इस बैंक में राम नाम जमा करने का विशेष फल है।